

07:04:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 094 | epaper.rashtriyakhabar.com | वैशाख, कृष्णपक्ष प्रतिपदा, विक्रम संवत 2080

## चाणक्य नीति

जलबिन्दुनिपातेन क्रमशः पूर्यते घटः।
स हेतुः सर्वविद्यानां धर्मस्य च धनस्य च॥

भावार्थ : जैसे बूंद बूंद से घड़ा भर जाता है, उसी प्रकार निरंतर इकट्ठा करते रहने से धन, विद्या और धर्म की प्राप्ति होती है।

**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 34.00 °c | 21.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 18 .06 बजे

सूर्योदय (कल) ›› 05 .35 बजे

## सिक्किम हिमस्खलन में मृत सात पर्यटकों के शव बरामद

**गंगटोक :** सिक्किम के सोंगमू में मंगलवार को सड़क पर हुए हिमस्खलन में बह गये सात पर्यटकों के शव बरामद होने के बाद बुधवार को राहत और बचाव कार्य समाप्त कर दिया गया। जिला कलेक्टर टी. निखारे ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि हादसे के शिकार सात पर्यटकों के शव बरामद कर लिए गये है। उन्होंने कहा, बर्फ के नीचे दबे सात शवों में से चार संबंधित परिवारों को सौंप दिए गए हैं और तीन गुरुवार को सौंप दिये जाएंगे। उन्होंने बताया कि मंगलवार को हिमस्खलन में पर्यटकों के बह जाने की सूचना के तत्काल बाद बचाव एवं राहत कार्य शुरू किया गया था, जो बुधवार को समाप्त हो गया। उन्होंने बताया कि तिरंगा पर्वत बचाव दल, रडार विशेषज्ञों को भी संभावित रूप से फंसे व्यक्तियों का कोई निशान नहीं मिला ना ही कोई वाहन दबा हुआ मिला। जिला कलेक्टर ने बताया कि हादसा होने के बाद इसे रक्षा कर्मियों सहित विभिन्न अधिकारियों ने हिमस्खलन के रूप में वर्णित किया।

## 1052 श्रद्धालुओं का जत्था जाएगा पाकिस्तान

**अमृतसर :** खालसा स्थापना दिवस (वैशाखी) के अवसर पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा पाकिस्तान में गुरुधामों की यात्रा के लिए 1052 श्रद्धालुओं का जत्था भेजा जाएगा, जिसके लिए पाकिस्तान दूतावास ने वीजा जारी कर दिए हैं। एसजीपीसी के सचिव प्रताप सिंह ने गुरुवार को बताया कि यह जत्था नौ अप्रैल को शिरोमणि समिति कार्यालय से प्रस्थान करेगा, जो 18 अप्रैल को पाकिस्तान के विभिन्न गुरुधामों का भ्रमण कर स्वदेश लौटेगा। बैसाखी का मुख्य कार्यक्रम 14 अप्रैल को गुरुद्वारा श्री पंजा साहिब हसन अब्दल में होगा। शिरोमणि समिति ने 1161 तीर्थयात्रियों के पासपोर्ट दिल्ली में पाकिस्तान दूतावास को भेजे थे।

## होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन का आप को समर्थन

**जालंधर :** पंजाब होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन (सेवानिवृत्त) ने जालंधर लोकसभा सीट के उपचुनाव के लिए आम आदमी पार्टी आप को अपना समर्थन देने का एलान किया। मंडी बोर्ड के चेयरमैन हरचंद सिंह बरसट ने गुरुवार को कहा कि वह खुद हमेशा कर्मचारी संघों के साथ खड़े रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस से अपना पद भी इसलिए छोड़ा था, क्योंकि पार्टी के नेता कर्मचारियों और सेवानिवृत्त पेंशनरों के लिए कुछ भी करने को तैयार नहीं थे। इस मौके पर बरसट के साथ जालंधर इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष जगतार सिंह संघेड़ा और जालंधर इकाई के उपाध्यक्ष आईएस बंगा भी मौजूद थे। बरसट ने कहा कि आम आदमी पार्टी के लिए रोजगार सृजन, कर्मचारी और पेंशनभोगी प्राथमिकता है। मान सरकार लगातार रोजगार पैदा कर रही है और करीब 30 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी दे चुकी है। उन्होंने कहा, हमने अस्थायी कर्मचारियों की सेवाओं को नियमित किया और ओपीएस (पुरानी पेंशन योजना) को फिर से लागू करने का फैसला किया। उन्होंने होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों को आश्वासन दिया कि वह उनकी जायज मांगों का समर्थन करते हैं और सरकार के समक्ष उनकी बात उठाएंगे।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**अवसर** › भाजपा के 44 वें स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को संबोधन

# सामाजिक न्याय, भाजपा के लिए आस्था का विषय : मोदी

- हनुमान का उल्लेख कर पुरुषार्थ की बात कही
- कांग्रेस और अन्य पार्टियों की सोच ही छोटी है
- भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सरकार हमेशा कठोर रहेगी

**राष्ट्रीय खबर**

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बजरंग बली की तरह विशाल चुनौतियों से पार पाने में सक्षम है और कार्यकर्ताओं की भक्ति, समर्पण, शक्ति एवं राष्ट्र प्रथम के मंत्र के बल पर देश में नयी राजनीतिक संस्कृति का सूत्रपात करने में सफल हुई है। श्री मोदी ने यहां भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय में पार्टी के 44 वें स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय भाजपा के लिए राजनीतिक नारा नहीं बल्कि आस्था का विषय है। इससे पहले भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने पार्टी का झंडा उत्तोलन किया। श्री मोदी ने अपने संबोधन के आरंभ में पार्टी को इस मुकाम तक लाने वाले सभी पूर्व नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, आज हम सभी अपनी पार्टी का स्थापना दिवस मना रहे हैं। मां भारती की सेवा में समर्पित प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता को मैं बहुत-बहुत बधाई देता हूं। भाजपा की स्थापना से लेकर आज तक जिन महान विभूतियों ने पार्टी को सींचा है, पार्टी को संवारा है, सशक्त और समृद्ध किया है, छोटे से छोटे कार्यकर्ता से लेकर के वरिष्ठ पद पर रह कर देश और पार्टी की सेवा करने वाले सभी महानुभावों को मैं शीश झुका कर प्रणाम करता हूं। उन्होंने कहा, आज हम देश के कोने-कोने में भगवान हनुमान जी की जन्म जयंती मना रहे हैं। हनुमान जी का जीवन और उनके जीवन के प्रमुख प्रसंग आज भी हमें पुरषार्थ के लिए प्रेरित करते हैं। भारत की विकास यात्रा के लिए प्रेरणा देते हैं। हनुमान जी के पास असीम शक्ति है लेकिन इस शक्ति का इस्तेमाल वो तभी कर पाते हैं जब स्वयं पर से उनका संदेह समाप्त हो जाता है।

श्री मोदी ने कहा कि सामाजिक न्याय के नाम पर कई राजनीतिक दलों ने देश के साथ खिलवाड़ किया है। उन्होंने अपने परिवारों का कल्याण सुनिश्चित किया, लोगों का नहीं। दूसरी ओर, भाजपा के लिए सामाजिक न्याय कोई राजनीतिक नारा नहीं, बल्कि एक आस्था का अनुच्छेद रहा है।

उन्होंने कहा कि

›› पेज 2 भी देखें



**आज भारत बजरंगबली जी की तरह अपने भीतर सूक्ष्म शक्तियों का आभास कर चुका है : नरेंद्र मोदी**

प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 से पहले भारत की भी यही स्थिति थी लेकिन आज भारत बजरंगबली जी की तरह अपने भीतर सूक्ष्म शक्तियों का आभास कर चुका है। आज भारत समंदर जैसी विशाल चुनौतियों को पार करने और उनका मुकाबला करने में पहले से ज्यादा सक्षम है। भाजपा इसी से प्रेरणा लेती है। उन्होंने कहा कि जब हनुमान जी को राक्षसों का सामना करना पड़ा था तो वो उतने ही कठोर भी हो गए थे। इसी प्रकार से जब भ्रष्टाचार की बात आती है, जब परिवारवाद की बात आती है, कानून व्यवस्था की बात आती है तो भाजपा उतनी ही संकल्पबद्ध हो जाती है। मां भारती को इन बुराइयों से मुक्ति दिलाने के लिए कठोर होना पड़े तो कठोर हों।

भाजपा विरोधी खेमा का चुनावी माहौल अब बदला नजर आता है

## सोनिया गांधी के साथ टीएमसी सांसद की गुप्त बैठक



**राष्ट्रीय खबर**

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव का समय यानी वर्ष आने वाला है। इसलिए यह तय करने का समय कम होता जा रहा है कि अकेले चलना है या साथियों के साथ। तृणमूल खेमे ने साफ कर दिया था कि वह कांग्रेस सहित दूसरे दलों से दूरी बनाकर चुनाव लड़ेगी। पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी के इस एलान के बाद भी पार्टी के सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने सोनिया गांधी से मुलाकात की है। इस बैठक के बारे में औपचारिक तौर पर कुछ नहीं बताया गया है। सिर्फ यह पता चल रहा है कि इसी हफ्ते यह बैठक श्रीमती गांधी के आवास पर ही हुई है। एक तरफ जहां तृणमूल के अखिल भारतीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने दिल्ली का दौरा किया और उनके तेवर से कृषि मंत्री गिरिराज सिंह गायब हो गये। दूसरी तरफ डेरेक ओ ब्रायन ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी से मुलाकात की। सोनिया के 10 जनपथ स्थित आवास पर हुई यह बैठक करीब 40 मिनट तक चर्चा चली। हालांकि बैठक को लेकर कोई भी पक्ष मुंह नहीं खोल रहा है।

दिल्ली में हाल ही में कई बार देखा गया है कि तृणमूल ने कांग्रेस के आह्वान का जवाब नहीं दिया। हालांकि अन्य विपक्षी दलों ने उनके निमंत्रण का जवाब दिया है, लेकिन तृणमूल कांग्रेस के प्रतिनिधियों की अनुपस्थिति बार-बार सुस्पष्ट रही है। हालांकि, बुधवार अपवाद रहा। राज्यसभा सांसद और नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के कक्ष में हुई बैठक में कई विपक्षी नेता मौजूद थे। संसद के सत्र में उनकी स्थिति क्या होगी, इस पर चर्चा चल रही है। कांग्रेस द्वारा बुलाई गई बैठक में डीएमके, समाजवादी पार्टी, शिवसेना (उद्धव

›› पेज 2 भी देखें

बजट सत्र के दूसरे चरण के अंतिम दिन गांधी मूर्ति के सामने प्रदर्शन

# संसद परिसर में विपक्षी दलों का तिरंगा मार्च

- अडाणी पर बोलने तक से डर रही है सरकार
- सरकार ने ही सदन को चलने नहीं दिया
- अध्यक्ष की चाय पार्टी का वहिष्कार

**राष्ट्रीय खबर**

**नयी दिल्ली:** बजट सत्र के दूसरे चरण के आखिरी दिन गुरुवार को कांग्रेस तथा विपक्ष के कई दलों ने यहां संसद भवन परिसर से तिरंगा मार्च निकाला और कहा कि यह उनकी लोकतंत्र को बचाने और बोलने का अधिकार बरकरार रखने की लड़ाई है। तिरंगा मार्च लोकसभा के अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के बाद यहां संसद भवन परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति के सामने से निकाला गया, जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी तथा विपक्षी दलों के सांसदों ने भाग लिया। मार्च में हिस्सा लेने वाले सभी सदस्य हाथों में तिरंगा लेकर यात्रा में शामिल हुए। श्री खड़गे ने मार्च के दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि अडाणी महाघोटाले पर मोदी सरकार डरी हुई है, इसलिए वह संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का गठन नहीं करना चाहती है। कांग्रेस तथा विपक्ष के संसद सदस्य इसी मांग को लेकर संसद भवन से विजय चौक तक तिरंगा मार्च निकाल रहे हैं। उन्होंने कहा, लोकतंत्र में लोकतांत्रिक तरीके से लड़ना हमारा अधिकार है। अगर सरकार यह नहीं मानती तो वह हठधर्मी है। अगर आप लोकतंत्र को जिंदा रखना चाहते हैं, तो विपक्ष की बात भी सुननी चाहिए। मोदी सरकार अडाणी महाघोटाले पर पूछे जाने वाले सवालों से डरी हुई है, इसलिए इस घोटाले की जांच के लिए जेपीसी का गठन नहीं करना चाहती है। कांग्रेस नेता ने कहा कि वह जानना चाहते हैं कि अडाणी किन देशों के प्रधानमंत्रियों, उद्योगपतियों से मिले हैं। उन्हें सरकार की मदद से कौन से ऑर्डर मिले हैं। इस मुद्दे पर विपक्षी दल चाहते हैं कि सरकार जेपीसी का गठन करे लेकिन सरकार इसके गठन से डर रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने घोटाले पर सरकार से सवाल किया लेकिन सरकार मुद्दे से ध्यान भटकाने में लगी है। उन्होंने कहा मोदी सरकार सिर्फ लोकतंत्र की बातें करती है लेकिन जो

›› पेज 2 भी





लोस में बजट सत्र में आठ सरकारी विधेयक दोबारा लाये गये

### लगातार हंगामा के बीच छह विधेयक पारित

**नयी दिल्ली :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि सत्रहवीं लोक सभा के ग्यारहवें सत्र के दौरान आठ सरकारी विधेयक पुर्नस्थापित किए गए तथा छह विधेयक पारित किए गए। श्री बिरला ने गुरुवार को कहा, अब हम सत्रहवीं लोकसभा के ग्यारहवें सत्र की समाप्ति की ओर आ गए हैं, जो 31 जनवरी, 2023 को आरंभ हुआ था। इस सत्र के दौरान, हमनें 25 बैठकें कीं, जो लगभग 45 घंटे 55 मिनट तक चलीं। वैसे इस दौरान अडाणी मुद्दे पर जेपीसी के गठन की मांग पर विपक्ष का हंगामा जारी रहा और सही तरीके से सदन में काम काज नहीं हो सका।दूसरी तरफ सत्ता पक्ष तथा विपक्ष में बने गतिरोध के बीच ही आज संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण के अंतिम दिन राज्यसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गयी। पूरे सत्र के दौरान एक दिन भी कार्यवाही सुचारू ढंग से नहीं चली जिससे दूसरा चरण पूरी तरह हंगामे की भेंट चढ गया। गुरूवार को सुबह के स्थगन के बाद जैसे ही दो बजे सदन की कार्यवाही शुरू हुई द्रमुक के तिरूचि शिवा ने नेता विपक्ष के व्यवस्था के प्रश्न पर आसन की दो दिन पहले दिये गये निर्णय पर व्यवस्था का प्रश्न उठाना चाहा। सभापति ने पहले कहा कि सदस्य उनके निर्णय पर व्यवस्था का सवाल नहीं उठा सकते। इस पर विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी शुरू कर दी।

दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम की तरफ से अदालत को दी गयी दलील

# अब तक कोई सबूत नहीं पेश कर पायी एजेंसियां

- ईडी की दलीलों को सुनने के लिए 12 को सुनवाई
- सिसोदिया ने कहा कहीं कोई नुकसान नहीं हुआ
- जांच एजेंसियां अब तक पैसा नहीं खोज पायी

**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्ली:** दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की तरफ से अदालत में यह दलील दी गयी है कि नई आबकारी नीति से सरकारी खजाने को कोई नुकसान नहीं हुआ और राजस्व भी बढ़ा। इस मामले में सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 17 अप्रैल तक बढ़ा दी गई थी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अपनी दलीलें पूरी करने में असमर्थ होने के कारण, विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल 12 अप्रैल को जमानत अर्जी पर सुनवाई जारी रखेंगे। सिसोदिया की ओर से पेश अधिवक्ता विवेक जैन ने अदालत को बताया कि पीएमएलए (मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम) के तहत कोई अपराध हमारे खिलाफ नहीं बनता है। जैन ने

›› पेज 2 भी देखें



### शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के निधन के बाद राज्य सरकार ने दो दिवसीय राजकीय शोक की घोषणा की



**रांची :** झारखंड में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री जगन्नाथ महतो के निधन के बाद राज्य सरकार ने दो दिवसीय राजकीय शोक की घोषणा की है। साथ ही गुरुवार को सभी सरकारी कार्यालय बंद करने का निर्देश दिया हैं। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने आज अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना में कहा गया है कि राज्य में छह और सात अप्रैल को दो दिवसीय राजकीय शोक मनाने का निर्णय लिया गया है।

महिला आर्किटेक्ट की टीम को वैश्विक स्तर पर सराहा गया

# पीड़ितों के लिए वरदान है यह घर



**राष्ट्रीय खबर**

**ढाका:** बांग्लादेश दुनिया के उन चंद देशों में शामिल हैं, जो भीषण तौर पर प्राकृतिक आपदाएं झेलता है। इन प्राकृतिक आपदाओं में बाढ़ का सबसे अधिक असर होता है। नदी के बीच बने डेल्टा क्षेत्र में बसने वाली आबादी को हर साल इसे झेलना पड़ता है। इस समस्या से मुक्त दिलाने का एक नया प्रयास सामने आया है। यह एक ऐसी डिजाइन है जो दो मंजिला है और किसी पेड़ के जैसी नजर आती है। इसमें एक छत है और धुरी वाले पैरों पर यह छोटा से घर काफी ऊंचाई पर होने की वजह से लोगों को बाढ़ से बचा सकता है। इसे बनाया है मरीना तबस्सुम की टीम ने उन्होंने कहा हर साल बहुत से लोग अपनी जमीन खो देते हैं। बहुत सारे शहर पानी में बह गए हैं। इसी परेशानी ने उन्हें अपने देश के लिए नया कुछ करने को प्रेरित किया। अब उनकी इस डिजाइन को वैश्विक स्तर पर पुरस्कार मिला है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की बाढ़ की तमाम चुनौतियों को जानते समझते हुए ही इस डिजाइन को तैयार किया गया है। यह

›› पेज 2 भी देखें

**अनुसंधान** › जर्मनी के शोध दल ने जैविक तौर पर मानव हृदय का लघु रुप बनाया

# अब दिल के ईलाज में इसका बेहतर लाभ होगा

- खून पंप नहीं करता लेकिन धड़कता है
- इस विधि से जैविक हृदय बनाना संभव
- विकसित कर दिल की बीमारियों को समझेंगे

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** एक सामान्य किस्म की थाली जैसे बरतन में ऐसा लघु हृदय विकसित किया गया है, जिसका आचरण बिल्कुल इंसानी दिल के जैसा ही है। इस उपलब्ध से माना जा रहा है कि भविष्य में इंसानी दिल के जैसा ही जैविक अंग विकसित किया जा सकेगा। उसके पहले इस विधि से इंसानी दिल की नकल बनाकर चिकित्सा वैज्ञानिक दिल की बीमारियों के ईलाज में और बेहतर तरीके भी खोज लेना चाहते हैं। म्यूनिख के टाकनीकी विश्वविद्यालय (टीयूएम) की एक टीम ने मानव हृदय के विकास का अनुकरण करने के लिए स्टेम सेल को प्रेरित किया है। परिणाम एक प्रकार का मिनी-हार्ट है जिसे ऑर्गेनॉइड के रूप में जाना जाता है। यह हमारे हृदय के प्रारंभिक विकास चरण के अध्ययन की अनुमति देगा और रोगों पर अनुसंधान की

›› पेज 2 भी देखें



**अध्ययन शोध प्रबंध के प्रथम लेखर डॉ अन्ना मायर के अनुसार**

यह समझने के लिए कि हृदय कैसे बनता है, एपिकार्डियम कोशिकाएं निर्णायक होती हैं। हृदय में अन्य कोशिका प्रकार, उदाहरण के लिए ऊतकों और रक्त वाहिकाओं को जोड़ने में, इन कोशिकाओं से बनते हैं। एपिकार्डियम भी हृदय कक्षों को बनाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। टीम ने नए ऑगेनीइड्स को एपिकार्डियोइड्स नाम दिया है। ऑगेनीइड्स के उत्पादन की विधि के साथ, टीम ने अपनी पहली नई खोजों की सूचना दी है। व्यक्तिगत कोशिकाओं के विश्लेषण के माध्यम से उन्होंने यह निर्धारित किया है कि हाल ही में चूहों में खोजी गई एक प्रकार की अग्रगामी कोशिकाएं ऑर्गेनॉइड के विकास के सातवें दिन के आसपास बनती हैं। इन्हीं कोशिकाओं से एपिकार्डियम का निर्माण होता है। प्रो मोरेटी कहते हैं कि हम मानते हैं कि ये कोशिकाएं मानव शरीर में भी मौजूद हैं – यदि केवल कुछ दिनों के लिए। ये अंतर्दृष्टि इस बात का सुराग भी दे सकती हैं कि भ्रूण का दिल खुद की मरम्मत क्यों कर सकता है, एक वयस्क मानव के दिल में लगभग पूरी तरह से अनुपस्थित क्षमता। यह ज्ञान दिल के दौरे और अन्य स्थितियों के लिए नई उपचार विधियों को खोजने में मदद कर सकता है। टीम ने यह भी दिखाया कि व्यक्तिगत रोगियों की बीमारियों की जांच के लिए ऑर्गेनॉइड का उपयोग किया जा सकता है। एक मरीज से प्लुरिपोटेंट स्टेम सेल का उपयोग करते हुए, शोधकताओं ने पेट्री डिश में स्थिति की विशेषताओं का अनुकरण करने वाले ऑर्गेनॉइड का उत्पादन किया। आने वाले महीनों में टीम अन्य जन्मजात हृदय दोषों की जांच के लिए तुलनीय व्यक्तिगत ऑर्गेनॉइड का उपयोग करने की योजना बना रही है।

राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र राजनीति

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## जगरनाथ महतो के निधन पर शोक संदेश

### शिक्षा मंत्री के निधन से मैं स्तब्ध हूं : चंद्रप्रकाश चौधरी



रांची: सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर दु:ख जताया है। उन्होंने कहा कि वे जगरनाथ महतो के निधन से स्तब्ध हैं। कहा, इलाज के क्रम में चेन्नई जाकर भी उनका हाल-चाल लिया था। हमें यह सहसा यकीन नहीं हो रहा है कि जगरनाथ महतो हमें छोड़कर दुनिया से चले गए हैं। उन्होंने कहा कि जगरनाथ महतो के निधन से झारखंड को बड़ी क्षति हुई है। उनकी कमी सदैव हमें खलेगी। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और दुख की घड़ी में शोकाकुल परिजनों को ताकत दें।

### जनमानस से जुड़े जुझारू नेता थे जगरनाथ : सुनीता



रांची :विधायक सुनीता चौधरी ने राज्य के स्कूली साक्षरता एवं उत्पाद व मध निषेध मंत्री जगरनाथ महतो के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। अपने शोक संदेश में कहा कि जगरनाथ महतो झारखंड आंदोलनकारी थे। एक जुझारू नेता होने के साथ वे आम जनमानस से जुड़े रहते थे।

### मैं और मेरा परिवार बेहद दुखी हुआ : आलमगीर



रांची :संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि उनके निधन से राज्य को अपूरणीय क्षति हुई है वह हमारे मित्र थे। आज सुबह जैसे ही उनके निधन का समाचार मिला, मुझे और मेरा परिवार बेहद ही दुखी हुआ। हम उनके आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं और शोक की इस घड़ी में परिवार को उपरवाले संबल प्रदान करें इसकी कामना करते हैं।

### कम समय में शिक्षा के क्षेत्र में किया बहुत काम : सुबोधकांत



रांची :शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनका निधन झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने एक आंदोलनकारी के रूप में झारखंड आंदोलन में संघर्ष किया तो शिक्षा मंत्री के रूप में बहुत कम समय में सरकारी स्कूलों और शिक्षा के स्तर पर सुधार के लिए कई अहम कार्य किये। उनके द्वारा किये गये कार्य का परिणाम है कि आज राज्य में सरकारी शिक्षा के क्षेत्र में बढ़े बदलाव नजर आ रहे है।

### सरल स्वाभाव लोगों को आकर्षित करता था : अविनाश



रांची :झारखंड कांग्रेस प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी की ओर से जगरनाथ महतो के निधन पर संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि उनका सरल स्वभाव ही लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता था। मैं खुद भी उनसे काफी प्रभावित रहा।

### शिक्षा में सुधार के लिए किये बहुत काम : राजेश ठाकुर



रांची :प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने उनके निधन पर दुख प्रकट करते हुए इसे अपूर्णिय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि वे गरीबों को मदद करने के लिए लगातार प्रयास करते रहते थे। झारखंड की शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने के लिए उन्होंने लगातार काम किए। उन्हीं के किए गए कामों का नतीजा है कि आज झारखंड में शिक्षा के स्तर में सुधार आया है।

### राज्य ने एक लोकप्रिय नेता खो दिया : बादल पत्रलेख



रांची :कृषि मंत्री विधायक बदल पत्रलेख ने कहा कि जगरनाथ महतो के निधन के समाचार से मैं आहत हुआ कहा कि उनके निधन से झारखंड ने एक जुझारू, कर्मठ, संघर्षशील और लोकप्रिय नेता खो दिया। शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जायेगा।

### टाइगर के निधन की खबर ने झकझोर दिया : दीपक



रांची :शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा है कि जैसे ही उनके निधन की खबर हमें मिली, मुझे झकझोर कर रख दिया। वह मेरे अच्छे मित्रों में से एक थे। राजनीतिक दूरी होते हुए भी जगरनाथ महतो के साथ मेरा मित्रवत संबंध था। हम उनके निधन पर मर्माहत हैं। झारखंड ने टाइगर के नाम से मशहूर एक राजनेता को खो दिया है।

### मैंने फिर अपना अभिभावक खो दिया : कुमार जयमंगल



रांची: बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि हमारे टाइगर जगरनाथ दा के असमय चले जाने से राज्य ने अपना एक जुझारू, कर्मठ और जनप्रिय नेता खो दिया। अनूप सिंह ने कहा कि पिता स्व. राजेंद्र प्रसाद सिंह के स्वर्गवासी होने के बाद वे जगरनाथ महतो को ही अपना अभिभावक मानते थे और उनकी सलाह से चलते थे। उनके जाने से मैंने अपना अभिभावक खो दिया।

### जगरनाथ का जाना दुखदायी : बाबूलाल



रांची: भाजपा विधायक बाबूलाल मरांडी ने भी जगरनाथ महतो के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के मंत्री जगरनाथ महतो जी के चेन्नई के अस्पताल में निधन की बेहद दु:खद सूचना मिली है। लंबे समय से बीमारी को हराते हुए योद्धा की भांति डंटे रहने वाले जगरनाथ जी का चले जाना पूरे झारखंड के लिए अत्यंत दुखदायी है। राजनैतिक भिन्नताओं के बावजूद व्यक्तिगत रूप से उनकी जीवटता का मैं सदैव प्रशंसक रहा हूं। ईश्वर उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें।

### मंत्री बन्ना गुप्ता ने दी श्रद्धांजलि

रांची: झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने जगरनाथ महतो के निधन शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ट्वीट में लिखा कि आज हम सभी ने अपना अभिभावक, झारखंड ने एक आंदोलनकारी और राज्य की जनता ने एक लोकप्रिय नेता खो दिया। उन्होंने एक अभिभावक के रूप में हमेशा मुझे मार्गदर्शन दिया।

---

**शोकसंदेश** सीएम हेमंत सोरेने ने उनकी याद में एक शोक नोट लिखा

# नियति को भी टाइगर होने का एहसास कराया: हेमंत

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का चेन्नई में इलाज के दौरान गुरुवार सुबह निधन हो गया। जगरनाथ महतो डुमरी विधानसभा से विधायक थे। गौरतलब है कि बीते 14 मार्च को मंत्री जगरनाथ महतो की तबीयत बिगड़ गयी थी। जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए रांची के पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बाद में उन्हें चेन्नई रेफर कर दिया गया था। शिक्षा मंत्री को एयरलिफ्ट कर चेन्नई ले जाया गया था। उनके निधन से जेएमएम में शोक की लहर है। सीएम हेमंत सोरेने ने उनकी याद में एक शोक नोट लिखा है। जिसमें उन्हें अपना बड़ा भाई और अभिभावक बताया है। सीएम ने अपने श्रद्धांजलि संदेश मे आगे काहा कि राजनीतिक योद्धा और संघर्ष के प्रतीक जगरनाथ दा के निधन की खबर मिली तो मैं निः शब्द होने के साथ मर्माहत हो उठा। जगरनाथ दा इस सरकार में मंत्री के साथ साथ मेरे बड़े भाई और एक ऐसे अभिभावक की भूमिका में थे जो गलतियां होने पर डांट भी लगा देते थे और कभी पीठ भी थपथपा देते थे। टाइगर के नाम से मशहूर जगरनाथ दा ने अपने संघर्ष, कर्तव्य निष्ठा, सादगी, और विचारों की स्पष्टता के कारण अपनी खास और अलग पहचान बनाई।निर्धारित लक्ष्य हर हाल में हासिल करने की उनकी जिद से मैने बहुत कुछ सीखा। कई बार विषम परिस्थितियों में उनके सलाह,विचार और हौसला आफजायी ने हिम्मत दी और लड़ने का जज्बा दिया।जगरनाथ दा को यूं ही टाइगर नहीं कहा जाता था। कोरोना काल में गंभीर रूप से ग्रसित होने के बावजूद उन्होंने नियति से लंबी लड़ाई लड़ी और जीत कर अपने टाइगर होने को चरितार्थ कर दिखाया। आखिरकार हुआ वही, जो नियति को मंजूर था।
सीएम ने श्रद्धांजलि संदेश मे आगे कहा कि अपने बड़े भाई दुर्गा सोरेन जी के निधन के वक्त जिस शून्यता का एहसास हुआ था उसी शून्यता का एहसास आज हो रहा है। ईश्वर अपने श्री चरणों में दिवंगत आत्मा को स्थान दें और उनके परिवार और समर्थकों को इस दुःख में खुद को संभालने का साहस और सामर्थ्य दे यही प्रार्थना है।

### नरेंद्र मोदी से मिले राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन

रांची: राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नयी दिल्ली में भेंट कर राज्य के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर व्यापक चर्चा की। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री को राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पेयजल, आवास इत्यादि योजनाओं की स्थिति से अवगत कराया। इस अवसर पर राज्य में वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों में विकासात्मक गतिविधियों एवं सुरक्षा के सन्दर्भ में भी जानकारी प्रदान की। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री को राज्य में उच्च शिक्षा के विकास के लिये निर्मित रोडमैप से अवगत कराया। साथ ही राज्य के हवाई और रेल नेटवर्क/कनेक्टिविटी के विस्तार पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री ने राज्य के समग्र विकास के लिये सभी आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिये आश्वस्त किया।

झारखंड विधानसभा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

# जगरनाथ महतो एक अपराजेय योद्धा थे: रविंद्र नाथ महतो



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** जगरनाथ महतो के निधन पर झारखंड विधानसभा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो, प्रभारी सचिव डॉ जावेद हैदर ,विधायक नलिन सोरेन और विनोद सिंह के अलावा विधानसभा के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।जगन्नाथ महतो को याद करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा की वे झारखंड आंदोलन में उनके सहयोगी ही नहीं बल्कि अभिन्न मित्र भी थे। उनका चले जाना राज्य के लिए एक अपूरणीय क्षति है। राज्य गठन के लिए आंदोलन और राज्य निर्माण के बाद विकास में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।जगरनाथ महतो को एक अपराजेय योद्धा बताते हुए स्पीकर ने कहा कि 2005 से वह लगातार डुमरी विधानसभा का प्रतिनिधित्व करते रहे और कोरोना संक्रमण के बाद फेफड़ों का प्रत्यारोपण होने के बाद भी जिस जुनून के साथ उन्होंने समाज सेवा की ऐसे उदाहरण बिरले ही देखने को मिलते हैं। इस मौके पर 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी गई।

### कार्यकताओं ने अपने घरों में लगाया पार्टी का झंडा

रांची: देशभर में भाजपा का 44वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। पार्टी मुख्यालय, प्रदेश, जिला और मंडल कार्यालयों में भाजपा का झंडा फहराया गया। प्रदेश के 29 बूथों में निवास करने वाले भाजपा कार्यकताओं ने अपने घरों में भी पार्टी का झंडा लगाया और पीएम नरेंद्र मोदी और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा का संबोधन सुना। रांची के हरमू स्थित प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश और संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने पार्टी का झंडा फहराया और पार्टी नेताओं-कार्यकताओं के साथ पीएम और राष्ट्रीय अध्यक्ष का संबोधन सुना। इस मौके पर दीपक प्रकाश ने पार्टी के कार्यकताओं और समर्थकों को पार्टी की 44वीं वर्षगांठ की बधाई और शुभकामनाएं दी। कहा कि 6 अप्रैल 1980 को स्थापित भारतीय जनता पार्टी ने संघर्ष और सेवा के माध्यम से सफलता के 43 वर्ष पूरे किए।

# 7 अप्रैल की सुबह रांची लाया जाएगा पार्थिव शरीर

**पैतृक गांव में होगा अंतिम संस्कार**

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का पार्थिव शरीर शुक्रवार की सुबह सात बजे विशेष विमान से चेन्नई से रांची लाया जाएगा। एयरपोर्ट से उनके पार्थिव शरीर को विधानसभा ले जाया जाएगा, जहां उन्हें श्रधांजलि दी जायेगी। इसके बाद उनके पार्थिव शरीर को झामुमो कार्यालय हरमू ले जाया जाएगा। झामुमो कार्यालय से उनके पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गाँव अलारगो ले जाया जाएगा, जहाँ अंतिम संस्कार होगा। अलारगो से भंडारीदह के दामोदर घाट तक शव यात्रा निकाली जाएगी। स्व। जगरनाथ महतो के अंतिम संस्कार में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री आलमगीर आलम, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, चम्पई सोरेन, मिथलेश ठाकुर, रामेश्वर उरांव, सत्यानन्द भोक्ता समेत कई विधायक और महागठबंधन के कार्यकर्ता शामिल होंगे।

### जगरनाथ महतो के निधन पर भाकपा ने जताया शोक

**रांची:** सीपीआईएम राज्य सचिव मंडल सदस्यों ने झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उनके निधन से राज्य के लोकतांत्रिक आंदोलन को भारी क्षति हुई है। सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि महतो एक सरल और मिलनसार व्यक्तित्व के राजनेता थे। माकपा का राज्य सचिवमंडल उनके शोक संतप्त परिवार और उनकी पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा को अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता है।भारतीय भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि महतो की मृत्यु से राज्य के लोकतांत्रिक आंदोलन को भारी क्षति हुई है। वे एक कर्मठ, सरल और मिलनसार व्यक्तित्व के राजनेता और कुशल प्रशासक थे। पार्टी की ओर से उनके शोक संतप्त परिवार और उनकी पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा को अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि जगन्नाथ महतो की कमी झारखंड को हमेशा खलेगी।

भाजपा ने मनाया 44वां स्थापना वर्ष, दीपक प्रकाश ने कहा

# नेशन फर्स्ट पार्टी की प्राथमिकता

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:**प्रदेश भाजपा ने पार्टी का 44वां स्थापना दिवस गुरुवार को मनाया। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने पार्टी का ध्वज फहराया। महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण किया। इसके प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष का संबोधन बूथ स्तर तक के हजारों कार्यकताओं तक ने सुना। इसके बाद दीपक प्रकाश ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि 6 अप्रैल 1980 को स्थापित भारतीय जनता पार्टी ने संघर्ष और सेवा के माध्यम से सफलता के 43 वर्ष पूरे किये। पार्टी कार्यकताओं के परिश्रम की पराकाष्ठा से आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनने में सफलता मिली है। नेशन फर्स्ट हमारी प्रतिबद्धताओं के मूल में है। शीर्ष नेतृत्व के मार्गदर्शन में पार्टी कार्यकर्ता सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, अंत्योदय के साथ भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों को विश्व मंच पर प्रतिष्ठित करने के लिए संकल्पित हैं।कर्मवीर सिंह ने पार्टी कार्यकताओं को बधाई देते कहा कि भाजपा परिवारवाद, वंशवाद, क्षेत्रवाद से ऊपर उठ कर राष्ट्र के लिए समर्पित है। इसलिए दिन प्रतिदिन जनता में पार्टी की स्वीकृति बढ़ रही। जनता को भाजपा की नीतियों, कार्यक्रमों और नेतृत्व पर पूरा भरोसा है। नेता विधायक दल एवं पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने गोंदा मंडल के कार्यकताओं के साथ स्थापना दिवस मनाया। पार्टी कार्यकताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भाजपा ने अपनी नीतियों कार्यक्रमों के आधार पर विश्वस्तरीय पहचान बनायी है। पार्टी के करोड़ों कार्यकर्ता विचारधारा के लिए तन, मन, धन से समर्पित हैं।

---

## न्यूज फटाफट

### 8अप्रैल की बंदी को एतिहासिक सफल बनाने के काम में लगे

रांची: सरना झन्डा को उखाड़ कर फेंकने एंव जलाने के मामले को झाारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय मुख्य संयोजक विधायक लोबिन हेंब्रम एंव संयोजक विजय शंकर नायक ने गंभीरता से लिया है तथा रांची बंद का समर्थन किया है ।उपरोक्त बातें आज झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने कहीं । इन्होंने यह भी कहा की समस्त आदिवासी मूलवासी संगठनों से अपील किया है कि वे 8 की बंदी को इतिहासिक सफल बनाने के काम में लगे ताकि वैसे ताकत जिन्होंने सरना झंडा को उखाड़ कर फेंकने एंव जलाने का काम किया वैसे लोगों को पता चल सके कि आदिवासी समाज इस घटना के दोषियों को जब तक गिरफ्तारी नहीं की जाती है तब तक सड़क पर संघर्ष किया जाएगा ।

## पेज एक का शेष

### सामाजिक न्याय, भाजपा .. .. ..

भाजपा सामाजिक न्याय को जीती है।इसकी भावना का अक्षरशः पालन करती है। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिलना सामाजिक न्याय का प्रतिबिंब है। 50 करोड़ गरीबों को बिना भेदभाव 5 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा मिलना सामाजिक न्याय की सशक्त अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि 45 करोड़ गरीबों के बिना भेदभाव जनधन खाते खोलना सामाजिक न्याय के समावेशी एजेंडे का जीता जगता उदहारण है। 11 करोड़ लोगों को शौचालय मिलना ही तो सामाजिक न्याय है। बिना तुष्टिकरण और भेदभाव किए भाजपा सामाजिक न्याय के इरादों को सच्चे अर्थों में साकार करने वाला एक पर्याय बन कर उभरी है। श्री मोदी ने कहा, मुझे दृढ़ विश्वास है कि हमारे कार्यकर्ताओं की भक्ति, समर्पण और शक्ति और राष्ट्र प्रथम का हमारा मंत्र हमें प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसकी जैसी पार्टियों की संस्कृति है छोटा सोचना और उस से भी कम हासिल कर के खुशियां मानना। ये एक-दूसरे की पीठ थपथपा कर खुश हैं, जबकि भाजपा की राजनीतिक संस्कृति है बड़े सपने देखना और उस से भी ज्यादा हासिल करने के लिए जी-जान से जुट जाना।

### सोनिया गांधी के साथ .. ..

बाल ठाकरे), आम आदमी पार्टी, जेडीयू, माकपा, भाकपा, राजद और झामुमो के अलावा आरएसपी के साथ साथ तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने भाग लिया।लोकसभा चुनाव से पहले राजनीतिक समीकरण को लेकर एक बार फिर कयास तेज हो गए हैं। बंगाल में कुश्ती और दिल्ली में दोस्ती का राज अब तक स्पष्ट नहीं हो रहा है।

### संसद परिसर में विपक्षी .. ..

कहती है वह करती नहीं है। सरकार ने 50 लाख करोड़ का बजट सिर्फ 12 मिनट में पास कर दिया और कहती रही कि विपक्ष हंगामा कर रहा है। ऐसा पहली बार हुआ, जब संसद को सरकार ने नहीं चलने दिया। कांग्रेस नेता के सी वेणुगोपाल ने कहा कि सरकार खुद ही संसद नहीं चलने देना चाहती है। सवाल है कि वह अडाणी घोटाले पर चर्चा कराने से क्यों डर रही है। इस बीच यह भी जानकारी मिली है कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सत्र की समाप्ति के बाद आज शाम चाय पार्टी का आयोजन किया है लेकिन इस चाय पार्टी में कांग्रेस सहित 13 विपक्षी दलों के नेता शामिल नहीं हो रहे हैं।

### अब तक कोई सबूत .. ..

अदालत से कहा कि एजेंसी को अपराध का पता लगाना है और यह देखना है कि सिसोदिया इससे जुड़े थे या नहीं। अपराध की आय को छुपाने, पेश करने या प्राप्त करने का कोई सबूत नहीं है। जहां तक पीएमएलए एक्ट की धारा 3 (मनी लॉन्ड्रिंग का अपराध) का संबंध है, आरोपी के खिलाफ कुछ भी आरोप नहीं लगाया गया है। वकील जैन ने अदालत से कहा कि इस नीति से प्राप्त राजस्व अन्य सभी लगभग दस वर्षों में सबसे अधिक था। पहले, लाइसेंस शुल्क 5 लाख रुपये था। लाइसेंस फीस में 5 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी की गई है। जैन ने अदालत से कहा, अदालत में गवाहों के किसी भी बयान की सत्यता का अंतिम परीक्षण जिरह में होता है।
ईडी की ओर से पेश अधिवक्ता जोहेब हुसैन ने अदालत को बताया कि शराब निमार्ताओं को दिए जाने वाले लाभों के लिए पैसा दिये जाने का गठबंधन के संकेत मिले हैं। साउथ ग्रुप ने आम आदमी पार्टी (आप) को 100 करोड़ रुपये की रिश्वत दी थी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अपनी दलीलें पूरी करने में असमर्थ होने के कारण, विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल 12 अप्रैल को जमानत अर्जी पर सुनवाई जारी रखेंगे।

### अब दिल के ईलाज में .. .. ..

सुविधा प्रदान करेगा। गभार्धान के लगभग तीन सप्ताह बाद मानव हृदय बनना शुरू होता है। यह हृदय के विकास के शुरूआती चरण को ऐसे समय में रखता है जब महिलाएं अक्सर अपनी गर्भावस्था से अनजान होती हैं। यही एक कारण है कि क्यों हमें अभी भी बहुत कम जानकारी है कि हृदय कैसे बनता है। जानवरों के अध्ययन से निष्कर्ष मनुष्यों के लिए पूरी तरह से हस्तांतरणीय नहीं हैं। टीयूएम में विकसित एक ऑर्गेनॉइड शोधकताओं के लिए मददगार साबित हो सकता है। हृदय रोग चिकित्सा के प्रोफेसर एलेसेंड्रा मोरेटी के साथ काम करने वाली टीम ने प्लुरिपोटेंट स्टेम सेल का उपयोग कर इस मिनी-हार्ट को बनाने के लिए एक विधि विकसित की है। इसमें लगभग 35,000 कोशिकाओं को गोले में घुमाया जाता है। कई हफ्तों की अवधि में, एक निश्चित प्रोटोकॉल के तहत सेल कल्चर में विभिन्न सिग्नलिंग अणु जोड़े जाते हैं। प्रयोगशाला में विकसित यह परिणामी ऑर्गेनॉइड व्यास में लगभग आधा मिलीमीटर हैं। हालांकि वे रक्त पंप नहीं करते हैं, वे विद्युत रूप से उत्तेजित हो सकते हैं और मानव हृदय कक्षों की तरह सिकुड़ने में सक्षम हैं।
ऑर्गेनॉइड्स में हृदय की स्थिति का अनुकरण करने की संभावना के साथ, दवाओं का भविष्य में सीधे उन पर परीक्षण किया जा सकता है। एलेसेंड्रा मोरेटी कहते हैं, यह अनुमान योग्य है कि इस तरह के परीक्षण दवाओं के विकास के दौरान पशु प्रयोगों की आवश्यकता को कम कर सकते हैं। शोधकताओं ने हार्ट ऑर्गेनॉइड बनाने की प्रक्रिया के लिए एक अंतरराष्ट्रीय पेटेंट पंजीकृत किया है। एपिकार्डियोइड मॉडल टीयूएम में कई ऑर्गेनॉइड परियोजनाओं में से एक है। सेंटर फॉर ऑर्गेनॉइड सिस्टम्स में विभिन्न विभागों और अध्यक्षों के कार्य समूह सहयोग करेंगे।

### पीड़ितों के लिए वरदान .. ..

देखने में भले ही नाजुक है पर उसे वह सारी मजबूती दी गयी है जो बांग्लादेश के बाढ़ को झेल सके। इसे हल्का और मॉड्यूलर, मोड़कर रखने तथा पैक कर किसी अन्य स्थान पर ले जाने के लिए डिजाइन किया गया है।
उसने और उसकी टीम ने 2018 में इन समुदायों की जरूरतों पर शोध करना शुरू किया, लेकिन यह तब तक नहीं था जब तक महामारी नहीं आई - और कई अन्य परियोजनाएँ रुक गईं - कि उनके पास इस अस्थायी संरचना के बारे में पूरी तरह से विचार करने का समय था। टीम ने बांस को मुख्य सामग्री के रूप में चुना। स्थानीय रूप से उपलब्ध, सस्ता, टिकाऊ और हल्का, इसे ले जाना और ले जाना आसान है। ताकत के लिए स्टील के जोड़ों और धातु के कोने वाले जोड़ों के साथ बांधा गया, संरचना को न्यूनतम श्रम के साथ आसानी से इकट्ठा और अलग किया जा सकता है। कई अन्य अस्थायी संरचनाओं के विपरीत, खुदी बाड़ी के दो स्तर हैं। भूतल कॉम्पैक्ट पृथ्वी पर बनाया गया है, और दीवारों को किसी भी स्थानीय सामग्री से बनाया जा सकता है, जैसे नालीदार लोहे या बुने हुए बांस, या इसे कृषि भंडारण के लिए खुला छोड़ा जा सकता है। दूसरी मंजिल, जो चार लोगों तक सो सकती है, जमीन से छह फीट की दूरी पर है और बाढ़ के दौरान आश्रय के लिए एक सुरक्षित स्थान की पेशकश करते हुए सीढ़ी द्वारा पहुंचा जा सकता है।

# देश श्रेष्ठ हो रहा है, बिहार को भी श्रेष्ठ बनाना होगा : सम्राट चौधरी

## भाजपा ऐसी पार्टी है जहां कार्यकर्ता होना भी सम्मान की बात है : सम्राट चौधरी

राष्ट्रीय खबर



**पटना :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) गुरुवार को अपना स्थापना दिवस धूमधाम से मना रही है। इस मौके पर प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में जनसंघ के वरिष्ठ कार्यकताओं और जे पी सेनानियों को सम्मानित भी किया गया। दीवाल लेखन कार्यक्रम के तहत पार्टी कार्यालय के बाहरी दीवाल तथा पटना के किदवईपुरी कमल फूल बनाकर तथा फिर से नरेंद्र मोदी सरकार देश में फिर से भाजपा सरकार किनारों को बुलंद किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है, जहां कार्यकर्ता होना भी सम्मान की बात है। चौधरी ने स्थापना दिवस को शुभ दिन बताते हुए कहा कि जब पार्टी की स्थापना हुई होगी तो मात्र उस दिन की कल्पना ही की जा सकती है। उन्होंने कहा कि भाजपा के 43 वर्षों में बिहार प्रदेश का मैं 21 वां अध्यक्ष हूं। बिना किसी पार्टी के नाम लिए राजद को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि एक पार्टी ऐसी भी है जिसकी स्थापना 1997 में हुई तब से एक ही अध्यक्ष है। इसी तरह कांग्रेस में 75 वर्षों में 21 अध्यक्ष भी नही बन पाए। भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें लोकतंत्र स्थापित है और संरचना बदलते रहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए कार्यकर्ता ही सब कुछ हैं। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि आज बड़ी चुनौती भी है। आज संगठन बड़ा और मजबूत करना है तथा पार्टी को सरकार तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि बिहार में आजतक भाजपा ने अपने कंधों पर बैठाकर सरकार में बैठाने का काम किया।उन्होंने कहा कि आज स्थापना दिवस के मौके पर संकल्प लेने की जरूरत है कि 2024 में फिर से नरेंद्र मोदी जी की सरकार बनानी है। उन्होंने कहा कि 2025 में हर हाल में बिहार में भी सरकार बनानी है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा के कंधे पर बैठकर मुख्यमंत्री बन गए, लेकिन क्रेडिट भाजपा को कभी नहीं दिए। उन्होंने कहा कि जंगलराज के खिलाफ लड़ाई हमने लड़ी है और इस संकल्प को और मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हम संकल्प को पूरा करने में न झुकेंगे न रुकेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश श्रेष्ठ हो रहा है और बिहार को भी श्रेष्ठ बनाना है।

बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि भाजपा यह संकल्प लेकर आगे बढ़ रही है कि समाज सुखी हो, प्रदेश सुखी हो, देश सुखी हो। देश के गौरवशाली इतिहास के विषय को लेकर प्रधानमंत्री आगे बढ़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आज जरूरत है कि अधिकार से ज्यादा कर्तव्य पथ पर बढ़ते हुए एक राष्ट्र, श्रेष्ठ राष्ट्र का संकल्प लेकर आगे बढ़े। आज स्थापना दिवस समारोह का संचालन भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश वर्मा ने किया जबकि अध्यक्षता भाजपा पटना महानगर के अध्यक्ष अभिषेक चंद्रवंशी ने किया धन्यवाद ज्ञापन जिला मंत्री दीपू चंद्रवंशी ने किया।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के प्रदेश मुख्यालय प्रभारी सुरेश रुंगटा प्रदेश मंत्री पूनम शर्मा अमृता भूषण सजल झा विधान पार्षद अनिल शर्मा विधायक हरी भूषण ठाकुर देवेश कांत सिंह श्रीमती रश्मि वर्मा श्रीमती निक्की हेंब्रम मुरारी मोहन झा भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संजय सिंह टाइगर अरविंद सिंह अखिलेश सिंह प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश कुमार सिंह अशोक भट्ट राजेश झा राजू प्रेस पैनल विनोद शर्मा मनीष पांडे पूर्व प्रदेश मीडिया प्रभारी पंकज सिंह राजीव रंजन प्रदेश कार्यालय मंत्री सतपाल नरोत्तम भाजपा पटना महानगर महामंत्री नवीन केसरी संजय पप्पू किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सरोज रंजन जितेंद्र सिंह सीमांत शेखर पटेल शुभम राज सिंह रितेश रंजन सुमित श्रीवास्तव सीमांत शेखर अंकित सक्सेना विनीत कुशवाहा सहित हजारों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पं. गोविन्द झा की कृति पर आयोजन को तैयार 'अरिपन'

**पटना :** वर्ष 1982 में स्थापित पटना मैथिली रंगमंच की पहली नाट्य संस्था 'अरिपन' मैथिली दिवस – जानकी नवमी के उपलक्ष्य में 'मिथिला के धरोहर विद्वान पं. गोविन्द झा' की लेखनी पर आधारित द्विदिवसीय कार्यक्रम विद्यापति भवन, पटना में दिनांक 30 अप्रैल – 1 मई 2023 को आयोजित कर रही है। संस्था के महासचिव डॉ. ललित कुमार झा ने बताया कि इस प्रस्तावित आयोजन का उद्घाटन दिनांक 28 अप्रैल, रविवार को होगा जिसमें उनके साहित्यिक और रंगमंचीय लेखनी पर विद्वान वक्ताओं के संग परिचर्चा, पं. गोविन्द झा के जीवन वृत पर लघु डाक्यूमेंट्री, लघु नाटिका एवं कविता का प्रदर्शन होगा साथ ही पं. गोविन्द झा का विशिष्ट सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम के दूसरे दिन 1 मई, सोमवार को समापन संध्या पर पं. गोविन्द झा द्वारा लिखित एवं वर्ष 1982 मे पहली बार मंचित मैथिली नाटक 'अन्तिम प्रणाम' का मंचन युवा निर्देशक आदर्श वैभव के निर्देशन में किया जाएगा। इस अवसर पर मैथिली साहित्य के दिग्गज और रंगमंच के चर्चित व्यक्ति उपस्थित रहेंगे।

## बाबा चैहरमल की जयन्ती रालोजपा कार्यालय में मनायी गई



**पटना :** महाबली बाबा चैहरमल की जयन्ती राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी कार्यालय में धूमधाम से मनाई गई। प्रदेश प्रवक्ता ललन कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि बाबा चैहरमल के तैल्य चित्र पर पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र यादव, महिला प्रदेश अध्यक्ष डॉ स्मिता शर्मा, कल्पना शर्मा, राधाकान्त पासवान, अमरेश पाठक, मनीष त्यागी, सौलत राही, सौलत राही, दलित सेना के प्रदेश महासचिव कृष्णा पासवान, नवीन कुमार गुप्ता, नीरज सिंह, गोपाल सिंह, गौरव पोद्दार, सूरज पासवान, पंकज दांगी, अंकित दूबे, खुर्शीद अनवर, आशमीन खातून सहित तमाम लोगों ने बाबा चैहरमल जी को माला पहनाकर भावभीनीं श्रद्धाजंली दी। इस अवसर पर युवा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि महाबली बाबा चैहरमल सामाजिक न्याय के प्रयेद्ध थे इन्होनें सामंती विचार धारा की लड़ाई हमेशा लड़ते रहे, बाबा शिरोमणी साम्प्रदायिक सौहार्द के प्रतीक थे, आज बाबा चैहरमल के बताये हुए रास्ते पर हम युवाओं के चलने का प्रेरणा लेना चाहिये। ये निडर प्रवृति के थे ताउम्र बाबा ने लोभ मोह छोड़कर समाज के कल्याण में पूरी जिंदगी दबें कुचलें लोगों को समर्पित कर दी।

## पार्टी स्थापना दिवस पर बूथ अध्यक्ष के घर ध्वजारोहण सम्पन्न



**बेतिया :** भारतीय जनता पार्टी 44 वे स्थापना दिवस पर अवहर मझरिया में बूथ अध्यक्ष रवींद्र कुशवाहा के आवास पर नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष राहुल चतुर्वेदी की अध्यक्षता में कार्यक्रम कर पार्टी का ध्वजारोहण किया गया। सभी बूथ अध्यक्ष के घर पार्टी ध्वजारोहण किया गया। मुख्य अतिथि जिला प्रवक्ता सांसद प्रतिनिधि अनिल वर्मा, संदीप श्रीवास्तव, सुजय झा, प्रदीप राय, मुन्ना सिंह, अशोक शर्मा, मेश सिंह, रवींविंद्र राय, अजातशत्रु, मोतीलाल, राजेश्वर चौधरी, रमेश प्रसाद सभी बूथ अध्यक्ष, पन्ना लाल प्रमुख के साथ साथ सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## छात्र संघ के द्वारा शिक्षक, अभिभावक व छात्र संगोष्ठी का हुआ आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**सुगौली, पू.च :** प्रखंड के फुलवरिया में छात्र संघ के द्वारा शिक्षक, अभिभावक व छात्र संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों के उज्ज्वल भविष्य व अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के संबन्ध में बताया गया। गुरु व शिष्य एक दूसरे के पूरक होते है। गुरु के बिना शिष्य व शिष्य के बिना गुरु का कोई महत्व नही होता है।इस रिश्ते को मजबूत बनाने में अभिभावक की अहम भूमिका होती है। मैट्रिक परीक्षा में अच्छे अंक लाने वाले छात्रों को निदेशक प्रभात कुमार के द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमें आयुष कुमार, आदर्श कुमार, दीपू कुमार, नीरज कुमार, प्रशांत कुमार, सौम्या कुमारी, सिम्मी कुमारी, मुकेश कुमार सहित कई छात्र शामिल थे। मौके पर मुखिया अवधेश कुशवाहा, सरपंच रूपेश श्रीवास्तव, पैक्सध्यक्ष संजीव शर्मा, पूर्व मुखिया रामाज्ञा महतो, पूर्व नप उपमुख्य पार्षद श्याम शर्मा, हेमनारायण झा, दीपक कुमार सहित कई मौजूद थे।

## सरलता एवं सादगी के प्रतिमूर्ति थे बाबू जगजीवन राम : जितेंद्र

राष्ट्रीय खबर



**गया :** नगर प्रखंड के ग्राम कंडी में जय भीम क्लब के तत्वधान में भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री स्वतंत्रता सेनानी जगजीवन राम की जयंती मगध प्रमंडल दलित साहित्य अकादमी के अध्यक्ष एवं जदयू नेता डॉ जितेंद्र कुमार की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं ने उनके तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जितेंद्र कुमार ने कहा कि बाबू जगजीवन राम भारत के तीस वर्षों तक विभिन्न मंत्रालयों में रहकर देश एवं राज्य के विकास में अग्रणी भूमिका निभाया है। बाबू जगजीवन राम का ही देन है कि गया जिला में मिलिट्री कैंट की स्थापना एवं रेलवे के कार्यों में बेहतर कार्य किया गया, जो सदैव स्मरणीय रहेगा। सन 1971 के भारत-पाक युद्ध में भारत को सफलता दिलाने का काम किया है। जगजीवन बाबू उच्च विचार, सरलता और सादगी के प्रतिमूर्ति थे। इनका राजनीतिक जीवन बड़ा है संघर्षपूर्ण रहा है। इस अवसर पर राजा राम मांझी, शिव कुमार दास, बिपीन कुमार, बृज कुमार दास व अन्य लोग मौजूद थे।

## सोनी ने क्रिएटिव क्षमता को बढ़ाने वाले व्लॉग कैमरा किया लॉन्च

**पटना :** सोनी ने आज नए व्लॉग कैमरा जेडवी–1 एफ की घोषणा की। रचनात्मक शक्ति, उपयोग में आसान व्लॉगिंग फंक्शंस, उन्नत कनेक्टिविटी और पर्यावरण के अनुकूल खूबियों से सुसज्जित, यह नया विश्वसनीय कैमरा उन व्लॉगर्स और क्रिएटर्स के लिए अत्यंत उपयुक्त है जो अद्भुत तस्वीरें और वीडियो कैप्चर करना चाहते हैं। इस पॉकेट–साइज कैमरा को सोनी की नवीनतम तकनीक के साथ व्लॉगिंग के लिए अनुकूलित किया गया है ताकि सामग्री को सबसे अलग बनाया जा सके। सोनी इंडिया के डिजिटल इमेजिंग बिजनेस के हेड, मुकेश श्रीवास्तव ने कहा, जेडवी–1 एफ ऐसा कॉम्पैक्ट कैमरा है जिसे अगली पीढ़ी के कंटेंट क्रिएटर्स के व्लॉगिंग अनुभव को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। उच्च–गुणवत्ता वाली सामग्री की लगातार बढ़ती मांग के साथ, क्रिएटर्स को एक ऑल–इन–वन कैमरा की आवश्यकता होती है जो आसान होने के साथ–साथ बेहतर गुणवत्ता वाले आउटपुट प्रदान करता है। विशेष रूप से वायरलेस सामग्री साझा करने के लिए उपयोग और डिजाइन किया गया। हमने जेडवी–1 एफ में पर्यावरण के अनुकूल सुविधाओं को भी शामिल किया है, जिसका उद्देश्य शून्य पर्यावरणीय पदचिह्न प्राप्त करना है क्योंकि स्थिरता सोनी के प्रमुख फोकस क्षेत्रों में से एक है। कीमत और उपलब्धता जेडवी–1 एफ 5 अप्रैल 2023 से पूरे भारत में सभी सोनी सेंटर, अल्फा फ्लैगशिप स्टोर्स, सोनी अधिकृत डीलरों, ई–कॉमर्स वेबसाइटों (अमेजॅन और फ्लिपकार्ट) और प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक स्टोर्स पर उपलब्ध होगा।

## अप्रेंटिसेज एक्ट-1961 जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**पटना :** दशरथ मांझी, श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान, पटना के सभागार में निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, बिहार के द्वारा आज आयोजित अप्रेंटिसेज एक्ट-1961 जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अरविन्द कुमार चौधरी, प्रधान सचिव, श्रम संसाधन विभाग ने कहा कि नाप्स और नेटस को लेकर क्या करना है, क्या नहीं, इसको हमें समझने की जरूरत है। ऐसा कोई भी विभाग नहीं है, जहां 30 से ज्यादा कर्मचारी नहीं हैं। अप्रेंटिसशिप को लेकर हर विभाग में नोडल नामित हैं। कुछ विभाग अगर शेष रह गए हैं तो जल्द ही वहां भी नोडल नामित हो जायेंगे। इस तरह की कार्यशाला का आयोजन समय - समय पर दो या तीन महीने में होना चाहिए। अगर किसी विभाग को कोई दिक्कत आ रही है तो हमें अवगत कराए। हमारी या एनएसडीसी की टीम जाकर उस कठिनाई को दूर करेगी। अप्रेंटिसशिप में जो भी बच्चे आते हैं उनसे काफी अनुभव मिलता है और हमें भी उनके रूप में अच्छा कर्मचारी मिल जाता है जो नए तरीके से और नए सिरे से कार्यों को देखता है। हमें प्राथमिकता के तौर पर नैप्स को रखना चाहिए और इसके बेहतरी के लिए सदा तत्पर रहना चाहिए।

## जन्मोत्सव पर हनुमान जी की षोडशोपचार पूजन के साथ किया गया दुग्धाभिषेक

▶▶ सुंदरकांड के पाठ से गूंजे मंदिर परिसर

राष्ट्रीय खबर



**गया :** शहीद रोड स्थित श्री राम सत्संग भवन श्री सालासर बालाजी मंदिर के तत्वधान में श्री सालासर बालाजी का जन्मोत्सव श्रद्धा भक्ति भाव के साथ हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इसको लेकर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई।गाजे-बाजे एवं ढोल नगाड़े के मधुर धुन के साथ भव्य और आकर्षक शोभा यात्रा निकली, जिसमें बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष के हर आयु वर्ग के लोग शामिल हुए। महिलाओं ने पीले परिधान से सुसज्जित होकर हाथों में महावीर ध्वजा लेकर धर्म का संचार किया। इनके आगे-आगे वाहन पर सालासर बालाजी विराजमान थे। जय श्री राम, जय हनुमान का जय-जय कार करते हुए शोभा यात्रा पैराडाइज रोड स्थित श्री सालासर बालाजी मंदिर से निकलकर रंग बहादुर रोड,जीबी रोड, गोल पत्थर, टिकारी रोड, पुरानी गोदाम, के पी रोड, लहरिया टोला होते हुए वापस मंदिर पहुंची और शोभा यात्रा का समापन हुआ। इस दौरान कई जगहों पर पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का अभिनंदन किया गया। शोभायात्रा में धार्मिक गीतों की स्वर लहरियों के बीच महिलाएं झूमते नाचते रहे।मंदिर में विराजित हनुमान जी की अष्टधातु प्रतिमा को मंदिर के पुजारी आचार्य सुरेंद्र पांडे के आचार्यत्व में राकेश पांडे, दीपक पांडे एवं रंजीत पांडे के निर्देशन में हनुमंत स्त्रोत, हनुमान स्तवन एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच षोडशोपचार पूर्वक पंचामृत स्नान कराकर दुग्धाभिषेक किया गया। इसके बाद बालाजी हनुमान को रंगीन पुष्पों से भव्य और अलौकिक श्रृंगार किया गया। अखंड ज्योत जलाकर विशेष पूजा अर्चना के बाद भव्य मंगल आरती का गुणगान किया गया। पूरे दिन श्री रामचरितमानस का पाठ सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का पाठ चलता रहा। सुबह से देर रात तक बालाजी के दर्शन के लिए भक्त जनों की भीड़ रही। पूरा मंदिर परिसर रामायण पाठ के मंत्रों से गुंजित हो उठा।

वही जन्मोत्सव पर श्री मारवाड़ी पंचायत भवन में कोलकाता के प्रसिद्ध भजन गायक किशन कुमार पप्पी, राजू चौहान एवं विशाल शर्मा के द्वारा संगीतमयी भजनों की माला प्रस्तुत की गई। शोभायात्रा में समाजसेवी शिव कैलाश डालमिया महेंद्र मोर,विनोद जसरापुरिया प्रदीप धानुका, पवन मोर, प्राण मित्तल, प्रवीण मोर, पप्पू कथुरिया सहित बड़ी संख्या में बालाजी परिवार के सदस्य गण शामिल हुए।

## संदिग्ध स्थिति में युवक की मौत, हत्या की आशंका

**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला के बेतिया पुलिस अंतर्गत शिकारपुर थाना क्षेत्र के नगर परिषद नरकटियागंज के खोड़ी में एक युवक मनोज कुमार सिंह लगभग 45 वर्ष की संदिग्ध स्थिति मृत्यु में हो गयी है। मनोज की मृत्यु की सुचना पर शिकारपुर थाना की पुलिस घटना स्थल पहुंची, शव को लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जीएमसीएच बेतिया भेज दिया। इस बावत थानाध्यक्ष सह पुनि रामाश्रय यादव के हवाले से बताया गया है कि मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। मृतक के शरीर पर भी जख्म के निशान पाये गए हैं। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही मामले का उद्भेदन हो सकेगा।बताया जाता है कि मनोज कुमार सिंह बुधवार की देर शाम घर लौटा गुरुवार की अहले सुबह उसे उल्टी हुई और उसने दम तोड़ दिया। मृतक की पत्नी चंदा देवी ने बताया कि वे लंबे दिनो से बीमार रहे। उधर मृतक की बहन मझौलिया थाना के पटबंधी बाबु टोला निवासी ममता देवी ने बताया कि उसके भाई की हत्या की गयी है। उसने शिकारपुर थाना में आवेदन भी दिया है। बताया है कि उसके भाई की हत्या अनैतिक संबंध को लेकर हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मनोज की मौत से जुड़े सभी बिंदू की जांच की जा रही है। जनचर्चा है कि अनैतिक सम्बंध किससे और किसके रहें हैं यह जांच का विषय है।

## शांतिपूर्ण माहौल में धूमधाम से हनुमान जयंती मनाई गई



**सुगौली, पू.च :** प्रखंड के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रो में शांतिपूर्ण माहौल में धूमधाम से हनुमान जयंती मनाई गई।हिन्दू भाइयों ने अपने इष्टदेव की पूजा अर्चन की। सुबह से ही मंदिरों में पूजा करने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। प्रखंड के फुलवरिया, सुगौली, छगराहा, सुगांव, धनही, वनस्पति स्थान, भटहा, छपरा बहास, बगही, चैनपुर, श्रीपुर, गोपालपुर, भटवलिया, करमवा, रघुनाथपुर, पँजिआरवा, भरगावा सहित कई जगहों के मंदिरों में भजन कीर्तन किया गया। इस अवसर पर कई लोगो ने साधु सन्यासी को वस्त्र पहनाए और आशीर्वाद लिए। जिसमे भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सराफ, नगरध्यक्ष अंकुर चौधरी, मंडल अध्यक्ष महेश मिश्र, पूर्व मुखिया चुनचुन सिंह, सरपंच दिवाकर मिश्र, मुखिया प्रतिनिधि बुचुन तिवारी, अनिरुद्ध सिंह, धामु सिंह, उज्वल कुमार मिश्र, शैलेश कुशवाहा, बिपुल प्रसाद, दिलीप शर्मा सहित कई शामिल थे।

## दुष्कर्म मामला में 5 वर्ष की सजा और 5 हजार रुपए अर्थ दण्ड

**बेतिया :** अवयस्क से दुष्कर्म के मामले में जिला के न्यायाधीश षष्ठम बेतिया विवेकानंद प्रसाद ने बेतिया नगर थाना काण्ड संख्या 32/20 में फैसला देते हुए 5000 रुपये अर्थदण्ड व 5 वर्ष की सजा सुनाया है। उपर्युक्त दुष्कर्म मामले में नगर थाना क्षेत्र के ईलम राम चौक निवासी मो शेख, पिता शम्मी मियां आरोपी रहा, जिसे सजा सुनाई गई है। दुष्कर्म की घटना वर्ष 2020 में हुई। उस समय नगर थाना कांड संख्या 32/20 दर्ज किया गया। तत्पश्चात आरोपी मो शेख को बेतिया नगर थाना की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अर्थ दण्ड की राशि भुगतान नहीं करने की स्थिति में मो शेख को 15 दिन अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

# डॉ वीरेंद्र नारायण यादव सारण स्नातक और अफाक अहमद शिक्षक निर्वाचन -2023 से पार्षद निर्वाचित घोषित

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सारण स्नातक/शिक्षक निर्वाचन -2023 शांतिपूर्ण ढंग से मत गणना संपन्न

अवधेश कुमार शर्मा





**सारण :** बिहार में 03-सारण स्नातक/शिक्षक निर्वाचन-2023 मतदान के उपरांत दिनांक 05 अप्रैल 2023 को प्रातः 08:00 बजे से सारण स्नातक/शिक्षक निर्वाचन - 2023 की मतगणना का कार्य कड़ी प्रशासनिक सुरक्षा के बीच देर रात तक जारी रहा। 03-सारण शिक्षक निर्वाचन निर्वाचन के लिए प्रतिनियुक्त प्रेक्षक दिनेश कुमार, 03-सारण स्नातक निर्वाचन के लिए प्रतिनियुक्त प्रेक्षक प्रेम सिंह मीणा एवं निवार्ची पदाधिकारी 03-सारण स्नातक/ शिक्षक निर्वाचन निर्वाचन क्षेत्र सह आयुक्त, सारण प्रमंडल छपरा एम.सर्वानन की देखरेख में मतगणना कार्य सफलतापूर्णक सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम सारण शिक्षक उप निर्वाचन 2023 का अंतिम परिणाम घोषित किया गया। प्रथम स्थान पर सर्वाधिक 3055 मत प्राप्त करने वाले निर्दलीय प्रत्याशी अफाक अहमद को विजयी घोषित किया गया। द्वितीय स्थान पर कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के आनंद पुष्कर को 2381 मत एवं तृतीय स्थान 495 मत भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी धर्मेंद्र कुमार को प्राप्त हुआ। जबकि अन्य निर्दलीय प्रत्याशी अतुल कुमार तिवारी को 20, चंद्रमा सिंह को 1255, जयराम यादव को 2080, नवल किशोर सिंह को 552, मनीष कुमार शेखर को 34, रंजीत कुमार को 1008, लक्ष्मी कुमारी को 29, शबनम आरा को 31 एवं संजय कुमार सिंह को 12 मत प्राप्त हुए।

तत्पश्चात देर रात बिहार विधान परिषद के स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का द्विवार्षिक निर्वाचन-2023 का अंतिम परिणाम घोषित किया गया। अंतिम परिणाम के अनुसार जनता दल (यू) के प्रो. (डॉ.) वीरेन्द्र नारायण यादव को सर्वाधिक 32239 मत प्राप्त करने पर विजयी घोषित किया गया। द्वितीय स्थान पर भारतीय जनता पार्टी के महाचंद्र प्रसाद सिंह को 26288 मत से संतोष करना पड़ा। अन्य निर्दलीय प्रात्याशी में अर्जुन प्रसाद यादव को 228, चन्द्र किशोर प्रसाद यादव को 89, ध्रुव नारायण प्रसाद को 866, फजल ए अली को 354, लालू प्रसाद यादव को 26, शाजिद आलम को 201, सुशील कुमार पाण्डेय को 126 मत प्राप्त हुए। कुल वैध मतपत्रों की संख्या-60417 रही।सहायक निवार्ची पदाधिकारी, 03- सारण स्नातक/ शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र-सह-जिला पदाधिकारी सारण राजेश मीणा ने मतगणना कार्य में शामिल सभी पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल एवं कर्मीगणों को शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक मतगणना कार्य पूर्ण करने के लिए धन्यवाद एवं बधाई किया है।

## शहर >> अपडेट

### केन्द्रीय मंत्री पारस का पर छह दिवसीय दौरे पहुंचे पटना

**पटना :** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री श्री पशुपति कुमार पारस छह दिवसीय दौरे पर कल दिनांक 07 अप्रैल पूर्वाहन 10.00 बजे पटना आ रहे हैं। प्रदेश प्रवक्ता ललन कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि श्री पारस पटना पहुँचनें के उपरांत राज्य कार्यालय में प्रेस मीडिया को संबोधित करेगें तत्पश्चात सड़क मार्ग होते हुए अपने संसदीय क्षेत्र हाजीपुर के स्थानीय कार्यक्रम में शामिल लेगें जिसमें महनार स्थित विशुनपुर चमराहा में वीर शिरोमणी बाबा चैहरमल जी के मूर्ति का अनावरण करेगें उसके उपरांत संसदीय क्षेत्र महनार टारा चैड़ी, फरीदपुर, राजापाकर में वीर शिरोमणी बाबा चैहरमल जी की जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेगें।

# संभावित बाढ़ एवं कटाव से बचाने के लिए 10 करोड़ की राशि से हो रहा है कटाव निरोधक कार्य

## डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर ने कटाव निरोधक कार्य का किया औचक निरीक्षण

कार्यपालक अभियंता को ससमय गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने का निर्देश

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया :** बगहा शहर को संभावित बाढ़ एवं कटाव से बचाने के लिए लगभग 10 करोड़ की राशि से कटाव निरोधक कार्य युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है। जिससे बगहा वासियों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। पारस नगर में कराए जा रहे कटाव निरोधक कार्य का जिला पदाधिकारी, कुंदन कुमार ने औचक निरीक्षण किया तथा कार्यपालक अभियंता को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अनील कुमार, अपर समाहर्त्ता, अनील राय सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि 1405 मीटर में कटाव निरोधक कार्य कराया जा रहा है। कटाव निरोधक कार्य में विभागीय दिशा -निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एनसी बेस बनाकर पीपी रोप गैबियन से कार्य कराया जा रहा है। अबतक लगभग 27 प्रतिशत कार्य पूर्ण करा लिया गया है।

जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि कटाव निरोधक कार्य गुणवत्तापूर्ण कराना सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं होने पाए, इसका विशेष ध्यान रखा जाय। किसी भी सूरत में गड़बड़ी करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा, सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के क्रम में यह मामला प्रकाश में आया कि नगर परिषद द्वारा जलनिकासी की प्रॉपर व्यवस्था नहीं की गई है। इससे कटाव निरोधक कार्य प्रभावित हो सकता है। डीएम ने निर्देश दिया कि शहर की जलनिकासी के लिए समुचित व्यवस्था की जाय। नदी तक शहर का पानी लाने के लिए कटाव निरोधक स्थल पर ह्यूम पाइप लगाया जाय। उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद,बगहा को निर्देश दिया कि कार्यपालक अभियंता से समन्वय स्थापित कर समुचित जल निकासी की व्यवस्था करें, जिसे कटाव निरोधक कार्य प्रभावित नहीं हो सके।

### नगर पंचायत के सभागार में पर्यवेक्षक व कर्मियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**सुगौली, पू.च :** जाति आधार्रित गणना को लेकर नगर पंचायत के सभागार में पर्यवेक्षक व कर्मियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी रौशन कुमार ने बताया कि दूसरे चरण के जातीय आधारित गणना को लेकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।15 अप्रैल से 15 मई तक गणना का काम पूर्ण रूप से कर लेना है।इस कार्य मे कोताही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नही की जाएगी।सूबे की सरकार के द्वारा दिए गए निर्देश व आदेश का पालन हर हालत में करना है। डोर टू डोर जाकर गणना करना है।कोई भी व्यक्ति छूट नही जाय,इसका पूरा ध्यान रखना है। सभागार में प्रशिक्षक विनोद कुमार चौधरी, ब्रज राज किशोर सिंह, प्रभुनाथ प्रसाद, आशुतोष कुमार, मंटू चौधरी, राम नारायण प्रसाद यादव और टेक्निकल टीम में राहुल कुमार, हरेंद्र कुमार, अश्विनी कुमार सहित सहायक लगे हुए है। जहां प्रशिक्षण के दौरान क्षेत्र में जनगणना करने के संबंध में पूरी जानकारी दी जा रही है।प्रशिक्षक ने बताया कि अगर किसी परिवार में 15 या उससे अधिक सदस्य हैं तो उस परिवार के लिए अलग प्रारूप बनेगा और इसको लेकर वरीय अधिकारी से दिशा-निर्देश लेकर आंकड़ा तैयार किया जाएगा। प्रत्येक परिवार के बारे में प्रशिक्षक विनोद चौधरी ने बताया कि जमा किए गए आंकड़ों को प्रपत्र में भरने और मोबाइल में एंट्री करने के बारे में बताया गया है। उन्होंने बताया कि पूरे क्षेत्र के परिवारों की स्थिति का आंकड़ा सही-सही जानकारी लेने को लेकर पर्यवेक्षक और प्रगणकों को पूरी बारिकी से प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# दीपमाला यानि 50% दिव्यांग ने वैशाली महोत्सव मे अपनी संस्कृति प्रस्तुत किया

राष्ट्रीय खबर



**मुजफ्फरपुर :** वैशाली जिला महोत्सव 2023 दिनांक 4-6 अप्रैल से प्रारंभ है। जिसमें बिहार के लगभग हर जिले से चयनित प्रतिभागियों ने अपने कला प्रस्तुति किया। इसी बीच दामोदरपुर, कांटी प्रखंड मुजफ्फरपुर की लोक गायिका सुश्री दीपमाला को भी 5-4-2023 को अपने बिहार की संस्कृति को प्रस्तुत करने का अवसर मिला गायन के माध्यम से। आपको बताते चलें कि लोक गायिका दिव्यांग दीप माला कहती है कि हमारे मुजफ्फरपुर जिला के पूर्वी और पश्चिमी अनुमंडल पदाधिकारी महोदय अभिभावक के रूप में मार्गदर्शन देने का कार्य किए हैं। बिहार दिवस के अवसर पर मेरे गृह जिला में कार्यक्रम की प्रस्तुति में आशीर्वाद प्राप्त हुई थी। तथा दोनों SDO साहब के आशीर्वाद से मुझे इस तरह का मंच पर गायकी प्रस्तुत करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

हर कदम-कदम पर रास्ता दिखाने का काम पीडब्ल्यूडी संघ राज्य मीडिया प्रभारी लालू तुरहा और पीडब्ल्यूडी संघ मुजफ्फरपुर जिला सचिव बड़े भैया शांति मुकुल शर्मा इत्यादि इन सभी के भरपूर सहयोग और आशीर्वाद से मुझे लोक गायिकी में उत्कृष्ट प्रदर्शन को लेकर मूझे कार्यक्रम के उपरांत प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित करते जिला शिक्षा पदाधिकारी वैशाली एवं सूचना जनसंपर्क अधिकारी यह सभी ऊंचाइयां को देख करके हमें अब यह महसूस नहीं होती है, कि मैं दिव्यांग हूँ।

अनेकों सरकारी एवं गैर सरकारी जिला एवं राज्य स्तर पर सम्मानित हो चुकी हूँ। जिसमें कला श्री सम्मान, बिहार कला श्री, बिहार श्री रत्न सम्मान इत्यादि।

# सैकड़ों ने ली भाकपा माले की सदस्यता

सैकड़ों लोगों ने ली भाकपा माले की सदस्यता

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली, पू.च :** प्रखंड अंतर्गत माली पंचायत के सीतलपुर गांव में गुरुवार को भाकपा माले की ओर से सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य रूप से प्रखण्ड सचिव भोला साह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाकपा माले के वरिष्ठ नेता भोला राम व संचालन मो. इसराफिल ने किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भोला साह ने कहा कि भाकपा माले एक ऐसी पार्टी है जो तीन सौ पैसठ दिन गरीब व दलित शोषित परिवारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर साथ देती हैं। सैकड़ों लोगों ने भाकपा माले पर आस्था जताते हुए इसकी सदस्यता ग्रहण की।सदस्यता ग्रहण करनेवाले सभी लोगों को प्रखण्ड सचिव भोला साह ने पार्टी की झंडा देकर गर्मजोशी से स्वागत किया। गौरतलब हो कि पिछले दिनों माली पंचायत के सीतलपुर में सैकड़ो वर्षो से रेलवे के जमीन में बसे लोगो के घर पर रेलवे प्रशासन द्वारा बुल्डोजर चला कर सैकड़ो घरों को उजाड़ दिया गया है। जिसके बाद लगातार भाकपा माले पार्टी के द्वारा उन गरीबों का दुःख दर्द बाटा गया। जिसके बाद सैकड़ो की संख्या में महिलाएं और पुरुष भाकपा माले का दामन थामे है और पार्टी के साथ कदम से कदम मिला कर चलने का संकल्प लिए।

### आवेदनों का 15 अप्रैल 23 तक पुर्नसत्यापन होगा

**बेतिया :** अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार एवं विशेष कार्य पदाधिकारी, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार पटना के द्वारा केन्द्रीय अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति (प्री-मैट्रिक / पोस्ट मैट्रिक / बेगम हजरत महल छात्रवृत्ति) योजनान्तर्गत वर्ष 2022-23 में आवेदनों के पुर्नसत्यापन करने के संबंध में निदेश प्राप्त है। इसके आलोक में केन्द्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल 20 पर वित्तीय वर्ष 2022-23 में सत्यापित सभी आवेदनों को पुनर्वैधता के लिए संबंधित छात्र / छात्राओं से स्वयं घोषणा-पत्र दिनांक 15.04.2023, 11:00 बजे पूर्वाह्न (कार्य दिवस) तक जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, समाहरणालय परिसर, पश्चिम चम्पारण, बेतिया में उपलब्ध कराया जा सकता है। इसके पश्चात ही पुनर्वैधता के संबंध में अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। अन्यथा उनके आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा तथा उन्हें छात्रवृत्ति के लाभ से वंचित होना पड़ेगा। स्वयं शपथ पत्र में उन्हें अपना हस्ताक्षर एवं दोनों हाथ के अंगूठा का छाप और विवरणी के साथ यह लिखना पड़ेगा कि उनके द्वारा आवेदन में कोई भी सूचना असत्य / आपत्ति सही पाये जाने पर मैं इसका जिम्मेदार स्वयं रहूँगा और मेरे विरूद्ध वैधनिक कार्रवाई की जा सकती है। इस संबंध में सभी शिक्षण संस्थानों को सूचित किया जा चुका है। छात्र / छात्रा या तो अपने शिक्षण संस्थानों से स्वयं शपथ पत्र को अग्रसारित (काउंटर साइन) करवा कर कार्यालय में भेजवा सकते है अथवा स्वयं अपने पहचान-पत्र आधार कार्ड एवं परिचय पत्र (शिक्षण संस्थान से निर्गत) के साथ कार्यालय में जमा कर सकते हैं। उपर्युक्त जानकारी सहायक निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण, पश्चिम चम्पारण, बेतिया के हवाले से अनंत कुमार जिला सूचना एवं जन सम्पर्क पदाधिकारी पश्चिम चम्पारण ने मीडिया को दी।

# भाजपा कार्यालय में मनाया गया 43वां स्थापना दिवस

झंडातोलन के बाद जिलाध्यक्ष ने पार्टी कार्यकताओं को किया संबोधित

राष्ट्रीय खबर



**बगहा :** भाजपा कार्यालय बगहा में गुरुवार के दिन जिलाध्यक्ष सहित तमाम भाजपा कार्यकताओं ने पार्टी की स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया। भाजपा के 43 वे स्थापना दिवस के अवसर पर जिला कार्यालय मे झंडातोलन के उपरांत पंडित दिनदयाल उपध्याय के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित कर धूमधाम एवं उत्साह पूर्वक स्थापना दिवस मनाया गया। पार्टी कार्यालय मे सर्वप्रथम पार्टी ध्वज का झंडोत्तोलन हुआ इसके बाद जिला कार्यालय सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया। झंडात्तोलन जिला अध्यक्ष भूपेंद्र नाथ तिवारी के द्वारा किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भूपेंद्र नाथ तिवारी ने किया तथा संचालन जिला महामंत्री पंकज झुनझुनवाला ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष क्षेत्रीय प्रभारी शैलेंद्र मिश्रा, जिला प्रभारी,आनंद सिंह ,गजेंद्र मिश्रा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सूर्य प्रसाद सिंह तथा सतीश वर्मा के द्वारा जेपी सेनानियों को सम्मानित किया। प्रदेश उपाध्यक्ष जेपी सेनानियों के सम्मान करने के बाद उनसे मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया। तथा पार्टी के इतिहास एवं विकास यात्रा की चर्चा के साथ ही मोदी सरकार की उपलब्धियों पर भी चर्चा किया गया। इस दौरान उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, चंद्र भूषण सिंह, हृदया नंद दुबे, केशव कुमार चौबे, रितु जायसवाल, नंदकिशोर राम, अजय शर्मा, आनंद दुबे, महामंत्री अजीत कुमार लल्ला, सुजीत चौरसिया, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष विजया सिंह, जिला मंत्री अंजू वर्मा, कृष्णा देवी, मंडल अध्यक्ष विजय साहू, प्रमोद गुप्ता, प्रमोद राम, चंद्रशेखर पांडेय, जितेंद्र प्रसाद, नागेंद्र साहनी, राजेश बैठा, आशुतोष मालवीय सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कटाव निरोधी कार्य का डीएम कुन्दन कुमार ने किया निरीक्षण



राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** गुरुवार को देर शाम को डीएम कुंदन कुमार ने नगर के शास्त्रीनगर में नौ करोड़ की लागत से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहल पर हो रहे कटाव निरोधी कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान कटाव निरोधी काम का नक्शा व प्राक्लन को जलसंसाधन विभाग के अभियंता से समझा। इसके साथ ही कटाव में उपयोग हो रहे रस्सी, जीओ बैग को भी देखा। कटाव स्थल पर मोहल्ले से पानी आते देख कर अभियंता व नगर परिषद के ईओ कमलेश प्रसाद को आपस में मिल कर जलनिकासी के लिए पाइप लगाने को आदेश दिया। इसके साथ ही काम में उपयोग हो रहे सामग्री की जांच किया। स्थानीय लोगों से काम के बारे में जानकारी लिया। लोगों ने वर्ष 2017 में बाढ़ का पानी के बारे में बताया। जल संसाधन विभाग के अभियंता विष्णुदेव पासवान, सहायक अभियंता अनिल कुमार सिंह, विकास कुमार आदि ने बताया कि अब तक करीब 27 प्रतिशत काम पूरा किया जा चुका है। इस दौरान ई ओ कमलेश कुमार प्रसाद, बीडीओ कुमार प्रशांत, डीसीएलओ नीरज दास, सीओ अभिषेक आनंद, पीओ राजेश गुप्ता, कनीय अभियंता प्रदीप कुमार आदि मौजूद थे।

### शहर के विभिन्न अल्ट्रासाउंड एवं नीजी क्लीनिक में हुआ छापेमारी

**बेतिया, प च :** हॉस्पिटल रोड में मंगलवार के दिन कई अल्ट्रासाउंड सेंटरो में छापेमारी हुई वही 2 अल्ट्रासाउंड भी सील भी हुआ आपको बताते चलें कि शहर में कई जगहों पर अवैध अल्ट्रासाउंड का संचालन हो रहा था सिविल सर्जन श्रीकांत दुबे के निर्देश पर बेतिया डॉ शकर रजक के नेतृत्व में मेडिकल टीम का गठन किया गया एवं शहर के वरदान अल्ट्रासाउंड में मेडिकल टीम द्वारा छापेमारी की गई ।टीम द्वारा वरदान अल्ट्रासाउंड को सही करजात न उपलब्ध होने के कारण सील किया गया। वही कुछ अल्ट्रासाउंड में पहले से ही छापेमारी टीम को देखकर संचालक ताला जोड़ कर फरार हो गए । मौके पर डॉ रजक ने बताया कि कई अल्ट्रासाउंड में छापेमारी किया गया जात ना पाए जाने के कारण अल्ट्रासाउंड को सील किया गया है एक में डॉ अमरेश सिंह, डॉ नसीम आलम,डॉ केडी राय, डॉ अजहर आलम, लेखापाल रंजन कुमार, सहित नगर पुलिस बल शामिल रहे।

### राबता कमिटी के बैनर तले फीडिंग प्रोग्राम 2023 के तहत रमजान किट का वितरण



**बेतिया :** नगर के नया टोला वार्ड नंबर 14 में स्थित अनवार मंजिल,बेतिया में बिहार राबता कमेटी, पटना के बैनर तले फीडींग प्रोग्राम 2023 के तहत गरीब, लाचार, वृद्ध, जरूरतमंद, विकलांग, बेवा 25 व्यक्तियों के बीच (महिला,पुरुष) रमजान किट का वितरण किया गया। इस किट में आटा, तेल, दाल, चना, खजूर, चीनी, छोहाड़ा एवं अन्य खाद्य सामग्री है। इसके अलावा लगभग 100 व्यक्तियों को मदर ताहिरा चैरिटेबल ट्रस्ट भी रमजान सामग्री बांटा। बिहार राबता कमिटी ने रमजान किट वितरण में जिन लाभार्थियों को लाभान्वित किया। उनमें लाडली खातून, जोहरा खातून, जमीला खातून, फिरोज आलम, आलमगीर मियां, अकबर मियां, सजरुन नेशा, शब्बीर, हसीना खातून मुख्य हैं। इस वितरण समारोह के अवसर पर राबता कमिटी के डॉ अमानुल हक, सैयद शहाबुद्दीन अहमद, आलमगीर हुसैन, सुरैया शहाब के अलावा मधुसूदन प्रसाद गुप्ता, बिट्टू कुमार, अक्षय राज, जैद अमान सामाजिक कार्यकर्ता व गणमान्य व्यक्ति की उपस्थिति रही। रमजान किट से लाभान्वित होने वालों को रमजान किट मिला तो उनके चेहरे खिल उठे, उन्होंने राबता कमिटी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# श्रम अधीक्षक के नेतृत्व मे धावा दल द्वारा प्रतिष्ठानों में सघन जाँच अभियान चलाया

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली, पू.च :** श्रम अधीक्षक सत्य प्रकाश के नेतृत्व मे सुगौली एवं बंजरिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विशेष धावा दल के द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों में सघन जाँच अभियान चलाया गया।जाँच के क्रम में सुगौली प्रखंड के कुल -03 प्रतिष्ठानों क्रमशः पवन स्वीट्स सुगौली एवं शिवम स्वीट्स सुगौली से 1-1 बाल श्रमिक तथा प्लाई एवं चिरान मशीन फुलवरिया सुगौली से 03 बाल श्रमिक एवं अर्थात कुल-05 बाल श्रमिकों को धावा दल की टीम के द्वारा विमुक्त कराया गया। साथ ही श्रम अधीक्षक सत्य प्रकाश द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि यह अभियान पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत लगातार क्रियाशील रहेगा!

बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम, 1986 के तहत सभी नियोजकों के विरूद्ध संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है जबकि सभी विमुक्त बाल श्रमिकों को बाल कल्याण समिति,पूर्वी चंपारण,मोतिहारी के समक्ष उपस्थापित कर उन्हें बाल गृह में रखा गया है।श्रम अधीक्षक सत्य प्रकाश द्वारा बताया कि बच्चों से प्रतिष्ठान में कार्य कराना बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन के अंतर्गत गैर कानूनी है।बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम, 1986 के अतर्गत बाल श्रमिकों से कार्य कराने वाले व्यक्तियों को 20 हजार रुपए से 50 हजार रुपए तक का जुमार्ना और 2 वर्षों तक का कारावास का प्रावधान है।इसके अतिरिक्त माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निदेश के आलोक में सभी नियोजकों से 20,000/- बीस हजार रू.प्रति बाल श्रमिक की दर से राशि की वसूली की जाएगी। आज की इस विशेष धावा दल की टीम में प्रभारी श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी,कल्याणपुर प्रभारी सुगौली एवं मोतिहारी सदर सरफराज अहमद खान, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, पिपराकोठी प्रभारी बंजरिया विकास कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, चकिया आशुतोष झा, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, पकड़ीदयाल प्रत्यूष, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, ढाका रामप्रकाश, प्रयास संस्था से विजय कुमार शर्मा, चाइल्ड लाइन कोलैब, मोतिहारी के प्रतिनिधि, डंकन हॉस्पिटल रक्सौल से दिलीप कुमार चौरसिया तथा सुगौली थाना से 06 पुलिस कर्मी एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम शामिल थी।

# भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता के द्वारा स्थापना दिवस मनाया गया

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली, पू.च :** प्रखंड व नगर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता के द्वारा स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी, प.दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीपक जलाकर उन्हें पुष्पान्जली दी गई तथा पार्टी का झंडा फहराया गया। जिला भाजपा उपाध्यक्ष प्रदीप सर्राफ ने भाजपा के इतिहास से लेकर वर्तमान तक कि बातें बताई। समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के कल्याण हेतु पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय'की बात की थी। इस संकल्प की सिद्धि हेतु शासन की योजनाओं को उन तक पहुंचाना ही हम सबके जीवन का ध्येय है। यदि हम सब एकजुट होकर कार्य करते हैं तो अवश्य सफल होंगे। जो स्वप्न हमारे पूर्वजों, महापुरुषों और पांच दशक पूर्व पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने देखा था, वे सभी स्वप्न प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक-एक कर साकार हो रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी की यात्रा देश और दुनिया के राजनीतिक विश्लेषकों के लिए कौतूहल का विषय है। कार्यक्रम में नगर के भाजपा कार्यकर्ता अंकुर चौधरी, मनु पाण्डेय, प्रेम कुमार, बीरेन्द्र सहनी एवं अनुराग पृथ्वीराज सहित कई मौजूद थे।

# शिक्षक और स्नातक सीट पर भाजपा प्रत्याशी का रहा दबदबा

**पांचवी बार चुने गए अवधेश नारायण सिंह**

**कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना संपन्न**

राष्ट्रीय खबर

**गया:** कॉलेज मतगणना केंद्र पर बुधवार और गुरुवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बिहार विधान परिषद के शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण संपन्न हो गई। गया कॉलेज के मानविकी भवन हॉल में मतों की गिनती की गई। मतगणना हॉल में चुनाव प्रेक्षक और संबंधित जिले के जिला पदाधिकारी सहायक निर्वाचन पदाधिकारी के देखरेख में 14 टेबल पर 8 जिले के मत पेटियों से मतों की गणना शुरू हुई। मतगणना कर्मियों द्वारा पहले राउंड में प्रथम वरीयता वाले मतों की गणना के लिए प्रथम विजेता वाले 7003 मतपत्रों की गिनती की गई। पहले राउंड भाजपा प्रत्याशी जीवन कुमार अपने निकटतम प्रतिद्वंदी जदयू के संजीव श्याम सिंह से बढ़त बनाए हुए थे। पहले राउंड में भाजपा प्रत्याशी जीवन कुमार को 2939 मत वही जदयू के संजीव श्याम सिंह को 1598 मत प्राप्त हुए। तीसरे नंबर पर निर्दलीय उम्मीदवार अभिराम शर्मा को 551 मत डॉ रामप्रकाश को 12 दिनेश प्रसाद सिन्हा को 355 दुर्गा चंद्र मिश्रा को 91 देव वंश सिंह को 554 राणा प्रताप सिंह को 9 रूपेश कुमार को 17 संजीव कुमार सिंह को 9 डॉ डीएन सिन्हा को 202 हृदय नारायण सिंह को 265 वोट प्राप्त हुए। 6602 मत वैद्य एवं 401 मत अवैध घोषित किए गए।वही उसके दूसरे राउंड में भाजपा के जीवन कुमार लगातार बढ़त बनाए रखें। दूसरे राउंड में जीवन कुमार को 5682 मत संजीव श्याम सिंह को 3217 मत अभिराम सिंह को 1232 डॉ रामप्रकाश को 23 प्रो दिनेश प्रसाद सिन्हा को 535 दुर्गा चरण मिश्रा को 442 देव वंश सिंह को 1150 राणा प्रताप सिंह को 15 रूपेश कुमार को 22 संजीव कुमार सिंह को 14 डॉ डीएन सिन्हा को 364 हृदय नारायण सिंह को 571 मत प्राप्त हुए। दूसरे राउंड में कुल वैध मतों की संख्या 13267 रहा। वही 732 मत अवैध पाए गए। मतों की गिनती शुरू हुई। दूसरे राउंड में 13999 मतपत्रों की गिनती की गई। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी जीवन कुमार ने दूसरी वरीयता में अपना जलवा बनाए रखा और विजयी घोषित किए गए। जीवन कुमार को 7766 एवं उनके निकटतम प्रतिद्वंदी जदयू के संजीव शाम को 4761 प्राप्त हुए।जीवन कुमार ने संजीव श्याम सिंह को 3005 मतों से पराजित किया। पहले राउंड में ही राजद के डॉ पुनीत कुमार सिंह भाजपा प्रत्याशी अवधेश नारायण सिंह से 1000 वोटों से बढ़त बनाए हुए थे।राजद प्रत्याशी आगे चल रहे थे। बुधवार की रात से लगातार राजद प्रत्याशी आगे बढ़ रहे थे लेकिन गुरुवार को अवधेश नारायण सिंह लगातार बढ़त बनाए हुए थे दोपहर बाद भाजपा समर्थित अवधेश नारायण सिंह को 23117 मत प्राप्त हुए। वही उनके निकटतम प्रतिद्वंदी राजद के पुनीत कुमार को 22624 मत प्राप्त कर संतोष करना पड़ा।



## दुष्कर्म मामला में 5 वर्ष की सजा और 5 हजार रुपए अर्थ दण्ड

**बेतिया:** अवयस्क से दुष्कर्म के मामले में जिला के न्यायाधीश षष्ठम बेतिया विवेकानंद प्रसाद ने बेतिया नगर थाना काण्ड संख्या 32/20 में फैसला देते हुए 5000 रुपये अर्थदण्ड व 5 वर्ष की सजा सुनाया है। उपर्युक्त दुष्कर्म मामले में नगर थाना क्षेत्र के ईलम राम चौक निवासी शम्मी मियां आरोपी रहा, जिसे सजा सुनाई गई है। दुष्कर्म की घटना वर्ष 2020 में हुई। उस समय नगर थाना कांड संख्या 32/20 दर्ज किया गया। तत्पश्चात आरोपी शम्मी मियां को बेतिया नगर थाना की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अर्थ दण्ड की राशि भुगतान नहीं करने की स्थिति में शम्मी मियां को 15 दिन अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

# एक नजर

## भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्षा ने पुर्व गृह राज्य मंत्री को गुलदस्ता दे किया समान्नित

राष्ट्रीय खबर

**मधुबनी:** बगहा पुलिस जिला के भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने मधुबनी प्रखंड प्रमुख विजया सिंह को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है. जिसमें जिला महिला मोर्चा के अध्यक्ष नियुक्त कर महिलाओं की समस्याओं तथा उनके जिम्मेदारियों की एहसास कराने के लिए सही कदम उठाया है. इसी प्रकरण में बगहा पुलिस जिला के भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र नाथ तिवारी ने विजया सिंह को इसकी जिम्मेदारी सौपने का कार्य किया है. पद पाकर विजया सिंह ने पडरौना स्थित केंद्रीय पूर्व गृह राज्य मंत्री आरपीएन सिंह से भेंट कर फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया. इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा नेत्री विजया सिंह एक जुझारू भाजपा के सिपाही के रूप में कार्य रही हैं. अपनी जिम्मेदारियों का एहसास कर बगहा पुलिस जिला के सुदूर गांव इलाकों तक पहुंच कर केंद्र की भाजपा सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहंचाएँ .तथा 2024 की संसदीय चुनाव को लेकर गम्भीरता पूर्वक पार्टी के सही फैसले पर खरा उतरने की शत प्रतिशत पहल अवश्य करेंगी.बहरहाल महिलाओं में इनके महिला मोर्चा अध्यक्ष बनने पर काफी खुशी है. अपनी कर्तब्य को बखूबी निभा कर भजपा को आगे तक ले जाने में अपनी अहम भूमिका निभा सकती हैं. इस दौरान धनजंय पांडेय, संतोष कुमार, पप्पू कुशवाहा, फुलेना निषाद, मुन्ना कुशवाहा ,अशोक कुमार, रंजीत सिंह तथा ओम सिंह आदि दर्जनों भाजपा समर्थक उपस्थित थे।

## रामचरित्र मानस के दूसरे दिन हुआ शिव विवाह प्रवचन,निकली झांकी



राष्ट्रीय खबर

**भैरोगंज :** प्रखंड बगहा-1 के बांसगांव मंझरिया में तीन दिवसीय श्री राम चरित्र मानस नवाह परायण महायज्ञ के दूसरे दिन बुधवार की संध्या साध्वी किशोरी प्रिया रामायणी के द्वारा शिव विवाह कथा सुनाया गया । जिस दौरान भव्य झांकी निकाली गई। जिसमें शिव पार्वती के साथ उनके गण बनाए गए, वही भगवान शिव के विवाह के गीत पर श्रोतागण भक्ति में डूबे रहे एवं नृत्य भी किया पूरा माहौल भक्तिमय रहा । प्रवचन के दौरान कथा वाचिका साध्वी किशोरी प्रिया रामायणी ने कहा कि दुनिया में एक मां बाप ही है जिनका कर्ज कभी भी चुकाया नहीं जा सकता । इसलिए सभी अपने माता-पिता से प्रेम करें एवं उनका सम्मान करें । प्रवचन के दौरान उन्होंने बताया कि दुनिया में तो बहुत सारे कलाकार हैं जो अपने कला के दौरान अपना नाम लिख देते हैं । लेकिन मां एक ऐसी कलाकार है जो 9 महीने बच्चे को अपनी कोख में पालने के बाद उसे उसके पिता का नाम दे देती है । इसलिए भगवान से भी ऊंचा स्थान माता-पिता का है । वही मौके पर महायज्ञ के आचार्य श्री मनु देव मणि त्रिपाठी ,आचार्य अरविंद पांडेय, यजमान अखिलेश्वर पांडेय, त्रिलोकी नाथ पांडेय,सहित रामचरित्र मानस संघ के पवन कुमार पांडेय, नर्वदेश्वर उपाध्याय ,जितेंद्र पांडेय, विजय प्रकाश पांडेय, प्रेम भूषण पांडेय, कमलेश चौबे ,राकेश पांडेय,अनूप पांडेय, संजय पांडेय,पप्पू तिवारी, दिनेश तिवारी, मुन्नू तिवारी, रमन उपाध्याय,सहित तमाम श्रोतागण उपस्थित रहे।

# डीएम ने किया अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण

राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** गुरुवार की देर शाम को डीएम कुंदन कुमार ने अनुमंडलीय अस्पताल का किया औचक निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान जैसे ही फ्री फायर अस्पताल में डीएम ने प्रवेश किया अचानक एक महिला की मौत हो गई थीं। जिसको लेकर किसानों ने हमला का हंगामा करना शुरू कर दिया रीजेंसी दे उपाधीक्षक कच्छ में चले गए उसके उपरांत अन्य सभी अधिकारी मामले को शांत करने में लग गए बताया गया कि मृत महिला सौर्य लालजी महतो की पत्नी कौशल्या देवी शुगर और बीपी के मरीज से तबीयत अधिक बिगड़ने पर इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। उसी दौरान चौतरवा के बहू हरवा से मोहम्मद व्यास व उनकी पत्नी मनीषा खातून दुर्घटना में जख्मी थे उनका इलाज चिकित्सक कर रहे थे और एक महिला वार्ड नंबर 28 की आशा देवी को मधुमक्खी काट लिया था उसका इलाज कर रहे थे 100 जनों का आरोप था चिकित्सक ने त्वरित कार्रवाई नहीं किया हंगामा को बीडीओ प्रशांत कुमार डीसीएलआर नीरज कुमार सीओ अभिषेक आनंद आदि ने मामले को शांत कराया और महिला के शव को एंबुलेंस से उनके घर भिजवाया दूसरी ओर भवरवा के पास दुर्घटना में जख्मी मोहम्मद रियाज अली अनीशा खातून को डीएम ने ही अस्पताल भेजवाया था आज के बाद उन्हें रेफर कर दिया गया इसके उपरांत डीएम ने उपाधीक्षक से स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में पूछताछ किया उसके बाद आपातकाल कच्छ में पहुंचकर मरीजों से बात किया। दवा स्थूल और अन्य सुविधाएं निःशुल्क मिल नहीं है या नहीं इसकी भी पड़ताल किया रिवरीजो ने सुविधा मिलने की बात कही डीएम ने प्रभारी उपाधीक्षक डॉक्टर के बी एन सिंह को स्वास्थ्य सेवाएं और बेहतर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। हंगामा की सूचना पर नगर थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिन्हा पीकॉक आनंद सिंह सहित पुलिस बल मौके पर अस्पताल पहुंची।



## पोषण रथ के माध्यम से पोषण सम्बंधित जानकारी लोगो तक पहुचायी गयी



राष्ट्रीय खबर

**भितहा:** गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय गेट पर आइसीडीएस का रथ पहुचा जिसमे पोषण रथ मे लगे एलसीडी के माध्यम से पोषण सम्बंधित जानकारी उपस्थित आगनबाड़ी सेविकाओं और उपस्थित बच्चों तथा आम आवाम लोगो तक पहुचाया गया।जिसमे बिहार सरकार द्वारा पोषण पखवाड़ा के तहद हर जिला और परियोजना मे पोषण रथ कि तैनाती कि गयी है.जिसके माध्मम से पोषण सम्बंधित जानकारी दी जानी है। जिसमे पोषण सम्बंधित जानकारी देते हुए माता के गर्भावस्था से लेकर प्रसव तक विभिन्न सावधानियों सहीत नवजात बच्चों को सीर्फ मा का दुध देने से लेकर 6 माह से उपर के बच्चों को दुध के आलावा उपरी आहार कि विशेष जानकारी दी गयी।साथ ही साथ मोटे आनाज जौ बाजरा ,मडुआ, सावा ,कोदो,आदि आनाजो के सेवन से कौन कौन से पोषण तत्वों कि प्राप्ति होती है.जिसके सम्बंध मे विस्तृत जानकारी दी गयी।वही उक्त पोषण रथ के संचालन के समय आइसीडीएस कार्यालय भितहा के कार्यपालक सहायक रानु कुमार,महिला पर्यवेक्षिका शिला गुप्ता,सहीत दर्जनों आगनबाड़ी सेविकाएं और बच्चों सहीत दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अगलगी में एक घर व दो बंगला जला



राष्ट्रीय खबर

**लौरिया :** प्रखंड के बंसवरिया पराऊटोला पंचायत के डुमरा गांव में आग लगने से एक घर पुर्ण रुप से जल गया, दो बंगला भी जल गये। मिली जानकारी के अनुसार सुबह करीब दस बजे खाना बनाने के दौरान डुमरा निवासी मोतीलाल साह के घर में आग लग गयी। आग लगने की खबर से डुमरा सहित अगल बगल के गांव के लोग भी आग बुझाने पहुंच गये। लौरिया थाना को सुचना मिली, तो फायर ब्रिगेड की गाडी भी पहुंच गयी। सबने मिलकर आग पर काबु पाया, लेकिन मोतीलाल साह का घर पूर्ण रुप से जल गया, उनके बगल मे स्थित रामचन्द्र साह और और शांति कुंअर का बंगला भी जल गया।

# भारत जन जागरण दल का जिला सम्मेलन 9 को, राजनीतिक भागीदारी पर होगी चर्चा

राष्ट्रीय खबर

**गया:** शहर के एक निजी होटल में भारत जन जागरण दल की प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में दल के प्रदेश अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने कहा कि आगामी 2024 के लोकसभा एवं 2025 के विधानसभा चुनाव में पूरे बिहार में सभी सीटों पर अपनी दावेदारी सुनिश्चित करने के लिए 9 अप्रैल को स्थानीय धर्म सभा भवन में एक दिवसीय जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया है। सम्मेलन को दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौरसिया एम कुमार सहित अन्य प्रांतीय नेता संबोधित करेंगे। सम्मेलन में गया,नवादा,औरंगाबाद,जहानाबाद, अरवल,सासाराम,भभुआ आदि जिलों के कार्यकताओं को आमंत्रित किया गया है। जिला कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने के लिए अपनी चट्टानी एकता प्रदर्शित करने की अपील की। सम्मेलन में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर एवं बाबू शिवदयाल सिंह चौरसिया की भव्य जयंती मनाई जाएगी। पार्टी की स्थापना का मूल उद्देश्य गरीब, पिछड़े शोषित वर्गो को न्याय दिलाना है। उन्हें समाज के मुख्यधारा से जोड़ने के लिए पार्टी अभियान चलाएगी। सभी दलों ने चौरसिया समाज को राजनीतिक हाशिए पर रखा है। प्रेस वार्ता में बिहार प्रदेश अध्यक्ष पंकज कुमार , मगध प्रमंडल के प्रमंडलीय अध्यक्ष मनोहर प्रसाद, जिला अध्यक्ष अनुज कुमार , जिला युवा अध्यक्ष त्रिपुरारी कुमार एवं मीडिया प्रभारी आदित्य चौरसिया, कार्यकारणी सदस्य दीपक कुमार एवम छपरा जिला सचिब ललन राय उर्फ पंकज यादव उपस्थित थे।



## विभागीय उदासीनता के बाद अंबेडकर विचार मंच कराएगा अंबेडकर प्रतिमा स्थल का सौंदर्यीकरण



राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** अनुमंडल के समक्ष बगहा दो प्रखंड मुख्यालय मे अवस्थित संविधान निमार्ता डॉक्ट भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा एवं प्रतिमा स्थल का सौंदर्यीकरण स्वीकृति के बावजूद विभागीय शिथिलता, विलंब के कारण अधर में है। सौंदर्यीकरण कराने को लेकर एससी एसटी कर्मचारी संघ बगहा दो प्रखंड के सदस्य लगातार प्रयासरत रहें। सौंदर्यीकरण में विलम्ब पर अंबेडकर प्रेमियों ने गहरा असंतोष जताते हुए खेद प्रकट किया है और कहा कि 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती मनाया जाता है किन्तु यह स्थल सौंदर्यीकरण से वंचित है जो अत्यंत हीं निराशाजनक है। संविधान के रुप में डॉक्टर अंबेडकर का योगदान अमूल्य एवं अतुलनीय है। वे महामानव हैं। एससी एसटी कर्मचारी संघ के सदस्यों शैलेश कुमार पासवान, तिरेन्द्र राम, सुनिल कुमार राउत आदि के पहल पर सौंदर्यीकरण कार्य कराने हेतु अंबेडकर विचार मंच सामने आया है। सौंदर्यीकरण कार्य आरंभ कराने हेतु 05 अप्रैल बुधवार को संध्या पहर 'अंबेडकर विचार मंच' के सदस्यों की एक आवश्यक बैठक आहूत की गई। जिसकी की अध्यक्षता शैलेश कुमार पासवान तथा संचालन तिरेन्द्र राम ने किया। उपस्थित प्रबुद्धजनों ने अपना विचार प्रकट किया और कहा कि विभागीय विलम्ब के कारण सौंदर्यीकरण कार्य में विलम्ब है। अब हम लोग हीं स्वयं से आपसी सहभागिता से प्रतिमा स्थल का सौंदर्यीकरण कराएंगे। डॉक्टर अंबेडकर सबके आदर्श हैं। अंबेडकर विचार मंच के तहत सौंदर्यीकरण कार्य हेतु रघुपति कुमार को अध्यक्ष, भूषण कुमार को सचिव तथा हरेंद्र कुमार को कोषाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया।

# 5 मई को रिलीज होगी मैथिली फिल्म जैक्सन हाल्ट, आज पटना में हुआ ट्रेलर लॉन्च

## मनोरंजन के साथ रोजगार का माध्यम भी है सिनेमा : नितिन नीरा चंद्रा

**अपनी फिल्मों को करें प्रमोट, तभी हमारा सिनेमा बढ़ेगा आगे : नीतू**

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** 6 अप्रैल 2023 : मिथिला मखान के लिए नेशनल अवार्ड जीतने वाले लेखक - निर्देशक नितिन नीरा चंद्रा की दूसरी मैथिली फिल्म 'जैक्सन हाल्ट' 5 मई को रिलीज होगी। इससे पहले आज इस फिल्म का धांसू ट्रेलर पटना में भव्य स्तर पर लॉन्च किया गया। यह जानकारी आज नितिन नीरा चंद्रा ने ट्रेलर रिलीज के दौरान दी। उन्होंने बताया कि बिहार के अंदर बिहार की भाषाओं के लोगों को यहीं काम मिले। यह हमारी कोशिश है। सिनेमा, मनोरंजन है। साथ ही रोजगार का साधन भी हैं। इसलिए हमारी कोशिश रहती है कि बिहार के लोगों को रोजगार से जोड़ सकें। फिल्म बन गई है। तकनीकी रूप से समृद्ध फिल्म बनी है। दरभंगा और मधुबनी के लोगों को इस फिल्म में व्यापक स्तर पर काम करने का मौका मिला। उन्होंने बताया कि यह फिल्म पर आएगी।फिल्म की निमार्ता नीतू चंद्रा श्रीवास्तव ने कहा कि इंडिया में कोरियन और साउथ इंडियन फिल्म देखी जा रही है, लेकिन नॉर्थ में साउथ इंडियन और कोरियन भी किसी को नहीं आती फिर भी सब कंटेन्ट के साथ देखते हैं। हमारा मानना है कि कंटेन्ट अगर अच्छा होगा, जमीन से जुड़ा काम होगा तो हमारी फिल्में भी सब टाइटल के साथ हमारी फिल्में भी देखी जाएगी। मैं अभी हॉलिवुड की फिल्म में लीड रोल कर रही हूँ। इसलिए अब मैं अपने लोगों से अपील करूंगी कि आप अपनी फिल्मों को देखें और प्रमोट करें। ताकि हमारा सिनेमा आगे बढ़े और हमारी फिल्मों को भी लोग सब टाइटल के साथ देखें। इस अवसर पर नितिन नीरा चंद्रा के साथ हॉलीवुड एक्ट्रेस और फिल्म की निमार्ता नीतू चंद्रा श्रीवास्तव, फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आने वाले थिएटर आर्टिस्ट दरभंगा के निश्चल अभिषेक, थिएटर आर्टिस्ट सुपौल के राम बहादुर रेणु(ठरऊ) मौजूद रहे। आपको बता दें कि फिल्म 'जैक्सन हाल्ट' की शूटिंग मधुबनी के भवानीपुर के खूबसूरत लोकेशन पर हुई है। चंपारण टॉकीज के बैनर तले बनी मैथिली फिल्म ह्यजैक्सन हॉल्ट की निमार्ता हॉलीवुड अभिनेत्री नीतू चंद्रा श्रीवास्तव एवं नितिन चंद्रा हैं। वहीं नेशनल अवार्ड विनर निर्देशक नितिन चंद्रा इससे पहले मिथिला मखान, देसवा जैसी शानदार फिल्में मैथली व भोजपुरी में बना चुके हैं। फिल्म ह्यजैक्सन हॉल्ट में कांति प्रकाश झा, दुर्गेश कुमार, निश्छल अभिषेक, राम बहादुर रेणु के साथ पीयूष कुमार, निभा झा, विजय, हेमेंद्र लाभ, मुन्नी, सूजीत, शिवानी झा मुख्य भूमिका में हैं।





## फास्ट फूड और कोल्ड ड्रिंक का सेवन बीमारियों को दे रहा आमंत्रण:जैन मुनि

**गया :** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी जी के 2622 वां जन्म कल्याणक महोत्सव पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। रमना रोड स्थित दिगंबर जैन मंदिर में जैन अनुयायियों की ओर से महावीर स्वामी जी का जन्मोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। श्री दिगंबर जैन मंदिर में जैन मुनियों के द्वारा दिव्य प्रवचन कार्यक्रम आयोजित किया गया,जिसमें 108 शीतल सागर जी महाराज ने जैन अनुयायियों को अपने दिनचर्या में जियो और जीने दो का पालन करने पर जोर दिया।उन्होंने कहा कि फास्ट फूड्स, कोल्ड ड्रिंक्स, डिब्बाबंद फूड रसायन युक्त होते हैं, जो कई तरह की बीमारिया को आमंत्रण दे रहा है। उन्होंने छोटे-छोटे बच्चों को कोल्ड ड्रिंक और डिब्बाबंद पेय पदार्थों को पीने से परहेज रखने को कहा। जानलेवा हो सकता है। उन्होंने महिलाओं को आगाह किया कि सौंदर्य प्रसाधन की सामग्रियों में जानवरों की चर्बी मिली होती है इससे प्रयोग के पूर्व सावधानी बरतनी जरूरी है। जैन मुनि ने जैन धर्मावलंबियों को भगवान महावीर के बताए हुए समुदाय के महिलाएं पुरुष बच्चे एवं बुजुर्ग उपस्थित थे।

## संपादकीय

# राहुल प्रकरण बैक फायर कर गया है, भाजपा की सोच

राहुल गांधी को लेकर भाजपा की आईटी सेल का काम उल्टा पड़ गया है। दरअसल चुनावी तैयारियों में जुटी भाजपा की बैठक में परोक्ष रुप से यह बात स्वीकार ली गयी है। इसी वजह से अपने आईटी सेना को खास निर्देश देने के क्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को इस बारे में बोलना पड़ गया। साथ ही यह भी निर्देश जारी किया गया कि इस आईटी सेल के लिए नये लोगों को जोड़े और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व का अधिक से अधिक प्रचार करें। इससे साफ है कि इस बार भी भाजपा नरेंद्र मोदी के नाम के भरोसे ही आगे बढ़ने की रणनीति पर काम कर रही है। दो दिवसीय कार्यशाला में ट्विटर, फेसबुक और इंस्टाग्राम का उपयोग करने के तरीके के बारे में बताया गया। कार्यशाला में भाग लेने वाले नेताओं में से एक ने बताया कि नड्डा ने सांसदों से अपने ट्विटर हैंडल पर चल रही सामग्री की गुणवत्ता जानने के लिए अपने सोशल मीडिया कर्मियों के साथ नियमित रूप से बातचीत करने को भी कहा। इससे साफ है कि मीडिया के बहुमत से भाजपा की दूरी की बात भी भाजपा को समझ में आ चुकी है।



कार्यशाला में भाग लेने वाले एक ने बताया आईटी सेल के प्रमुख मालवीय का भाषण तकनीकी पहलुओं पर केंद्रित था, और नेटिजन्स को कैसे जोड़ रखा जाए और आउटरीच कैसे बढ़ाया जाए। मालवीय ने खेद व्यक्त किया कि ज्यादातर सांसद ऐसी सामग्री पोस्ट करने में विफल रहते हैं जिसका बड़ा राजनीतिक प्रभाव होता है। मालवीय ने एक उदाहरण देते हुए कहा कि 2008 के जयपुर सीरियल धमाकों के एक आरोपी को हाल ही में राजस्थान में रिहा कर दिया गया था, लेकिन अधिकांश सांसद अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अशोक गहलोत सरकार को घेरने के लिए इस मुद्दे को उठाने में विफल रहे। उन्होंने सांसदों से यूट्यूब पर ध्यान केंद्रित करने के लिए भी कहा, जिसके दर्शकों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ रही है। आईटी सेल प्रमुख ने बताया कि बहुत कम सांसदों के पास खुद के लिए एक समर्पित यूट्यूब चैनल है। वैसे इस बार के चुनाव में भी नमो एप के जरिए प्रचार को आगे बढ़ाने की बात कही गयी। पार्टी नेतृत्व ने बताया कि तीनों सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल अलग-अलग लक्षित समूहों को संभालने के लिए किया जाना चाहिए। 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए और अधिक सोशल मीडिया स्वयंसेवकों की भर्ती करने और प्रचार शुरू होने से पहले सभी निर्वाचन क्षेत्रों में सोशल मीडिया सेल स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया था। उन्होंने कहा कि पार्टी की विचारधारा और मोदी के नेतृत्व की ओर आकर्षित होने वाले राष्ट्रवादी युवाओं की ऊर्जा को इस उद्देश्य के लिए उपयोग किया जाना चाहिए। पार्टी नेतृत्व ने वहां विधानसभा चुनाव से पहले पूरे गुजरात में आयोजित सोशल मीडिया कॉन्क्लेव और उत्तर प्रदेश में अपनाई गई प्रचार रणनीति की सराहना की, जिसके कारण सीएम योगी आदित्यनाथ एक ब्रांड बन गए। वैसे इस कार्यशाला की खास बात यह रही कि सोशल मीडिया प्रमुखों को विपक्ष के हमलों का सक्रिय रूप से मुकाबला करने के लिए कहा गया था, लेकिन बिना आपा खोए। यह बताया गया था कि जब भी विपक्ष ने प्रधानमंत्री और पार्टी पर हमला किया, तो जवाबी हमला बिना शांत हुए सभ्य तरीके से होना चाहिए। यह तथ्यों और आंकड़ों के साथ होना चाहिए। साधारण सोशल मीडिया पोस्ट की तुलना में इसकी लंबी उम्र है। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने मंगलवार को पार्टी की सोशल मीडिया टीमों से संगठन के मूल्यों का पालन करने और राजनीतिक प्रवचन के स्तर को कम करने से बचने के लिए कहा, चाहे विपक्ष जो भी कहानी चुनता हो। इस एक बात से साफ है कि पार्टी यह मान चुकी है कि राहुल गांधी के खिलाफ हाल का अभियान उल्टा असर छोड़ गया है। पार्टी नेताओं ने कहा कि दिन भर की कार्यशाला का संचालन भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बी एल संतोष, राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े और संगठन के सोशल मीडिया और आईटी विभाग के प्रभारी अमित मालवीय ने किया। सत्र में सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की भाजपा सोशल मीडिया टीमों ने भाग लिया। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि कैसे सोशल मीडिया समसामयिक मुद्दों पर समय पर प्रतिक्रिया देने का प्राथमिक साधन बन गया है। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने राज्य की टीमों को सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के पार्टी के मूल्यों का पालन करने का आह्वान किया और उनसे कहा कि वे राजनीतिक प्रवचन के स्तर को कम करने में लिप्त न हों, भले ही विपक्ष कोई भी कहानी चुनता हो। स्पष्ट है कि भाजपा वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए सूचना प्रसार के स्तर पर कमर कसकर तैयार है। इन तैयारियों से यह प्रतीत होता है कि राहुल की भारत जोड़ो यात्रा के बाद के घटनाक्रमों ने भाजपा को नये सिरे से सोचने पर मजबूत कर दिया है।

# अजेय भाजपा के मुकाबले कौन

## भारतीय जनता पार्टी का 43वां स्थापना दिवस



भारतीय जनता पार्टी की राजनीतिक यात्रा को 6 अप्रैल को 43 वर्ष पूर्ण हुए हैं पर हमारी वैचारिक राजनीतिक यात्रा 21 अक्टूबर 1951 को डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की अध्यक्षता में ह्यभारतीय जनसंघह्व की स्थापना से प्रारम्भ हुई थी। आज हम देश के राजनीतिक परिदृश्य पर दृष्टि डाले तो भाजपा 20 करोड़ से ज्यादा सदस्यों के साथ विश्व में सबसे बड़ा राजनीतिक दल है। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में एनडीए की सरकार के नौ वर्ष पूरे होने वाले है। मोदीजी के नेतृत्व में आज देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। हथियारों के मामले में देश आत्मनिर्भर हुआ है और कई देशों को हथियार बेचे जा रहे हैं।

आतंकवाद के विरोध में विश्वव्यापी अभियान छेड़ा गया है। देश में नक्सलवाद बहुत सीमित इलाके में बचा है। जनता के हित और कल्याण के लिए उठाए गए कदमों से देश की आर्थिक प्रगति की रफ्तार तेज हुई है। गरीब, किसान, मजदूर, महिलाओं, युवाओं, अनुसूचित जाति और पिछड़ों के लिए चलाई गई योजनाओं से उनकी हालत में सुधार आया है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास का नारा मोदीजी के नेतृत्व में पूरी तरह साकार हुआ है।



**कैलाश विजयवर्गीय**
स्तंभकार

भाजपा का पूरे देश में विस्तार हुआ है। लोकसभा में भाजपा के सदस्यों की संख्या 303 हैं और राज्यसभा में 92 सदस्य हैं। देश के 16 राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं। पूर्वोत्तर में भाजपा का परचम फहरा रहा है। आज हम विचार करें कि देश में सबसे लंबे समय तक राज करने वाली कांग्रेस और गैरकांग्रेसवाद का नारा देने वाले राजनीतिक दलों की हालत क्या है। कांग्रेस का विरोध करने वाले नेता कुर्सी के लिए अपने-अपने विचारों और सिद्धांतों को तिलांजलि देते हुए उसकी शरण में जाते रहे हैं। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुकाबला करने के लिए ज्यादातर विरोधी दलों के नेता प्रधानमंत्री पद की दावेदारी के लिए कांग्रेस के समर्थन को लालायित हो रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के अयोग्य सांसद घोषित होने के बाद तो दलों में खींचतान और बढ़ गई है।

आज देश में गैरकांग्रेसवाद की प्रासंगिकता पूरी तरह समाप्त हो गई है। सारे विरोधी दलों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुकाबला करने के लिए रणनीति बनानी पड़ रही है।

देश की स्वतंत्रता के बाद साठवें दशक में गैरकांग्रेसवाद के नारे की शुरूआत की गई पर स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू और कांग्रेस का मुकाबला करने में डा.मुखर्जी सबसे प्रमुख प्रखर नेता के तौर पर स्थापित हुए थे। जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 लागू करने के विरोध में प्रखर राष्ट्रवादी नेता डा.मुखर्जी ने ह्लएक देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगेह्व का नारा देकर कांग्रेस को बड़ी चुनौती दी थी। डा.मुखर्जी के बलिदान से जनसंघ के विस्तार को बहुत आघात लगा था।

समाजवादी नेता डा.राममनोहर लोहिया ने देश में गैरकांग्रेसवाद का नारा बुलंद करने के लिए जनसंघ का सहयोग लिया था। जनसंघ के नेता और एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने गैरकांग्रेसवाद नारे को साकार करने के लिए पूरी ईमानदारी से कार्य किया। दीनदयालजी के सहयोग के कारण ही 1967 के चुनावों में नौ राज्यों में शक्तिशाली कांग्रेस को बड़ा झटका दिया गया। हालांकि उस समय भी लोहियाजी के कुछ शिष्य जनसंघ का विरोध करते थे।

आपातकाल में जनता पार्टी के गठन में जनसंघ ने विशेष भूमिका निभाई और कांग्रेस पहली बार केंद्र की सत्ता से दूर हुई। जनता पार्टी को तोड़ने में भी समाजवादी पृष्ठभूमि के नेताओं ने बड़ी भूमिका निभाई थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई की सरकार गिराकर कांग्रेस ने चौधरी चरण सिंह की सरकार बनाई। नतीजा यह हुआ कि 1980 में कांग्रेस ने फिर से इंदिरा गांधी के नेतृत्व में सरकार बना ली। 1991 में चंद्रशेखर भी इसी तरह कांग्रेस के खेल में फंस गए थे। इससे पहले 1980 में 6 अप्रैल को शीर्ष नेता अटल बिहारी के नेतृत्व में भाजपा की स्थापना करके देश में नई राजनीति की शुरूआत की गई। 1980 के बाद भाजपा के साथी अपनी सुविधा के अनुसार बदलते रहे। श्री अटल बिहारी वाजपेयी और श्री लालकृष्ण आडवाणी के नेतृत्व में देश की राजनीति ने 80 के दशक से परिवर्तन को देखना शुरू किया था। 1996 में वाजपेयीजी के नेतृत्व में देश में पहली बार विशुद्ध गैरकांग्रेस प्रधानमंत्री की सरकार बनी। वाजपेयी ने 13 दिन और 13 महीने की सरकार के बाद 1999 से 2004 तक सरकार का नेतृत्व किया।

पूरा देश मान रहा है कि श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा अगले वर्ष फिर से केंद्र में सरकार बनाएगी। गैरकांग्रेसवाद का नारा लगाने वाले नीतीश कुमार ने बिहार में एक बार फिर से राष्ट्रीय जनता दल से हाथ मिलाकर बिहार जंगलराज की पुनरावृति करा दी है।

भाजपा की एकमात्र ऐसा राजनीतिक दल है जिसने देश को कांग्रेस की तुष्टीकरण की राजनीति, जातिवाद और वंशवाद से मुक्ति दिलाई है। गैरकांग्रेसवाद के नारे सहारे सत्ता का आनंद लेने वाले नेताओं को आज कांग्रेस के सहारे की आवश्यकता पड़ रही है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और तृणमूल कांग्रेस का गठन कांग्रेस की नीतियों के विरोध में हुआ था। उनके नेताओं को भी कांग्रेस का समर्थन लेने या देने से कभी परहेज नहीं रहा।

आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुकाबले देश में कोई नेता नहीं दिखाई देता। हालत यह है कि सारे विरोधी दलों के नेता मिलकर भी मोदीजी का मुकाबला नहीं कर पा रहे हैं। भाजपा के पास गृहमंत्री अमित शाह जैसे रणनीतिकार हैं। श्री शाह के अध्यक्ष रहते हुए ही भाजपा ने देश में 21 राज्यों में भाजपा ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। हमें पूरी उम्मीद है कि अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव पहले मई में होने वाले कर्नाटक विधानसभा के चुनाव भाजपा की जीत होगी और इस वर्ष के अंत में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के विधानसभा चुनावों में भाजपा कांग्रेस को सत्ता बाहर कर देगी। यही है असली गैरकांग्रेसवाद। भाजपा के स्थापना दिवस पर आप सभी को शुभकामनाएं।

**(लेखक भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष है।)**

# सजा का मापदंड

बहुत समय पहले हरिशंकर नाम का एक राजा था। उसके तीन पुत्र थे और अपने उन तीनों पुत्रों में से वह किसी एक पुत्र को राजगद्दी सौंपना चाहता था। पर किसे? राजा ने एक तरकीब निकाली और उसने तीनो पुत्रों को बुलाकर कहा अगर तुम्हारे सामने कोई अपराधी खड़ा हो तो तुम उसे क्या सजा दोगे?

पहले राजकुमार ने कहा कि अपराधी को मौत की सजा दी जाए तो दूसरे ने कहा कि अपराधी को काल कोठरी में बंद कर दिया जाये। अब तीसरे राजकुमार की बारी थी। उसने कहा कि पिताजी सबसे पहले यह देख लिया जाये कि उसने गलती की भी है या नहीं।

इसके बाद उस राजकुमार ने एक कहानी सुनाई किसी राज्य में राजा हुआ करता



था, उसके पास एक सुन्दर सा तोता था। वह तोता बड़ा बुद्धिमान था, उसकी मीठी वाणी और बुद्धिमत्ता की वजह से राजा उससे बहुत खुश रहता था। एक दिन की बात है कि तोते ने राजा से कहा कि मैं अपने माता-पिता के पास जाना चाहता हूं। वह जाने के लिए राजा से विनती करने लगा। तब राजा ने उससे कहा कि ठीक है पर तुम्हें पांच दिनों में वापस आना होगा। वह तोता जंगल की ओर उड़ चला, अपने माता-पिता से जंगल में मिला और खूब खुश हुआ। ठीक पांच दिनों बाद जब वह वापस राजा के पास जा रहा था तब उसने एक सुन्दर सा उपहार राजा के लिए ले जाने का सोचा।

वह राजा के लिए अमृत फल ले जाना चाहता था। जब वह अमृत फल के लिए पर्वत पर पहुंचा तब तक रात हो चुकी थी। उसने फल को तोड़ा और रात वहीं गुजारने का सोचा। वह सो रहा था कि तभी एक सांप आया और उस फल को खाना शुरू कर दिया। .. ..**जारी।**

## गुड फ्राइडे अविवाहित पादरियों की

# गुड फाइडे पर खास- गांधी जी से संबंध रखने वाले पादरी



**विवेक शुक्ला**
पत्रकार

राज निवास के साथ खड़ी इमारत को पहली नजर में देखनें में समझ आने लगता है कि ये कोई सामान्य नहीं हो सकती है। ये अपने अंदर पूरा इतिहास समेटे होगी। इसकी दीवारें और आर्किटेक्चर गुजरे दौर की गवाही देती हैं। इसके आगे-पीछे हरियाली है। कई ऊंचे-ऊंचे बुजुर्ग छायादार द?रख्त लगे हैं। इन पर बैठे परिंदे चहचहा रहे हैं। आपको अंदर जाने के कुछ हलचल नजर आती है। राजधानी के स्थायी शोर के बीच यह अलग सुकून भरी जगह समझ आती है। ब्रदरहुड हाउस में आजकल गुड फ्राइडे और फिर ईस्टर की तैयारियां चल रही हैं। ब्रदरहुड हाउस में फिलहाल छह पादरी रहते हैं। ये संख्या बढ़ भी जाती है। यहां पर विवाहित पादरियों को रहने के लिये ही स्पेस नहीं मिलता। दरअसल दिल्ली में ब्रदरहुड ऑफ दि एसेंनडेंड क्राइस्ट की स्थापना सन 1877 में हुई थी। इस संस्था का संबंध कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी से है। इन्होंने ही राजधानी में सेंट स्टीफंस कॉलेज और सेंट स्टीफंस अस्पताल की स्थापना की। इन्होंने श्रेष्ठ शिक्षा देने तथा रोगियों का इलाज करने में अतुलनीय योगदान दिया है। सेंट स्टीफंस कॉलेज में देश-विदेश के अनेक राष्ट्राध्यक्ष भी पढ़े हैं। चूंकि ये सब पादरी ब्रदरहुड ऑफ दि एसेंनडेंड क्राइस्ट से संबंध रखते है, इसलिये इन्हें ब्रदर कहा जाता है।

> **दरअसल दिल्ली में ब्रदरहुड ऑफ दि एसेंनडेंड क्राइस्ट की स्थापना सन 1877 में हुई थी। इस संस्था का संबंध कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी से है। इन्होंने ही राजधानी में सेंट स्टीफंस कॉलेज और सेंट स्टीफंस अस्पताल की स्थापना की।**

ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय और उनकी कुछ समय पहले दिवंगत हुईं मां राजकुमारी एलिजाबेथ का दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी से लगातार संबंध बना रहा। ये दोनों ब्रदरहुड के केन्द्रों में आते भी रहे। अगर बात किंग चार्ल्स की करें तो वे जब अपने देश के राजकुमार थे, वे तब 1997 में दिल्ली आए थे। अपनी उस यात्रा के दौरान वे दिलशाद गार्डन के करीब ताहिरपुर में ब्रदरहुड सोसायटी के सेंट जॉन वोकेशनल सेंटर की गतिविधियों को देखने पहुंचे थे। यहां पर समाज के कमजोर तबकों से जुड़े सैकड़ों नौजवानों के लिए एयरकंडीशनिंग, मोटर मैक्निक, ब्यूटिशियन, कारपेंटर, टेलरिंग वगैरह के कोर्स चलाए जाते हैं। राजकुमारी एलिजाबेथ अंतिम बार 1997 में अपने भारत दौरे के समय दिल्ली आईं थीं। वह तब ब्रदर्स हाउस भी गईं थीं। वहां पर उन्होंने उन पादरियों से मुलाकात की थी।

अब अपना एक सदी का सफर पूरा करने वाला है ब्रदर हुड हाउस। यह इधर सन 1925 में बना था। ये देश का एकमात्र आशियाना है,जहां पर अविवाहित पादरी रहते हैं। ब्रदर मोनोदीप डेनियल यहां गुजरे तीन दशकों से रहते हैं। वे मूल रूप से लखनऊ से हैं। दिल्ली आए तो यहां पर ही रहने लगे। वे सेंट स्टीफंस कॉलेज में कुछ सालों तक इंग्लिश भी पढ़ाते रहे हैं। ब्रदर डेनियल बताते हैं कि ब्रदर्स हाउस में रहने वाले पादरियों का अधिकतर समय चर्च, चर्च से जुड़े कामों और उन स्कूलों-संस्थानों में गुजरता है जिन्हें वे चलाते हैं। ब्रदर डेनियल उदाहरण के तौर पर दिल्ली से सटे साहिबाबाद के दीन बंधु स्कूल में चले जाते हैं। वहां पर दिल्ली और यूपी के हाशिये पर रहने वाले परिवारों के बच्चे पढ़ते हैं। दीन बंधु स्कूल गांधी जी के परम मित्र सीएफ एंड्रयूज के नाम पर दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने स्थापित किया था। इसी का ही है ब्रदर हुड हाउस। सीएफ एंड्रयूज भी इस सोसायटी के सदस्य थे। वे भी ब्रदर हाउस में रहे है, जब यह फतेहपुरी चर्च के पास हुआ करता था। यह 1925 से पहले की बातें हैं। सी.एफ.एंड्रयूज सेंट स्टीफंस कॉलेज में अंग्रेजी पढ़ाते थे। वे दक्षिण अफ्रीका में गांधी जी से 1916 में मिले थे। उसके बाद दोनों घनिष्ठ मित्र बने।

## जानकारी

# क्रिस्टल वर्ल्ड



क्रिस्टल वर्ल्ड को हरिद्वार का 'बेस्ट एंटरटेनमेंट डेस्टिनेशन'माना जाता है। गंगा की पवित्र भूमि में 18 एकड़ भूमि पर फैले क्रिस्टल वर्ल्ड वाटर पार्क में 18 से अधिक रोमांचकारी जल की सवारी कर सकते हैं। इसके अलावा कई अन्य खेलों और गतिविधियों के अलावा यहां प्रसिद्ध 5 डी वाटर राइड भी उपलब्ध है। पार्क को निजी पार्टियों, शादियों और अन्य कार्यों की मेजबानी करने के लिए भी जाना जाता है। परिवार के साथ यहां अच्छा समय बिताया जा सकता है।

**भारत माता मंदिर हरिद्वार का टूरिस्ट डेस्टिनेशन**

इस मंदिर को मदर इंडिया टेम्पल के नाम से भी जाना जाता है। इस धार्मिक मंदिर की स्थापना स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि ने की थी। 1983 में इस मंदिर का उद्घाटन तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने किया था।

# 5000mA बैटरी, 8MP कैमरा के साथ आज होगा लॉन्च!

## साइबर दुनिया



नई दिल्ली : Poco C51 कथित तौर पर भारत में 7 अप्रैल को लॉन्च होने वाला है। Xiaomi के सब-ब्रांड वाला सी-सीरीज स्मार्टफोन Flipkart के जरिए एंट्री ले सकता है। हालांकि खबर लिखते वक्त लिस्टिंग वेबसाइट से हटा दी गई थी। स्क्रीनशॉट लिस्टिंग से पता चलता है कि Poco C51 में 6.52 इंच की डिस्प्ले और MediaTek Helio G36 SoC मिलेगा। पोको के आगामी फोन में 5,000mAh की बैटरी भी मिल सकती है। Poco C51 IZY Redmi A2+ का रीब्रांड होने की उम्मीद है।

Fonearena की एक रिपोर्ट में Flipkart पर Poco C51 का एडवरटाइजमेंट देखा गया है। ऐसा लग रहा है कि लिस्टिंग को ई-कॉमर्स वेबसाइट से हटा दिया गया है। लिस्टिंग के स्क्रीनशॉट से फोन की लॉन्च तारीख और स्पेसिफिकेशन का पता चला है। यह फोन भारत में 7 अप्रैल को दोपहर 12 बजे पेश हो जाएगा।

**Poco C51 के फीचर्स और स्पेसिफिकेशंस**

लिस्टिंग के अनुसार, Poco C51 एंड्रॉयड 13 (गो एडिशन) पर काम करेगा। इस फोन में 6.52 इंच की डिस्प्ले के साथ सेल्फी कैमरा के लिए होल पंच कटआउट होगा। प्रोसेसर की बात करें तो यह फोन MediaTek Helio G36 SoC से लैस होगा। इस फोन में 4GB RAM होगी, जिसे 3GB वर्चुअल रैम के जरिए 7GB तक बढ़ाया जा सकता है। लिस्टिंग से पता चलता है कि पोको सी51 के रियर में 8 मेगापिक्सल का ड्यूल रियर कैमरा होगा। यह फोन रियर माउंटेड फिंगरप्रिंट सेंसर के साथ आएगा। बैटरी बैकअप की बात करें तो फोन में 5,000mAh की बैटरी दी जाएगी। Poco C51 के Redmi A2+ के रीब्रांडेड वर्जन के तौर पर एंट्री करने की संभावना है, जिसे बीते हफ्ते मार्च में चुनिंदा ग्लोबल मार्केट में लॉन्च किया गया था।

## टॉप ट्वीट

"'श्री हनुमान जयंती' की आपको हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। अपरिमित बल, ज्ञान और संयम के पर्याय संकटमोचन, परम रामभक्त हनुमान जी की कृपा से हर घर-आंगन में सुख, समृद्धि और आनंद का वास हो, सबका मंगल और कल्याण हो; यही प्रार्थना करते हैं।"

शिवराज सिंह चौहान
मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री





"एक साथी, अभिभावक और भगवान राम के भक्त को श्रद्धांजलि, टीम इस पवित्र अनावरण के साथ हनुमान जन्मोत्सव के उत्साह को और बढ़ाती है। उन्होंने लिखा, "राम के भक्त और रामकथा के प्राण जय पवनपुत्र हनुमान!"

ओम राउत
बॉलिवुड निर्देशक

## संपादक के नाम पत्र

### बढ़ती हत्याओ से खून के रिश्ते तारतार

मनुष्य ने सुख के लिए गांव बसाए,कस्बे और नगर बसाए और फिर नगरों को महानगर बना डाला,मगर उसे सुख नही मिला ।मिलता कैसे,जो समुद्र में था,उसे रेगिस्तान में खोजा ।जो भीतर था ।उसे बाहर ढूंढ रहा है ।इच्छाए अनन्त है ।मनुष्य चारो तरफ इच्छाओं से घिरे है ।संसार मे सुख खोजेंगे तो वह सुख मिलेगा जिसकी नींव दु:ख पर खड़ी है ।संयोग में बड़ा सुख है ।लेकिन एक दिन वियोग का दु:ख अनिवार्य रूप से मिलेगा ।सच्चा सुख हमेशा रहता है ।आज समाज मे अल्पकाल के सुख के लिए एक दूसरे की हत्या करना सामान्य बात हो गई है ।समाज मे धोखाधड़ी, बेईमानी,मारपीट,झगड़ा परिवार में वादविवाद आदि रोजमर्रा होता जा रहा है ।इंसान अल्प सुख की चाह में हत्या करने लग गया है ।छोटी सामान्य बातो में परिवार या रिस्तेदारो के खून का प्यासा बन रहा है ।यह अज्ञान की पराकाष्ठा है ।यह वह अज्ञान है जिससे वह अच्छे और बुरे वक्त की उसको कोई ज्ञान नही है ।एक तरफा प्यार में युवती की हत्या कर दी जाती है ।जिसको लेकर उस युवती को यह खबर नही है कि कोई अपनी हवस में अंधा बना हुआ है ।मानसिक विक्षिप्तता समाज की ढाल बनती जा रही है ।आज युवाओ के मन धर्म के प्रति जिज्ञासा नही है ।उनको समाज मे धार्मिकता की पालना करने के लिए मार्ग प्रशस्त करने वाले धर्म गुरु की आवश्यकता है,लेकिन आधुनिकता की दुहाई देकर युवा धर्म से दूर भाग रहे है ।इस विघटनकारी सामाजिक व्यवस्था में इंसान अपने ही जान का दुश्मन बनकर हत्या करने लगा है ।उस हत्या के परिणाम को शायद उसको खबर नही है,वह अनभिज्ञ है ।सोनीपत में लव स्टोरी का खौफनाक मंजर देखकर दिल कांप उठता है ।प्रेमिका को कनाडा से बुलाकर गोली मारकर मौत के घाट उतारने वाले शनकी व्यक्ति की करतूत से हरियाणा में सनसनी फैल गई ।रोहतक जिले के बालन्द की रहने वाली विवाहित को उसके पति ने गोलीमार दफना दिया।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### हनुमान जयंती पर निकली शोभायात्रा

**इचाक** : इचाक हनुमान जयंती के अवसर पर प्रखंड के पुराना इचाक पंचायत अंतर्गत कान्दू मुहल्ला स्थित नवनिर्मित बजरंगबली के मंदिर में ध्वजारोहण किया गया। इसके उपरांत मंदिर प्रांगण से हनुमानजी की प्रतिमा को नगर भ्रमण कराया गया। नगर भ्रमण में सैकड़ो महिला पुरुष शामिल थे।

## सिटी अपडेट्स >>

### झारखंड को हमेशा खलेगी जगन्नाथ महतो कमी :सीपीआई

**हजारीबाग** : भारतीय भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड राज्य परिषद झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करता है। उनकी मृत्यु से राज्य के लोकतांत्रिक आंदोलन को भारी क्षति हुई है। वे एक कर्मठ , सरल और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी राजनेता थे और कुशल प्रशासक थे। सीपीआई के वरिष्ठ नेता सह पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता राज्य सचिव महेंद्र पाठक एवं कार्यालय सचिव अजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर उनके शोक संतप्त परिवार और उनकी पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा को अपनी गहरी संवेदना प्रेषित किया है साथ ही कहा कि कि जगन्नाथ महतो की कमी झारखंड को हमेशा खलेगी जगन्नाथ महतो झारखंड आंदोलन में सक्रिय भूमिका का निर्वहन किया था उन्हें जो भी दायित्व दिया गया उसे उन्होंने ईमानदारी पूर्वक और झारखंड के हित में रहकर पूरा करने का प्रयास किया जगन्नाथ महतो जी झारखंड के लोगों को हमेशा याद आएंगे झारखंड के लिए का अपूरणीय क्षति है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### श्रीनिवास सेवा रसोई' संस्थान का सेवा में हुआ विस्तार व नवीकरण

**हजारीबाग** : हजारीबाग देवांगना चौक स्थित 'श्रीनिवास सेवा रसोई' संस्थान का दिन गुरूवार को सेवा में विस्तार एवं नवीकरण हुआ। विस्तार व नवीकरण उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि परी फाउंडेशन निदेशक रोली गुप्ता ने विधिवत फीता काटकर शुभारंभ किया। इसके साथ बीपीएल कार्डधारकों के लिए 'श्रीनिवास सेवा स्टोर' का उद्घाटन हुआ। स्टोर के माध्यम से मात्र 10 रुपए से लेकर 50 रुपए तक सभी समान उपलब्ध किया जाएगा। सेवा विस्तार में महिला एंव पुरूष के लिए अलग-अलग स्टॉल बनाया गया है। अलग-अलग स्टॉल के माध्यम से भोजन लेने में महिलाओं एंव पुरूषों को सहुलियत मिलेगी। श्रीनिवास सेवा रसोई के माध्यम से 25 रुपए में भरपेट पौष्टिक भोजन उपलब्ध किया जाएगा। मुख्य अतिथि परी फाउंडेशन निदेशक रोली गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि हजारीबाग शिक्षा जगत का हब माना जाता है। ऐसे में श्रीनिवास सेवा रसोई का विस्तार होना पौष्टिक भोजन उपलब्धता में विधार्थियो व जरूरतमंदों के लिए वरदान साबित होगा। साथ ही बीपीएल कार्डधारकों के लिए 'श्रीनिवास सेवा स्टोर' का भी उद्घाटन हुआ। जिसमें 10 रुपए से लेकर ?50 रुपए तक सभी समान उपलब्ध होने से जरूरतमंदों को काफी राहत मिलेगा। वर्तमान दौर में महंगाई चरम पर है। अलग-अलग स्टॉल के माध्यम से कम मुल्यों पर विधार्थी, कामगार मजदुरो, महिलाओं व अन्य लोगों को पौष्टिक आहार उपलब्धता में सहुलियत मिलेगी। हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने अपने संबोधन में कहा कि वक्त की मांग के साथ हम लगातार प्रयत्नशील है। एक वर्ष से अधिक से श्रीनिवास सेवा रसोई आप सभी के बीच सेवा दे रही है।

**अवसर** — भाजपाइयों ने उत्साह के साथ मनाया पार्टी का स्थापना दिवस समारोह

# भाजपा सिद्धान्तों और विचारों की पार्टी: अनंत

**▶▶ विधायक अनंत ओझा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सम्बोधन हमेशा प्रेरणादायी होता हैं**

राष्ट्रीय खबर



**साहेबगंज** : देशव्यापी कार्यक्रम के तहत गुरुवार को भाजपा कार्यकत्ताओं ने साहिबगंज में पार्टी का स्थापना दिवस समारोह उत्साह के साथ मनाया। प्रदेश भाजपा के पूर्व महामंत्री सह राजमहल अनंत ओझा ने शोभनपुर भट्टा स्थित अपने आवास पर पार्टी का झंडा फहराया। वहीं पूरे जिले में भी भाजपा कार्यकर्त्ता अपने आवास पर पार्टी का झंडा लगाया।

बाद में कार्यकर्ता भाजपा के 44वें स्थापना दिवस के मौके पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को भाजपा विधायक अनंत ओझा के साथ लाइव सुना। मौके पर विधायक अनंत ओझा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सम्बोधन हमेशा प्रेरणादायी होता हैं उनके सम्बोधन से पार्टी के कार्यकत्ताओं में ऊर्जा का संचार होता हैं। उन्होंने कहा कि हमे लोगो का दिल जीतना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हनुमानजी सब कुछ कर सकते हैं, सबके लिए करते हैं, लेकिन अपने लिए कुछ नहीं करते।

यही भाजपा की प्रेरणा है। कहा कि आज देश का गरीब, आम आदमी, युवा, माताएं-बहनें, शोषित-वंचित हर कोई भाजपा के कमल को खिलाने और रक्षा करने के लिए ढाल बनकर खड़ा है, लेकिन हमारा जोर विकास, देशवासियों के कल्याण पर है। कार्यक्रम के बाद भाजपा किसान मोर्चा ने जनसंघ कार्यकाल से पार्टी से जुड़े कार्यकत्ताओं एवं किसानों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम में मुख्यरूप से विधायक अनंत ओझा उपस्थित रहे। राजमहल विधायक अनंत ओझा ने जनसंघ के समय से भाजपा से जुड़े रहे साहेबगंज निवासी दुख्खा प्रसाद साह को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

जिला अध्यक्ष रामदरश यादव ने केशव तंबाकूवाला को सम्मानित किया। वहीं रामानंद साह ने कृषक साधु चरण सिंह को सम्मानित किया। मौके पर दोनों वरिष्ठ कार्यकत्ताओं ने जनसंघ और उससे पहले का समय याद करते हुए भावुक हो गए। उन्होंने ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दिन दयाल उपाध्याय ने जो सपना देखा था उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साकार कर रहे है। वहीं विधायक अनंत ओझा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सिद्धान्तों और विचारों की पार्टी हैं।

हम लोग सौभाग्यशाली हैं कि हम दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी के कार्यकर्त्ता हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कभी भी सत्ता के लिए अपने विचारधारा से समझौता नहीं किया। बाद में विधायक ने दीवाल लेखन कार्यक्रम का साहेबगंज में शुभारंभ किया।भाजपा कार्यकर्त्ता प्रत्येक बूथों पर भाजपा के कमल निशान और स्लोगन फिर से मोदी सरकार का स्लोगन लिखेंगे। मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीनिवास यादव,रामानंद साह, संजीव पासवान आदि मौजूद थे।

## स्कूल में पठन-पाठन सामाग्री का हुआ वितरण



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग** : कटकमसांडी प्रखंड के गदोखर ग्राम में भारतीय जीवन बीमा निगम के हजारीबाग मंडल कार्यालय, शाखा कार्यालय एवं सीएबी कार्यालय के महिला साथियों ने बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल के तत्वाधान में महिला दिवस पर के अवसर पर हिल ग्रीन पब्लिक स्कूल में पंखा, मिष्ठान एवं पठन- पाठन सामाग्री का वितरण किया। महिला समिति की सह संयोजक कामरेड प्रतिभा लकड़ा ने कहा कि नारी शक्ति ही वो शक्ति है जो अपने साहस, परिश्रम और दूरदर्शिता से असंभव को संभव कर दिखाती है। बीमा कर्मचारी संघ के महासचिव का. जगदीश चंद्र मित्तल ने बच्चों से कहा की ध्यान लगा कर शिक्षा ग्रहण करें और अपने मुकाम तक पहुंचे। छात्रों को समय समय पर एलआईसी उज्वल भविष्य के लिए हर सहयोग करता रहेगा। कार्यक्रम में का. कृति, का. पूनम सिंह, का. रूबी, का. अंजलि, का. कंचन टोपनो के अलावे बीमा कर्मचारी संघ के महासचिव का. जगदीश चंद्र मित्तल, बच्चे मौजूद थे।

सदर विधायक कार्यालय में मनाया गया भाजपा का 44 वां स्थापना दिवस

## विधायक संग कार्यकर्ताओं ने सुना पीएम का उद्बोधन

राष्ट्रीय खबर

**हजरीबाग** : हजारीबाग गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के 44 वें स्थापना दिवस के अवसर पर स्थानीय झंडा चौक के समीप अवस्थित सदर विधायक कार्यालय परिसर में विधायक मनीष जायसवाल की अध्यक्षता में पार्टी के आदर्श पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पार्पण कर विश्व की बड़ी राजनीतिक दल का स्थापना दिवस हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। मौके पर सदर विधायक मनीष जायसवाल ने राष्ट्रवादी विचारधारा और सिद्धांतों पर आधारित भारतीय जनता पार्टी से जुड़े सभी देवतुल्य कार्यकताओं को स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने कहा की भारतीय जनता पार्टी के वैसे दिवंगत परियों को मेरी विनम्र श्रद्धांजलि जिन्होंने अपने खून पसीने से पार्टी को शिक्षा और आज इस काबिल बनाया एवं विषम परिस्थितियों में भी अपनी और अपने परिवार की चिंता छोड़ कर संगठन को परिवार मानकर सर्वस्व निछावर करके राष्ट्र और मानवता के हित में कार्यरत भारतीय जनता पार्टी के करोड़ों चौकीदार रूपी पार्टी कार्यकताओं के दिलेरी और जज्बे को सलाम जिनके बदौलत आज भाजपा हिंदुस्तान में राज कर रही है और पूरे विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक दल बनकर उभरी है। उन्होंने कहा कि भाजपा हमें राष्ट्र सेवा और मानवता की प्रेरणा देती है। विधायक मनीष जायसवाल ने भाजपा शासित प्रदेशों के सुशासन की स्थिति और गैर भाजपा शासित प्रदेशों की कुशासन के फर्क को भी बड़े तार्किक तरीके से रखा। विधायक मनीष जायसवाल ने सभी कार्यकताओं से आपसी मतभेद त्याग कर मिशन 2024 को लक्ष्मण कर इसे भेजने की दिशा में आगे बढ़ने का संकल्प भी दिलाया। विधायक मनीष जायसवाल ने यह भी कहा कि जीत तो हमारी निश्चित हैं लेकिन हमें मार्जिन बढ़ाकर जितने की ओर ध्यान देना चाहिए। मौके पर विशेष रुप हजारीबाग नगर निगम की मेयर रौशनी तिर्की, अनिल मिश्रा, हरीश श्रीवास्तव, देवी, मनोरम राणा, कंचन देवी, विजय वर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

## अधिकारियों व कर्मियों ने शोक व्यक्त कर दो मिनट का मौन रखा



**▶▶ सभी सरकारी कार्यालयों को बंद करने का निर्देश दिए**

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग** : माननीय मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखण्ड के असामयिक निधन पर राज्य सरकार ने दिवंगत माननीय मंत्री के सम्मान में 06.04.2023 से 07.04.2023 तक दो दिवसीय राजकीय शोक मनाने का निर्णय लिया है।उक्त अवधि में उन सभी भवनों, जहाँ नियमित रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराये जाते हैं, पर राष्ट्रीय ध्वज आधे झुके रहेंगे एवं किसी भी प्रकार के राजकीय समारोह का आयोजन नहीं किया जायेगा।

राज्य सरकार द्वारा यह भी निर्णय लिया गया है कि राज्य सरकार के सभी कार्यालय दिनांक 06.04.2023 को बन्द रहेंगे।राज्य सरकार के राजकीय शोक के निर्णय के आलोक में जिला समाहरणालय के सभी अधिकारीयों व कर्मियों ने शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखा। साथ ही निदेर्शानुसार जिले के सभी सरकारी कार्यालयों को बंद करने के निर्देश दिए गए।

## पीरटांड़ में धूमधाम के साथ मनाया गया हनुमान जयंती

राष्ट्रीय खबर

**पीरटांड़** : पीरटांड़ के पालगंज में गुरुवार को धूमधाम के साथ हनुमान जयंती मनाई गई।इस अवसर पर गुरुवार के सुबह से ही पालगंज पंचायत के मथानी चौक स्थित संकट मोचन मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। मंदिर में बुधवार की रात्रि जागरण का आयोजन किया गया था जिसके बाद गुरुवार अहले सुबह भगवान हनुमानजी का जन्मोत्सव मनाया गया एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। वहीं पुजारी रामकिंकर उपाध्याय द्वारा कई धार्मिक कार्य पूरे किए गये। दिन भर पूजा का दौर चलता रहा। पूजा के पश्चात 4-30 बजे मंदिर प्रागंन से भव्य जुलूस निकाली गई जो पालगंज के मुख्य मार्गो से भ्रमण करते हुए वापस बजरंगबली मंदिर पहुंची। इस दरम्यान देर रात तक अखाड़े का आयोजन किया गया।जहाँ पालगंज के खिलाड़ियों के अलावे कई अन्य खिलाड़ियों ने भी एक से बढ़कर एक खेल का प्रदर्शन किया। जुलूस निकालने से पूर्व पालगंज के राजा काशीनाथ सिंह,भाजपा नेता सह अधिवक्ता संघ के महासचिव चुनुकांत, भजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रंजीत राय,मिशन मोदी अगेन के जिला अध्यक्ष शरत भक्त, हनुमान जयंती समारोह के अध्यक्ष रवि रंजन सिन्हा, अखाड़ा उस्ताद अर्जुन साव, सहित कई लोगों को केशरिया पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के मयंक बर्णवाल, सहित कई लोग शामिल रहे।

**सुविधा** — ग्रामीणों के शुगर, ब्लड प्रेशर और वजन की हो रही जांच, दवाईयां भी मुफ्त

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विशेष रंग लायी अदाणी फॉउंडेशन की पहल

**▶▶ घर-घर पहुंची मोबाइल मेडिकल यूनिट**

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग** : हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड गोन्दलपुरा खनन परियोजना के तहत बड़कागांव प्रखंड में अदाणी फॉउंडेशन की मोबाइल मेडिकल यूनिट घर-घर पहुंचकर जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क इलाज की सुविधा मुहैया करवा रही है। यूनिट से जुड़े चिकित्सा दल बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न गांवों में पहुंचकर निःशुल्क इलाज कर रहे हैं। पिछले तीन महीनों के दौरान यहां चार हजार से अधिक ग्रामीणों का निःशुल्क इलाज हुआ है और उन्हें मुफ्त दवाईयां मिली हैं। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी में 896, फरवरी में 1502 और मार्च महीने में 1689 ग्रामीणों की जांच की जा चुकी है। यह यूनिट बड़कागांव प्रखंड के हरली, चपरी, शिवाडीह, जोराकाठ, गाली, रुदी, सांढ़, अम्बाजीत, सुकुलखपिया, डोकाटांड़, नयाटांड, सहदा और महुगाई कला समेत अन्य गावों में लगातार भ्रमणशील है। इस यूनिट से उन दूर दराज के क्षेत्रों के जरूरतमंद ग्रामीणों को काफी लाभ मिला है जो कई कारणों से अस्पताल तक नहीं पहुंच पाते थे।

अदाणी फॉउंडेशन ने इन जरूरतमंदों की इस पीड़ा को समझा और इस मोबाइल मेडिकल यूनिट को मुहैया कराया। इस मोबाइल मेडिकल यूनिट में डॉक्टर, स्टाफ नर्स, फार्मासिस्ट और लैब तकनीशियन शामिल हैं। इनकी मदद से ग्रामीणों के शुगर, ब्लड प्रेशर और वजन की जांच की जा रही है। साथ ही बुखार, खांसी, जुकाम, बच्चों की दवाईयां, सेनेटरी नैपकिन, बच्चों के पेट के कीड़े मारने की दवा, विटामिन सी और महिलाओं के अंदर खून की कमी को दूर करने के लिए आयरन की दवा तथा सिरप का भी निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। मोबाइल मेडिकल यूनिट के डॉक्टर अर्जुन कुमार ने बताया कि पिछले तीन महीनों के दौरान ग्रामीण इलाकों के भ्रमण के दौरान उन्हें अधिकतर वायरल फ्लू के मरीज मिले।

## न्यूज फटाफट

### हजारीबाग के बरही तिलैया रोड पर बड़ी सड़क हादसा एक की मौत 11 लोग घायल



**हजारीबाग** : हजारीबाग के बरही तिलैया रोड में बड़ी सड़क हादसा हुई। एक परिवार बोलेरो में सवार होकर तिलैया गायत्री यज्ञ में शामिल होने के लिए जा रहा था। अचानक बरही तिलैया रोड के घाटी में टेलर से टकरा गई जिससे घटनास्थल पर ही चंद्रभूषण नायक की मौत हो गई। घटना में 11 अन्य लोग बुरी तरह घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज आरोग्यम मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल हजारीबाग में किया जा रहा है। गायत्री यज्ञ में शामिल होने जा रहे दूसरे वाहन पर सवार सीताराम राणा ने कहा कि नंदू साव का परिवार बोलेरो वाहन पर सवार होकर तिलैया के लिए चौपारण प्रखंड के रसिया डी से निकला। चौपारण से सुरक्षित निकलने के बाद जैसे ही तिलैया घाटी में बोलेरो की एंट्री हुई अचानक से टेलर ने बोलेरो को जोरदार टक्कर सामने से मार दिया जिससे घटना हो गई। घटना में 3 वर्षीय आशू कुमार रीता देवी देव राज साहू शिवराज साहू नंदू साहू सहित परिवार के 11 सदस्य बुरी तरह घायल हो गए। तिलैया में बड़े पैमाने पर गायत्री यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है जिसमें शामिल होने के लिए संपूर्ण झारखंड से गायत्री परिवार के लोग तिलैया जा रहे थे।

### शिविर बडकागांव में डेंटल कॉलेज लगाया निशुल्क दंत जांच शिविर



**हजारीबाग** : हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल एवं एन.एस.एस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में दिन गुरूवार को बडकागांव स्थित ग्राम चंदौल में निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर में निशुल्क दंत जांच के साथ निशुल्क आंख का जांच एंव निशुल्क ब्लड का जांच भी किया गया। शिविर का लाभ कुल 101 स्थानीय ग्रामीणों ने लिया। इस अवसर पर चिकित्सकों ने मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं शिक्षा कार्यक्रम का संचालन किया। चिकित्सकों की टीम ने शिविर में मुंह एवं दांत में होने वाली बिमारियों एवं इसके रोकथाम के बारे में विस्तार से बताया। दांतों की देखभाल के लिए विशेष रूप से जानकारी दी। आयोजन कर्ताओ ने शिविर से प्रभावित होकर बुनियादी उपचार शिविर में मुफ्त करने के लिए डेंटल कॉलेज का आभार जताया व डेंटल टीम व मेडिकल टीम की सरहाना की। सचिव डॉ। प्रवीण श्रीनिवास ने बताया कि हजारीबाग डेंटल कॉलेज का आदर्श वाक्य कम लागत वाले बुनियादी उपचार में गुणवत्तापूर्ण दंत चिकित्सा प्रदान करना है। अन्य उपचारों में मरीजों को 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग डॉ सौम्या राज ने विभिन्न बीमारियों एवं उनके उपचार पर आवश्यक सलाह दी। शिविर के दौरान डॉ रंजन कुमार, डॉ। अनिमेष हर्षित, डॉ। कुमारी विजया लक्ष्मी, डॉ। महिमा जायसवाल, डॉ। शिविर के दौरान मुकेश महतो, डॉ। अंशु गुप्ता ने अपनी बहुमूल्य सेवाएं दी। शिविर का आयोजन जनसंपर्क अधिकारी राजकुमार दास ने किया।

### बैंक कर्मी के मनमाने के खिलाफ उपायुक्त को दिया आवेदन करवाई करने का किया मांग

**इचाक** : इचाक अनुप कुमार पिता रमेश रवानी ग्राम कलाद्वार निवासी ने उपायुक्त को 6 जनवरी 2023 को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया था की मैं बैंक ऑफ इंडिया इचाक मोड़ शाखा से अपने पंचायत में एक (बीसी पॉइंट) लेना चाहता हूँ। बीसी पॉइंट खोलने और चलाने के लिए जरूरी प्रमाण पत्र एवं बैंक के अनुसर जमा पूंजी (फिक्स डिपॉजिट ) जो रकम दस हजार रुपये सिक्योरिटी के तौर पर हमसे जमा करवा लिया गया है। परन्तु (बीसी पॉइंट) नहीं दिया गया। जबकि बैंक ऑफ इंडिया इचाक मोड़ ब्रांच को, बैंक ऑफ इंडिया हजारीबाग जनरल ऑफिस मेल करके आर्डर दे दिया है। परंतु बैंक ऑफ इंडिया इचाक मोड ब्रांच के सेकंड मैनेजर (शुभम कुमार) रोककर कर रखे हुए हैं। और क्षेत्र भ्रमण करके सेकंड मैनेजर ग्रामीणों से पूछताछ करके संतोष जनक हो चुके थे।इस क्षेत्र में (बीसी पॉइंट) खोलने से ग्रामीण स्तर पर जो माताएं बहनें और बूढ़े बुजुर्ग जो बैंक जाने में असमर्थ है उनके लिए नजदीकी (बीसी पॉइंट) खुलने से हजारों की संख्या में ग्रामीणों को लाभ मिलेगा तथा बूढ़े बुजुर्ग को विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन की सुविधा प्रदान के लिए बरकाखुर्द पंचायत के ग्राम कालद्वार में (बीसी पॉइंट) की सुविधा होनी चाहिए। बरकाखुर्द पंचायत में किसी भी बैंक का एक भी (बीसी पॉइंट) नहीं है। हमारे क्षेत्र बकाखुर्द पंचायत के दुर्भाग्य की बात है। और यहाँ के ग्रामीणों को पैसा जमा करने, निकासी करने के लिए 10 से 15 किलोमीटर की दूरी तय करके जाना पड़ता है।मैनेजर के कहने के अनुसार बैंक में कई बार अपने क्षेत्र के ग्रामीणों की हस्ताक्षर तथा मुखिया, पंचायत समिति वार्ड सदस्य, के सहमति पत्र कई बार बैंकों में जमा किया हूँ। तथा मैंने सेकंड मैनेजर के अनुसार बैंकिंग की परीक्षा पास करके सर्टिफिकेट जमा कर दिया हूँ। फिर भी मुझे कई महीनों से सेकंड मैनेजर के द्वारा घुमाया जा रहा है। और अद्भुत व्यव्हार किया जाता है। इसलिए मैं कई महीनों से मानसिक तनाव में हूँ।

### शिक्षा मंत्री के निधन पर बड़कागांव के स्कूलों में शोक सभा का आयोजन

**बड़कागांव** : बड़कागांव झारखंड के शिक्षा मंत्री के निधन बड़कागांव प्रखंड विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों में शोक सभा आयोजित की गई। आदर्श मध्य विद्यालय में शिक्षक चेतलालराम की अध्यक्षता में, राजकीय कन्या मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक रवि शंकर पाठक की अध्यक्षता में, मॉडर्न पब्लिक हाई स्कूल में प्राचार्य मोहम्मद इब्राहिम की अध्यक्षता में, उत्कर्मित उच्च विद्यालय जरजरा में डॉक्टर संतोष भारती के नेतृत्व में शोक सभा आयोजित की गयी। इसके अलावा सोनबरसा उत्क्रमित मध्य विद्यालय प्लस टू हाई स्कूल बड़कागांव बीएम मेमोरियल स्कूल प्रबंधक संदीप कुशवाहा की अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित की गई जिसमें शिक्षक पिंटू कुशवाहा क्लर्क आनंद कुमार राज आदर्श मध्य विद्यालय में शिक्षक विनोद रजक बिना साहू हेमेंद्र कुमार नीलू कुमारी निगर सुलताना मुनेश कुमार राम कमलेश श्रीवास्तव देवेंद्र कुमार तुलसी कुमार रवि कुमार राजू कुमार कार्तिक सोनी समेत अन्य लोग शोक सभा में शामिल होकर शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो की आत्मा की शांति के लिए मौन धारण किया।झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष किशोर राणा ने कहा झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी ने एक योद्धा को खोया है ,जिससे पूरे राज्य झा मु मो परिवार में मर्माहत है । पूर्व केंद्रीय सदस्य झमन प्रसाद , पूर्व जिला संगठन मंत्री विशेश्वर राम पूर्व जिला सचिव राकेश मिश्रा ,20 सूत्री सदस्य पवन तुरी यूवा नेता दीपन साव अशोक गुप्ता बालेश्वर पासवान योगेश्वर महतो सोहैल खान नासिर अंसारी शौकत अली निर्मल महतो गजेंद्र महतो बसंत ठाकुर विनोद यादव लालचंद यादव राजेश ठाकुर प्रकाश प्रजापति ने शोक मनाया।

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## प्रदेश >> अपडेट

### जान से मारने की धमकी, नहीं डरे

छतरपुर (पलामू) गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज सड़मा, छतरपुर में गुरुवार को झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर शोक सभा का आयोजन कर दिवंगत आत्मा के शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र कुमार शोकसभा में जानकारी देते हुए कहा कि शिक्षा मंत्री कई दिनों से बीमार चल रहे थे। चेनई के एमजीएम अस्पताल में आज उन्होंने अंतिम सांस ली। उनकी कमी झारखंड वासियों को हमेशा खलेगी। शोक सभा व्यक्त करने के बाद सरकार के आदेशानुसार कॉलेज में छुटी कर दी गई। मौके पर प्रो. इंदु कुमारी, प्रो. अपराजिता प्रकाश, प्रो. अकलेश कुमार सिंह, प्रो. राजकिशोर लाल, प्रो. सुनीता कुजूर, आनंद, बबलू, आलोक ठाकुर, अंजरीना खाखा, रेजिना तिग्गा आदि मौजूद थे।

**कार्रवाई** अवैध खनन के खिलाफ डीएमओ आनंद कुमार ने पाटन में की छापेमारी

# अवैध खनन में संलिप्त व्यक्ति जाएंगे जेल

- अवैध रूप से पत्थर डस्ट ले जा रहे दो ट्रैक्टर जप्त,थाना को किया सुपूर्द
- जांच के बाद कार्रवाई का दिया निर्देश
- अवैध खनन,परिवहन एवं भंडारण बर्दाश्त नहीं,संलिप्त लोगों पर होगी कड़ी कार्रवाई:विसपुते श्रीकांत यशवंत:प्रशिक्षु आइएएस सह अंचलाधिकारी पाटन



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर (पलामू):** अवैध खनन,भंडारण व परिवहन को लेकर जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार गुरूवार को जिले पाटन पहुंचे,जहां अंचलाधिकारी सह प्रशिक्षु आइएएस विसपुते श्रीकांत यशवंत एवं थाना प्रभारी के साथ अवैध खनन,परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ पाटन थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पाटन थाना के समीप सड़क पर पत्थर डस्ट को परिवहन करते दो ट्रैक्टर को पकड़ा एवं डस्ट परिवहन संबंधित कागजातों की मांगी,जहां चालक द्वारा डस्ट परिवहन संबंधित किसी भी प्रकार के कागजात उपलब्ध नहीं करवाया गया,जिस पर अविलंब कार्रवाई करते हुए दोनो ट्रैक्टर को डस्ट समेत जप्त कर लिया एवं पाटन थाना को सुपूर्द कर दिया।इस दौरान अंचलाधिकारी एवं डीएमओ के द्वारा जांच कर कार्रवाई करने की बात कही गयी।

**इन ट्रैक्टर को किया गया डस्ट के साथ जप्त**

अवैध खनन,परिवहन एवं भंडारण को लेकर अंचलाधिकारी सह प्रशिक्षु आइएएस विसपुते श्रीकांत यशवंत एवं जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार के नेतृत्व में पाटन थाना के समीप अवैध पत्थर डस्ट ले जाते इन ट्रैक्टर को दो सौ सीएफटी डस्ट के साथ जप्त किया गया।

(1) स्वराज ट्रैक्टर,मॉडल संख्या-735एक्सटी,बिना पंजीयन संख्या के ।

(2) महिन्द्रा ट्रैक्टर,मॉडल संख्या-बी275डीआई बिना पंजीयन के।

विसपुते श्रीकांत यशवंत, अंचलाधिकारी पाटन सह प्रशिक्षु आइएस ने अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों को चेताया है कि पाटन अंचल अंतर्गत किसी भी स्थान पर अवैध खनन,परिवहन एवं भंडारण नहीं हो अन्यथा अवैध खनन,परिवहन एवं भंडारण में संलिप्त व्यक्तियों की खैर नहीं। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि अवैध खनन कार्य में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान को लेकर प्रशासन लगातार छापेमारी कर रही है,ऐसे कार्य में संलिप्त व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने कहा है कि अवैध खनन किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्य में संलिप्त व्यक्तियों पर कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जाएगा।

## न्यूज फटाफट

### वृद्ध व्यक्ति सहित बाइक सवार घायल

**पेटरवार :** पेटरवार एन एच 23 टकाहा मोड़ के पास बाइक सवार द्वारा एक वृद्ध ब्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दिए जाने के कारण दो लोग घायल हो गए। ग्रामीण के सहयोग से दोनों घायलो को पेटरवार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल बोकारो रेफर कर दिया। यह घटना बुधवार की रात्रि करीब 10 बजे की बताई जाती है। बताया जाता है कि प्रखंड के सदमा कला पंचायत के टकाहा गांव निवासी धर्मनाथ महतो (65 वर्ष) बुधवार की रात्रि करीब 10 बजे पैदल अपने घर जा रहा था कि उतासारा पंचायत के बांगा गांव निवासी सह बाइक सवार युवक पवन कुमार (22 वर्ष) ने जोरदार टक्कर मार दी जिसके कारण दोनों गंभीररूप से घायल हो गए। इस घटना में बाइक सवार युवक के नाक से काफी मात्रा में रक्तस्राव होने के कारण उसकी स्थिति गंभीर हो गयी थी। बाद में गंभीर रूप से घायल दोनों को सदर अस्पताल बोकारो भेज दिया गया।

### शिक्षिका की दिल्ली में हुई मौत

**हरिहरगंज/पलामू :** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय अररुआ कलां के सहायक शिक्षक अनंत प्रसाद की 45 वर्षीय पत्नी कैंसर पीड़िता लालसा कुमारी की ईलाज के दौरान दिल्ली के एक अस्पताल में मौत हो गई।वह लम्बे समय से कैंसर की ईलाज के लिए दिल्ली के अस्पताल में भर्ती थीं। बीते बुधवार को बटाने नदी घाट पर मृत्तिका का दाहसंस्कार कर दिया गया। बता दें कि मृतिका औरंगाबाद जिले के उमवि तेंदुआ बिन्दुलिया (बारून ) में शिक्षिका थीं।जिस कारण ज्यादातर समय अपने मायके में ही बीती। जबकि पति अनंत कुमार अररूआ कला में पारा ( सहायक ) शिक्षक हैं। ममता की छांव से वंचित दिवंगता के दो 14 वर्षीय सत्यम कुमार , 8 वर्षीय अनुप कुमार का रो रोकर हाल बुरा है। वहीं पत्नी की असामयिक मृत्यु से टूट चुके शिक्षक को कई लोगों ने ढाढस बंधाया। इनके असामयिक मृत्यु पर एनसीपी नेता विधायक प्रतिनिधि मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा , अररुआ कला उमवि के एचएम रवींद्र कुमार सिंह , नरेंद्र कुमार सिंह ,सीताराम यादव के आलावा लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

## छतरपुर बीडीओ अशोक कुमार को पीपरा बीडीओ का प्रभार मिलने पर दी बधाई



राष्ट्रीय खबर

**हरिहरगंज/पलामू :** पीपरा बीडीओ अनीता केरकेट्टा के मातृत्व अवकाश में चले जाने के बाद जिले के छतरपुर बीडीओ अशोक कुमार को पीपरा प्रखंड विकास पदाधिकारी के रुप में प्रभार ग्रहण करने पर एनसीपी नेताओं सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने बधाई दी है।

इस दौरान बीते बुधवार को एनसीपी नेता पीपरा प्रखंड के 20 सूत्री अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह , जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष अमरनाथ सिंह उर्फ कान्हा सिंह , मधुबाना पंचायत के मुखिया राजेश राजवंशी , मनरेगा बीपीओ प्रभात कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने नए बीडीओ से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। इसकी जानकारी जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष अमरनाथ सिंह उर्फ कान्हा सिंह ने दी। ट

उन्होंने कहा कि इस अवसर पर प्रभारी बीडीओ को सामुहिक पुष्प गुच्छ भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान बीडीओ ने कहा कि प्रखंड के सभी क्षेत्रों का समुचित विकास पर विशेष ध्यान रखा जाएगा। वहीं सरकार की विकास योजनाओं और कल्याणकारी कार्यक्रमों को अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचाने की पूरी कोशिश की जाएगी।

सरकार के उदासीन रवैया के खिलाफ इंटक का जनाक्रोश महा रैली

## सरकार ने निर्णय नहीं लिया तो सभी जिलों में होगा जोरदार आंदोलन:बीनू

- सरकार बालू घाटों की बंदोबस्ती करे या आम लोगों के लिए बालू फ्री करे



राष्ट्रीय खबर

**हुसैनाबाद/ पलामू:** हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र समेत राज्य में बालू की किल्लत को लेकर विकास कार्य प्रभावित है।मजदूर पलायन को बजबूर है। इस समस्या को लेकर इंटक के प्रदेश प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने हुसैनाबाद अनुमंडल मैदान से जनाक्रोश ट्रैक्टर बाइक रैली का आयोजन किया। दो किलोमीटर में बाइक चार पहिया व ट्रैक्टर कतार में दिखा। बाड़ेपुर उच्च विद्यालय के मैदान में एक दिवसीय धरना दिया गया। धरना के बाद अनुमंडल पदाधिकारी हुसैनाबाद के मध्यम से मुख्यमंत्री, राज्यपाल व स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह के नाम ज्ञापन सौंपा गया। रैली अनुमंडल मैदान से निकलकर देवरी रोड, दंगवार रोड होते बड़ेपुर मैदान पनुंची। बाडेपुर मैदान में सभा को संबोधित करते हुए इंटक के प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने कहा कि बालू को लेकर लगातार दो वर्षो से हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र सहित सम्पूर्ण राज्य में भवन निर्माण व विकास कार्य प्रभावित है। लगातार ध्यान आकृष्ट कराने के बावजूद सरकार मूक दर्शक बनी है। अब जनता, मजदूर, गाड़ी मालिक, दुकानदार सभी के सब्र का बांध टूट चुका है। इसी का परिणाम रैली में नजर आया। उन्होंने कहा कि सरकार के मुखिया बालू का अवैध कारोबार अपने अधिकारियों के मध्यम कराकर सरकारी खजाने में सेंध लगा रहे हैं। यह जनता के साथ बड़ा धोखा है। जिसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि झारखंड के बालू घाटों की बंदोबस्ती नहीं करने के पीछे बड़ा खेल चल रहा है।

## सजायापता कैदी विशेष परिस्थिति में पैरोल का आवेदन दे सकते हैं: एलएडीसी काउंसिल

राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर:** सजायाप्ता कैदी बिशेष परिस्थिति में पैरोल का आवेदन दे सकते हैं।साथ ही जिनका जमानत न्यायालय से हो गया है व बेलबॉण्ड दाखिल नही कर पा रहे हैं।ऐसे कैदियों से मिलकर उन्हें बेलबॉण्ड दाखिल करने में आ रहे अड़चन कि जानकारी बुधवार को लिगल एड डिफेन्स काउंसिल के अधिवक्ताओ ने जानकारी प्राप्त किया।बिदित हो कि डालसा के माध्यम से 73 कैदी की पहचान की गई थी। जिनका जमानत हो चुका है, परंतु बेलबॉण्ड दाखिल नही कर पाए हैं।ऐसे लोगो से मिलकर उनके मामले की जानकारी ली गई।जेल में वैसे कैदी है जो दो ,चार,10 व 20 केस में भी अभियुक्त हैं।परंतु कुछ केस में जमानत नही मिल पाया है इस कारण जेल में बंद है।इस मौके पर एल ए डी सी के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि जेल में बंद सजायाफ्ता कैदी विकट परिस्थिति में पैरोल पर रिहा होने के लिए आवेदन दे सकते हैं।उन्होंने जेल में कैदियों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी।उन्होंने कहा कि पैरोल पर उन्हीं लोगों को जेल से छोड़ा जाता है जिन अपराधियों ने कम से कम एक वर्ष जेल की सजा काट ली है। ऐसे पात्र लोगो को एक माह के लिए पैरोल देने का प्रावधान है।उन्होंने कहा की पैरोल उन्हीं को मिलता है जिनके परिवार के किसी सदस्य की गंभीर बीमारी है। परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु या दुर्घटना हो गई है, परिवार के सदस्य की शादी है, अपराधी को जेल की सजा मिलने से पहले उसका किसी प्रकार का सरकारी कार्य अधूरा रह गया हो तो उस सरकारी कार्य को पूरा करने के लिए भी पैरोल पर रिहा किया जाता है ।साथ ही यदि अपराधी अपनी संपत्ति की वसीयत बनाना चाहता है तो उसे पैरोल मिल सकती है । उन्होंने कहा कि यदि अपराधी को अपनी संपत्ति बेचनी हो तो उसके लिए कैदी पैरोल ले सकता है ।यदि कैदी किसी ऐसे किसी रोग से ग्रसित है जिसका इलाज जेल के चिकित्सालय में नहीं हो सकता तो इलाज कराने के लिए कैदी को पैरोल दिया जाता है ।कोर्ट में केस चल रहा है तो भी पैरोल देने का प्रावधान है ।सजायाप्ता कैदी को प्रशासन ,जेल अधीक्षक पैरोल देते हैं ।पैरोल के लिए नियम और शर्तों का पालन करना बेहद जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि पैरोल के लिए कारागार अधिकारी राज्य सरकार को रिपोर्ट सौपने पर हैं और सक्षम प्राधिकारी माननीय विचारों पर पैरोल देने पर अंतिम निर्णय लेते हैं ।यदि पैरोल खारिज कर दी जाती है तो दोषी उच्च न्यायालय में सक्षम प्राधिकारी के आदेश को चुनौती दे सकता है ।

## जमीन माफियाओं का मनोबल सातवें आसमान पर: शत्रुघ्न

राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर :** बिकुआ(पाटन) के ग्रामीणों द्वारा स्थानीय कचहरी प्रांगण मेदिनीनगर में क्रमिक भूख हड़ताल के दूसरे दिन झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने बिकुआ ग्राम में बन्दोंबस्ती से प्राप्त ग्रामीणों की जमीन पर ग्रामीण बसावट के नजदीक अवैध भट्ठा चलाकर मिट्टी प्रदूषण,जल प्रदूषण व वायु प्रदूषण की खूली छूट देनेवाले जिला प्रशासन की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि पूरे जिले में राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के मानकों का खूला उल्लंघन करते हुए मिट्टी,पत्थर,कोयला,जल,जंगल ,जमीन व खान माफिया के लोग पलामू के पर्यावरण के साथ भीषण खिलवाड़ कर रहे हैं,जो गंभीर चिंता का विषय है। सभा को सम्बोधित करते हुए जेकेएम



अध्यक्ष ने कहा कि पलामू में माफियाओं व प्रशासनिक पदाधिकारियों के गठजोड़ द्वारा वन अधिनियम 1927 के साथ ही भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21,48,51(छ) व विस्फोटक अधिनियम 1884 का खूला उल्लंघन किया जा रहा है,जिस पर पलामू के मौनी बाबा बन चुके सांसद श्री बी०डी०राम व सभी विधायक मौन साधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि आज आन्दोलन के दूसरे दिन भी प्रशासनिक अधिकारीयों ने हड़तालियों से मिलना जरूरी नहीं समझा है,जो उनकी उदासीनता को दर्शार्ता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रंजीत सिंह व संचालन जितेन्द्र सिंह ने किया ,रामसुरत, मांझी,नारद मांझी, कलीम अंसारी, रामपति देवी,उदेश्वर भुईयां, चन्द्रदेव साल, राजेश्वर मांझी, संतोष मांझी आदि क्रमिक भूख हड़ताल में शामिल थे।

## 108 एंबुलेंस चालक हड़ताल पर

राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर:** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज 108 एंबुलेंस चालक व कर्मियों ने पलामू उपायुक्त को आवेदन देकर कहा है कि 108 एंबुलेंस के तहत हम सभी ईएमटी एवं चालक ड्राइवर पद पर कार्यरत है। विगत 05 माह से पलामू जिला के तहत हमारा वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण हमारे जैसे अल्प वेतन पाने वाले कर्मियों के सामने भुखमरी का संकट खड़ी हो गयी है, जबकि हक लोगो ने 24,7 घटा सेवा दे रहे है। हम सभी ने अपनी ज्ञान की परवाह किए बगैर सभी लोगों को अपनी हर प्रकार की सेवाएं प्रदान की हमे माह नवंबर 2022 से अभी तक का वेतन भुगतान नहीं हुआ है, जबकि और सभी स्वास्थ्य विभाग कर्मी का वेतन भेजा जा चुका है। वेतन के अभाव मे हमारे सामने तंगी उत्पन्न हो गयी है, जिसके कारण भुखमरी की स्थिति हो गयी है, एवं हम सभी कर्मियों अत्यंत तनाव मे है, हम सभी को पिछले कुछ दिनों से वेतन भुगतान के बारे मे पुछने पर कभी बोला जा रहा है कि अभी जल्द ही वेतन भुगतान हो जायेगा किया नहीं जा रहा है. हमलोगों को नौकरी से निकालने कि बात बोली जाती हैं और निकाल दी जाती जो कि



कुछ कर्मचारियों का बिना कुछ गलती किए बगैर निकाल दी गई है।108 एंबुलेंस चालक व कर्मियों का सरकार से यह निम्न मांग यह है हम सभी कर्मचारियों को 14 नवंबर 2022 को ही कंपनी द्वारा टर्मिनेशन लेटर दे दिया गया हैं, इसके बावजूद भी कंपनी द्वारा काम लिया जा रहा है। 2. सभी कर्मचारियों का मासिक पीएफ का पैसा काटा जा रहा है जबकि कर्मचारियों का वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है। 3. हमलोगों का वेतन भुगतान पिछले कई महीनों से समय-समय पर नहीं किया जा रहा है फिर भी हम लोगों ने काम करते रहे क्योंकि हमारे कंपनी के प्रोजेक्ट हेड श्री मिल्टन सिंह द्वारा आश्वासन दिया।जाता है कि बहुत जल्द ही इस पर सुधार हो जाएगा पर अभी तक किसी भी तरह के कोई भी सुधार नहीं हुई।

4. डयुटी करते आवर में ही स्टाफ को बिना वजह कर बैठा दिया जाता है, और अभी तक जो स्टाफ बैठा हुआ है उसको डयुटी दिया जाय।5. अब हम सभी कर्मचारियों का वेतन पूरी भुगतान की जाए एवं मासिक वेतन भुगतान की जाए।6. 5 साल पहले ऐसा नहीं कहा जा रहा था। 7. मोबाईल चार्जर खराब होने पर बोला जा रहा है कि खुद से खरीद लो ।8. टायर पेंचर होने पर भी बोला जा रहा है कि खुद से बनाओ। अतः महोदय से सादर अनुरोध है कि कृपया हमारे वेतन भुगतान (टोटल ) एवं नौकरी हेतू आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा करें एव 'हम लोगों का वेतन भुगतान समय-समय पर दिया जाए।अथवा दिनांक 05-04-2023 दिन बुधवार शाम 16:00 बजे से हमलोग अनिश्चत काल के लिए हड़ताल पर चले जायेंगे और हमलोग अपने-अपने कदम और अपनी आवाज आगे बढ़ायेंगे ताकि हमलोगों का वेतन भुगतान हो सकें।

### जगरनाथ महतो को दी गई श्रद्धांजलि

**पेटरवार :** पेटरवार झारखंड के गद्दावर नेता व कैबिनेट मंत्री जगरनाथ महतो के आकस्मिक निधन पर पेटरवार स्थित गोमिया विधायक के आवासीय कार्यालय में विधायक डॉ लंबोदर महतो के नेतृत्व में गुरुवार को एक शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में मौजूद आजसू कार्यकताओं ने दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने शौक संदेश में विधायक ने कहा कि हमारे जगरनाथ दा नहीं रहे। यह हमारे लिए और झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति है। आज झारखंड ने अपना एक महान आंदोलनकारी जुझारू कर्मठ और जनप्रिय नेता को खो दिया है। चेन्नई में इलाज के दौरान जगन्नाथ महतो का निधन हो गया। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार को दुख की इस विकट घड़ी में सहन करने की शक्ति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि उनके निधन से हम अभिभावक विहीन हो गए है। कहा कि केवल बोकारो ही नही बल्कि सम्पूर्ण झारखंड अभिभावक विहीन हो गया है। कहा कि वे झारखंड आंदोलन से लेकर 1932 का खतियान हो या स्थानीय नियोजन नीति का मामला हो को लेकर काफी लागू कराने की दिशा में प्रखर होकर पहल की थी लेकिन उनका यह सपना अधूरा रह गया।

## कई जगहों पर मना बीजेपी का स्थापना दिवस

राष्ट्रीय खबर

**हरिहरगंज/पलामू :** भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने गुरूवार को शहरी क्षेत्र के कई अलग अलग जगहों पर बीजेपी का 44 वां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया।

इस दौरान शहर के न्यू सब्जी मंडी में भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन नेतृत्व में उनके आवास पर आयोजित भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस के मौके पर संगठन को मजबूत करने का सामुहिक संकल्प के साथ ही पार्टी के विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर देश के



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात प्रोग्राम को सुना गया। मौके पर उपस्थित विनोद पासवान, पूर्व मुखिया अवधेश मेहता, दिनेश पासवान राजेश रंजन मिश्रा, राहुल विश्वकर्मा, रंजीत कुमार, मनीष मेहता ,रंजीत कुमार ,प्रकाश कुमार अजय कुमार ,अशोक कुमार, विवेक कुमार, शशि कुमार, अजीत कुमार ,अरविंद यादव बलराम ठाकुर, विजय प्रजापति, विकास भुईयां, बलराम ठाकुर, इत्यादि लोग उपस्थित थे। उधर भाजपा मंडल अध्यक्ष बलू बलराम की अध्यक्षता में भी भाजपा नेताओं कार्यक्रताओं ने पार्टी कार्यालय में स्थापना दिवस मनाकर संगठन के प्रति अपनी निष्ठा जताई। कार्यक्रम की शुरूआत वंदेमातरम गीत गाकर की गई।मंडल अध्यक्ष ने बताया कि इस अवसर पर बीजेपी के वरिष्ठ नेता मुन्ना विश्वकर्मा , सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा , विजय यादव , अशोक कुमार सिंह , रामलखन प्रसाद ,भीमसेन शर्मा , चन्दन जायसवाल आदि मौजूद थे।

## खसरा-रूबैला संक्रामक रोग है जो वायरस से फैलता है: सिविल सर्जन

- संक्रमण से बचाव के लिए समाज को जागरूक करने की जरूरत : हाजी आलम

राष्ट्रीय खबर

**गोड्डा:** खसरा एक जानलेवा रोग है जो कि वायरस द्वारा फैलता है बच्चे में खसरे के कारण विकलांग तथा असमय मृत्यु हो सकती है। यह बातें अनंत कुमार झा सिविल सर्जन गोड्डा ने आज अपने कार्यालय के सभागार में खसरा और रुबेला टीकाकरण अभियान के तहत मुस्लिम एवं ईसाई धर्म गुरुओं व हज कमेटी के सदस्यों के साथ जागरुकता शिविर को संबोधित करते हुए कहीं उन्होंने ने कहा कि रुबैला भी एक संक्रामक रोग है जो वायरस द्वारा फैलता है इसके लक्षण खसरा रोग जैसे ही होते हैं यह लड़का और लड़की दोनों को संक्रमित कर सकता है ये बिमारी भ्रुण तथा नवजात शिशु के लिए घातक हो सकता है ।

इस मौके पर नोडल पदाधिकारी डॉ पी एन द्रवे ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत 9 माह से 15 वर्ष तक के आयु वर्ग के बच्चों को यह टीका लगाया जाएगा शिविर में मौजूद विश्व स्वास्थ्य संगठन के डाक्टर सुरभित गुप्ता ने कहा कि यह अभियान 12 अप्रैल से आरंभ होगा जिसके लिए हमलोगों को विशेष रूप से मस्जिद मंदिर या चर्च में होने वाले धार्मिक सभाओं जुम्मे की नमाज रविवार या मंगलवार की सभा में इस टीकाकरण का प्रचार चर्चा व जागरूकता करने का निदेश प्राप्त है जिसके तहत आप लोगों को से चर्चा की जा रही है। डॉ गुप्त ने बताया कि यदि किसी बच्चे को बुखार या आंखों में लाली के लक्षण दिखाई दे या कोई बच्चा बेहद कमजोर या थका हुआ महसूस करे तो मेडिकल अधिकारी ए एन एम को सूचित करें। मौके पर राज्य हज समिति के पूर्व सदस्य सह जिला हज कोडिनेटर हाजी इकरारुल हसन आलम ने कहा कि रमजान चल रहा है जिसमें तमाम लोग रोजे की हालत में रहते हैं और सभी मदरसों में रमजान की छुट्टी चल रही है इसलिए ईद के बाद टीकाकरण अभियान में अल्पसंख्यक समुदाय की भागीदारी होगी ।

## शहर >> अपडेट

### शोक सभा का हुआ आयोजन

**कुडू:** शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर गुरुवार को बीडीओ मनोरजंन कुमार की अध्यक्षता में कुडू प्रखंड मुख्यालय परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में दो मिनट का मौन रखकर मृतक की आत्मा की शांति को लेकर ईश्वर से प्रार्थना की गई। साथ ही दुख की इस घड़ी में परिजनों को शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गई।

## सिटी अपडेट्स >>

### शिक्षा मंत्री के निधन पर शोक जताया

**मरकच्चो:** झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के असामयिक निधन से राज्य को अपूरणीय क्षति हुई है। मरकच्चो प्रखंड बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति अध्यक्ष रविशंकर सिंह की अध्यक्षता में प्रखंड बीस सूत्री कार्यालय में दो मिनट का मौन धारण कर उनको भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। श्रद्धांजलि सभा में मरकच्चो प्रखंड कार्यालय के प्रभारी अंचल निरीक्षक आलोक शर्मा, राजेश राम, राजू माली, प्रयाग महतो, सुखदेव सिंह उपस्थित थे।

### अभिवावकों को किया गया जागरुक

**डोमचांच:** जीएस पब्लिक स्कूल में चिकित्सक अभिवावक बैठक का आयोजन विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप सिंह की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक नितेश कुमार ने सभी अभिवावकों को संबोधित करते हुए रूबेला वैक्सीन के विशेषताओं को बताया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ.दीपक कुमार, एस एमओ वर्ल्ड हेल्थ आगेर्नाईजेशन, डॉक्टर आशीष राज जिला नोडल पदाधिकारी, कोडरमा साथ ही उनके सहयोगी अनिल कुमार व सुनील कुमार शामिल हुए। डॉ. दीपक ने बच्चों में होने वाले बीमारी मिजेल्स व रूबेला जिसे आम तौर पर लोग खसरा के नाम से जानते हैं।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### भाजपा के स्थापना दिवस पर बांटी मिठाई

**कोडरमा** : वर्तमान वार्ड पार्षद पिंकी जैन ने भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर आज अपने मोहल्ले में लोगों के साथ मिलकर भारतीय जनता पार्टी का 44 वां स्थापना दिवस खुशी पूर्वक मनाया और मिठाइयां बांटी । निवर्तमान वार्ड पार्षद पिंकी जैन ने कहा कि आज ही के दिन 1951 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के द्वारा भारतीय जनसंघ के रूप में इस पार्टी का जन्म हुआ था भारतीय जनता पार्टी की स्थापना राष्ट्रवाद और राष्ट्रहित सर्वोपरि के आधार पर हुई थी । भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज भारत को विश्व के पटल पर सर्वोच्च स्थान दिला रहे हैं । और वर्तमान भारत के भाग्य विधाता के रूप में काम कर रहे हैं। भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में स्थापित है । भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विश्वास पर काम करते हुए पूरे राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाने की ओर अग्रसर है भारतीय जनता पार्टी पूर्ण रूप से अनुशासित रहते हुए देश व समाज की सेवा करने पर विश्वास रखती है मुझे गर्व है कि मैं भारतीय जनता पार्टी की सक्रिय सदस्य हैं ।

## समीक्षा > डीडीसी ने की मनरेगा व आवास योजना की समीक्षा

# लाभुकों को द्वितीय किस्त भुगतान करने का निर्देश

राष्ट्रीय खबर



**पाकुड़:** समाहरणालय स्थित सभागार में उप विकास आयुक्त मो. शाहिद अख्तर ने मनरेगा व आवास योजना की समीक्षा। सबसे पहले उप विकास आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना में कार्य प्रगति की जानकारी ली। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत द्वितीय किस्त भुगतान हेतु लंबित सभी लाभुकों को द्वितीय किस्त भुगतान करने का निर्देश दिया गया। द्वितीय किस्त भुगतान किए गए सभी लाभुकों का आवास 30 अप्रैल तक पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। आवास पूर्णता पश्चात अंतिम की सभी लोगों को भुगतान करने का निर्देश दिया गया। बिरसा साहेब भीमराव अम्बेडकर आवास योजना अंतर्गत लंबित द्वितीय किस्त भुगतान करते हुए आवास ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मनरेगा योजना की समीक्षा के क्रम में सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी को अपने पंचायत अंतर्गत चल रही लंबित आंगनबाड़ी, पोटो हो खेल मैदान सहित अन्य योजना को निर्धारित समय तक पूरा करने का सख्त निर्देश दिया गया।

सभी मजदूरों का आधार प्रविष्टि कराने बिरसा हरित ग्राम योजना स्वीकृत एवं पीट डीगिंग का कार्य 30 अप्रैल तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान वित्तीय वर्ष 2022-23 में मनरेगा के तहत मजदूरों को रोजगार देनें चल रहे योजनाओं को ससमय पूर्ण करने के साथ ही मजदूरी का ससमय भुगतान करने की गहन समीक्षा की गई। इसके साथ ही मनरेगा के तहत कार्यरत मजदूरों की उपस्थिति एनएमएमएस एप्प से उपस्थिती दर्ज कराने को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिया गया। मौके पर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, परियोजना पदाधिकारी मोतिउर रहमान, जिला समन्वयक निभा कुमारी, सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी प्रखंड समन्वयक समेत अन्य उपस्थित थे।

### खोली जाएगी भाजपा की पोल: जय मालतो

**पाकुड़ :** हिरणपुर प्रखण्ड अंतर्गत मोहनपुर में जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम का आयोजन हिरणपुर प्रखण्ड कांग्रेस के अध्यक्षता में आयोजित की गई। बतौर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सह हिरणपुर प्रखण्ड प्रभारी जय मालतो ने कहा कि आज लोकतंत्र खतरे में आ गया है। भाजपा संविधान के विरुद्ध काम कर रही है। सत्य की आवाज को दबाया जा रहा है। कांग्रेश ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर इनकी पोल खोलेगी। प्रखण्ड अध्यक्ष मनोबर आलम ने कहा कि इस बार देश को बचाने के लिए आम जनता का सहयोग अपेक्षित है। कांग्रेस ने लोकतंत्र को बचाने के लिए गाँधी जी के बताए मार्ग पर चलने का निर्णय लिया है। इसके लिए भारत सत्याग्रह कार्यक्रम रखा गया है। संसद में राहुल जी को बोलने से रोका जा रहा है तो कहीं सड़क पर बल प्रयोग कर आवाज दबाने का काम भाजपा कर रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी जी ने जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से सवाल किया की अडानी के द्वारा सेल कम्पननी में 20 हजार करोड़ रु किसका लगा है। उसपर जवाब नही दिया गया मोदी जी ने जनधन खाता खोलवा दिए नियुनतम बैलेंस के नाम पर सरकार पैसा काट लेती है।

### शोक सभा का हुआ आयोजन

**पाकुड़ :** स्कूली शिक्षा, साक्षरता, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग झारखण्ड सरकार के मंत्री जगन्नाथ महतो जी के आकस्मिक निधन पर समाहरणालय सभागार में उप विकास आयुक्त मो० शाहिद अख्तर की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान दिवंगत आत्मा की शांति को लेकर दो मिनट का मौन धारण कर जिले के सभी कार्यालयों के पदाधिकारी, कर्मियों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावे शोक सभा के पश्चात आज और कल दो दिनों का राजकीय अवकाश घोषित किया गया है। दूसरी ओर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने भी अवकाश की घोषणा कर दी है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा पत्र जारी कर कहा गया है कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग सह उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग झारखंड सरकार के मंत्री जगरनाथ महतो जी का आकस्मिक निधन इलाज के दौरान 6 अप्रैल की सुबह चेन्नई में हो गई है।

## मीजील्स रूबेला टीकाकरण अभियान को लेकर बैठक संपन्न



राष्ट्रीय खबर

**महेशपुर (पाकुड़):** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेशपुर के सभागार में गुरुवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार किस्कु की अध्यक्षता में मीजील्स रूबेला टीकाकरण अभियान को लेकर सभी पर्यवेक्षकों के साथ बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से 12 अप्रैल से प्रारंभ होने वाले मीजील्स रूबेला टीकाकरण अभियान के सफल संचालन को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उपस्थित पर्यवेक्षकों को बताया गया कि अपने- अपने संबंधित क्षेत्र में व्यापक प्रचार प्रसार कराते हुए शत प्रतिशत टीकाकरण कार्य सफल बनाने का कार्य करें। बैठक में बताया गया कि नौ मार्च से 15 वर्ष के बच्चों को रूबेला का टीकाकरण किया जाना है। साथ ही बैठक में बुखार पीड़ित सर्वे को लेकर भी चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस संबंध में चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि किसी भी प्रकार के बुखार से पीड़ित लोगों का सर्वे करना है। यह कार्य अन्य गांव में साहिया करेंगे, जबकि कालाजार प्रभावित गांव जहां कीटनाशक छिड़काव कार्य चल रहा है। वहां का सर्वे कार्य एमपीडब्ल्यू एवं सहिया मिलकर करेंगे।

## भाजपा ने मनाया 43 वां स्थापना दिवस,दी बधाई, किया माल्यार्पण



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** भारतीय जनता पार्टी के 43 वां स्थापना दिवस पाकुड़ नगर के मतदान केंद्र संख्या 425 ,426, 427 के बागतीपाड़ा में मतदान केंद्र समिति के अध्यक्ष लव रजक की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा के जिला उपाध्यक्ष हिसाबी राय,वार्ड पार्षद अशोक प्रसाद,भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अनिकेत गोस्वामी,भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सादेकुल आलम,राणा शुक्ला मौजूद थे। 43 वे स्थापना दिवस के अवसर पर भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर कार्यकर्ताओं के द्वारा माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मतदान केंद्र समिति के अध्यक्ष लव रजक के द्वारा भाजपा के ध्वज का ध्वजारोहण किया गया। सभी कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से वन्दे मातरम का गायन किया तथा एक स्वर में भारत माता की जय,आदि जयघोष का नारा बुलंद किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष हिसाबी राय ने कहा कि डॉड्ट्श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 1951 में जिस भारतीय जनसंघ की स्थापना की ।

## भाजपा का स्थापना दिवस मंडल कार्यालय में सम्पन्न



राष्ट्रीय खबर

**बालूमाथ :** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में मंडल अध्यक्ष की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल एवम श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर एवम भाजपा मंडल कार्यालय में भाजपा का झंडा लगाने के साथ स्थापना दिवस धूम धाम से मनाया गया भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी के संबोधन को सुना गया मौके पर मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा जिला कार्यसमिति सदस्य संजय यादव ओबीसी जिला अध्यक्ष त्रिवेणी साव एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार मंडल महामंत्री रामकुमार गुप्ता विजय यादव भाजयुमो जिला महामंत्री सूरज शाह पूर्व जिला ओबीसी महामंत्री देवनन्दन प्रसाद मंडल मंत्री अखिलेश भोक्ता प्रदीप यादव मंडल उपाध्यक्ष पंचानंद पांडेय किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रघुनंदन सोनी एससी मोर्चा मंडल महामंत्री मोनू पासवान ब्समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

## प्रखंड बालूमाथ अंतर्गत जल जीवन मिशन में भारी गड़बड़ियां

- बोरवेल की गहराई कम होने के कारण टंकी में नहीं चढ़ पा रहा है पानी
- 200 फीट की जगह 100 से डेढ़ सौ फीट की की जा रही है



राष्ट्रीय खबर

**बालूमाथ :** गुरुवार को जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने क्षेत्र भ्रमण के क्रम में जल जीवन मिशन में अनियमितता की शिकायत मिली ।जिसपर संज्ञान लेते हुए पेयजल विभाग के इंजीनियर को बुलाकर कई पंचायतों में योजना की जांच की गयी ।जिसमें कई योजनाओं में भारी गड़बड़ी की शिकायत मिली है । जिसमें बालू के खैराही ग्राम में कामेश्वर उरांव के घर के आगे दो घरों मे नल नहीं दिया है । ढलाई में सीमेंट का मात्रा इतना कम है कि सीमेंट वाला फाउंडेशन टूट रहा है ।बालू के तुमबागड़ा ग्राम में पानीटंकी टोंगरी से नीचे लगाया है, जिसके कारण टोंगरी वाला घर तक पानी नहीं पहुंच रहा है गांव वाले के मना करने के बावजूद भी टंकी बहुत नीचे कर दिया है ।वही तुम्बागड़ा के मनोज गंझू के घर के पास टंकी आज तक भर नहीं पाया है ।और कुछ घर में पानी अभी तक नहीं पहुंचा है गांव वाले पानी के लिए परेशान है । वही कलकलिया ग्राम निवासी कलदेव लोहरा के घर के पास बोरिंग नहीं किया है और जबरदस्ती गांव वाला का पुराना चापाकल जो गर्मी में सूख जाता है। मोटर डालने का काम ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है। बालू कलकलिया अखरा के पास सतीश उरांव के घर के पास वाला टंकी से 25 घरों की जगह 35 घर में पानी दे दिया जा रहा है,जिसके कारण गांव वालों को पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा हैं ।

## न्यूज फटाफट

### ट्रेलर और बोलेरो की टक्कर- एक की मौत

**चंदवारा:** चंदवारा थाना क्षेत्र के जामुखाडी में बुधवार को सड़क हादसे में कई लोग घायल हुए वहीं एक व्यक्ति की मौत हो गयी। बताया जाता है कि चौपारण के कसियाडीह के कई लोग बोलेरो से तिलैया के मड़ुवाटांड़ में हो रहे गायत्री महायज्ञ में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान जामुखाडी के समीप ट्रेलर संख्या जे एच 02 टी 1214 की बोलेरो संख्या जे एच 02 ए ए 9568 में जोरदार टक्कर हो गयी। इस घटना में बोलेरो सवार कई लोग घायल हो गये व एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही चंदवारा थाना प्रभारी नीतीश कुमार दल बल के साथ पहुचे। इधर घटना के एक घंटे बाद मरीजो को एम्बुलेंस सेवा मिली और सभी घायलों को निजी वाहन से ले जाया गया।

### युवाओं के बीच दक्षतावर्धन कार्यशाला

**कोडरमा:** समर्पण एवं टीडीएच फाउंडेशन के द्वारा वसुन्धरा गार्डन कोडरमा में जेंडर विषमता एवं सुरक्षा को लेकर युवाओं के बीच दो दिवसीय दक्षतावर्धन कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यशाला में मुख्यरूप से टीडीएच कोलकता से श्रेया दास, समर्पण के सचिव इन्द्रमणि साहू, परियोजना समन्वयक शंकर लाल राणा उपस्थित थे। कार्यशाला को सम्बोंधित करते हुए इन्द्रमणि साहू ने कहा कि संवैधानिक अधिकारों के प्रति बच्चों और युवाओं में समझ होना जरुरी है तभी बच्चे स्वयं के प्रति हो रहे अधिकारों के हनन को रोक सकते हैं। इसलिए समर्पण लगातार बच्चों के दक्षतावर्धन के लिए इस तरह के कार्यशाला का आयोजन कर रही है। टीडीएच के श्रेया दास ने बच्चों को शोषण, जेंडर, सुरक्षा एवं अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दिए। साथ ही, उन्होंने कहा कि युवा से हीं समाज में एक साकारात्मक बदलाव संभव है।

### उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

**लोहरदगा:** सीएचसी कुडू के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुलामी होरो की अध्यक्षता में टीबी बिमारी को लेकर जीएनएम, एएनएम, लैब टेक्नीशियन एवं फर्मासिस्ट का उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे टीबी बिमारी के लक्षण, जांच एवं उपचार के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि टीबी मुक्त पंचायत,गांव एवं प्रखंड बनाने को लेकर जनप्रतिनिधियों की भूमिका काफी अहम है। इसलिए आप सभी सहिया एवं स्वास्थ्य कर्मी गांव एवं पंचायत स्तर पर समुदाय के लोगों, जनप्रतिनिधियों के सहयोग से इसे एक जन आंदोलन के रूप में परिवर्तित करें। ताकि एक भी टीबी मरीज इलाज से वंचित नहीं रह सके। इस दौरान पीरामल स्वास्थ्य के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुधीर कुमार राय ने बताया कि टीबी एक संक्रामक बिमारी है जो मुख्यत: फेफड़ों पर हमला करता है। इसके अतिरिक्त शरीड़ के अन्य हिस्सों में भी हो सकता है। उन्होंने बताया कि अभी 21 दिवसीय घर घर सघन टीबी रोगी खोज अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत घर में छिपे संदिग्ध टीबी रोगियों की पहचान किया जाना है। उन्होंने बताया कि लगातार दो सप्ताह या उससे अधिक दिनों से खांसी आ रहा हो, सीने में दर्द हो, बलगम के साथ खून आ रहा हो, वजन घट रहा हो, रात में सोने के समय पसीना आ रहा हो, बुखार हो तो अविलंब टीबी की जांच स्वास्थ्य केन्द्रों पर जाकर करायें।

### जल जीवन मिशन में भारी गड़बड़ियां

**लातेहार :** गुरुवार को उपाध्यक्ष जिला परिषद लातेहार अनीता देवी के क्षेत्र भ्रमण के क्रम में ढेर सारी गड़बड़ियों से संबंधित शिकायतें लोगों के द्वारा बताई गई है। उपाध्यक्ष महोदया ने तुरंत संज्ञान लेते हुए पेयजल विभाग के इंजीनियर को बुलाकर और कई पंचायतों में योजनाओं की जांच की जिसमें कई योजनाओं में भारी गड़बड़ी की शिकायत मिली है। गड़बड़ियों की एक बानगी तो देखिए बालू खैराही कामेश्वर उरांव के घर के आगे दो घर मे नल नहीं दिया है। ढलाई में सीमेंट का मात्रा इतना कम है कि सीमेंट वाला फाउंडेशन अभी ही टूट रहा है।बालू तुमबागड़ा में पानीटंकी टोंगरी से नीचे लगाया है, जिसके कारण टोंगरी वाला घर तक पानी नहीं पहुंच रहा है। गांव वाले के मना करने के बावजूद भी टंकी बहुत नीचे कर दिया है। तुम्बागड़ा मनोज गंझू के घर के पास टंकी आज तक फुल नहीं हुआ है और कुछ घर में पानी अभी तक नहीं पहुंचा है गांव वाले पानी के लिए परेशान है।

### 6 मोबाइल फोन और चार हजार नकद की लूट

**लोहरदगा :** कुडू थाना क्षेत्र के सलगी पंचायत अंतर्गत लोहरदगा टोरी रेल खण्ड के 33 न पुल के समीप पिकनिक मनाने गए युवकों से बुधवार की दोपहर हथियारबंद अपराधियों द्वारा लूट की घटना को अंजाम दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। लूट का शिकार थाना के चौकीदार का बेटा भी हुआ है। इस बाबत सुकुमार के चौकीदार दिनेश राम के पुत्र रोहित कुमार ने कुडू थाना में दिए अपने आवेदन में बताया है कि बुधवार 5 अप्रैल को वो अपने दोस्तों के साथ 33 न पुल के समीप पिकनिक मनाने गया था। वे अपने दोस्त धीरज साहू, राजकुमार साहू, ज्ञानचंद साहू, शातिष कुमार और आनंद साहू के साथ खाना बना रहा था तभी 8 – 10 की संख्या में पहुंचे हथियारबंद वदीर्धारी अपराधियों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुए सभी के मोबाइल फोन और चार हजार रु नकद लूट कर चले गए। रोहित ने अपने आवेदन में बताया है कि अपराधकर्मी खुद को पीएलएफआई नक्सली संगठन का दस्ता बता रहे थे। इस संबंध में पूछे जाने पर कुडू थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। उन्होने इसमे किसी नक्सली संगठन का हाथ होने से साफ इनकार करते हुए इसे स्थानीय उच्चकों की करतूत बताई है। उंन्होने जल्द ही इसका खुलासा किये जाने की बात कही है।

### बजरंगदल के निवेदन पर किशन ने किया रक्तदान

**पाकुड़ :** महेशपुर प्रखंड अन्तर्गत गोविंदपुर गांव के निवासी मैनेजर मुर्मू (40 ) किडनी की समस्या से जूझ रहे है । डॉक्टर ने उन्हें डायलिसिस करवाने की सलाह दी है। जिसके लिए आज उन्हे रक्त की आवश्यकता थी,इस बात की जानकारी बजरंगदल जिला सह संयोजक प्रतीक कुमार को मिली ।जिसके पश्चात प्रतीक ने किशन भगत से संपर्क किया और रक्तदान करने के लिए निवेदन किया। रक्तदान की बात सुनते ही किशन भगत तुरंत रक्तदान को तैयार हो गए और रक्ताधिकोष में जाकर रक्तदान किया। किशन भगत ने कहा की ये उनका चौथा रक्तदान है उन्हे जब भी रक्तदान का मौका मिलता है वो रक्तदान करते है। किशन का मानना है की रक्तदान करने से शरीर में रक्त संबंध कई सारी बीमारियों से बचा जा सकता है। इस मौके पर किशन ने युवाओं से भी रक्तदान करने की अपील की।

## बदलाव > गोड्डा के कई गांवों की बदली तस्वीर, महिलाओं को बनाया आत्मनिर्भर

# 'हेल्थ फॉर ऑल' से अदाणी फाउंडेशन भी जुड़ा

राष्ट्रीय खबर

**गोड्डा:** झारखंड में 2011 में हुई जनगणना के आंकड़ों ने वहां के ग्रामीण क्षेत्रों की बदहाली की तस्वीर साफ कर दी। करीब 55% ग्रामीण घरों में स्नानघर नहीं है। लोग खुले में नहाने को मजबूर है। बिना चाहर दीवारी के स्नान करना जैसे वहां नियती बन गया हो, सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं को होती है। लेकिन इन सभी दुश्वारियों के बावजूद गोड्डा जिले में आशा की एक किरण दिखाई दी है जहां महिलाओं के हक और मूल अधिकारों के सशक्तीकरण पर जोर दिया जा रहा है। गोड्डा के कुछ गांवों में बने स्नानघर, कुंओं और आधुनिक चापाकल को देखकर विकसित गांव का सपना पूरा



होता नजर आ रहा है। पूछने पर पता चलता है कि ये सब बदलाव अदाणी फाउंडेशन की मदद से संभव हुआ है। आज डुमरिया, मोतिया, पटवा, बक्सरा, पेटवी, रंगनियां, बलियाकित्ता, बिरनियां आदि गांवों के अलावा महगामा प्रखंड के दो दर्जन गांवों में सड़क किनारे बने कुएं और नलकूपों के साथ चाहर दिवारी से घिरे स्नानघर बदलते गांवों की एक अलग तस्वीर पेश करते है। दरअसल, इन गांवों से सटा है अदाणी का गोड्डा पावर प्लांट, जिसके जरिए क्षेत्र में रोशनी के सपने को साकार करने के साथ यहां गांवों के विकास के लिए सभी जरुरी कदम उठाए जा रहे हैं। अदाणी फाउंडेशन ने गांव के हालात और महिलाओं की दशा को सुधारने के लिए साल 2016 से कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) के तहत क्षेत्र में 150 से ज्यादा सार्वजनिक स्नानघर का निर्माण कराया है जिससे लगभग पच्चीस हजार की आबादी को लाभ मिल रहा है। साथ ही दो हजार से ज्यादा खराब पड़े नलकूपों की मरम्मती का काम भी हुआ है जिसके जरिए 40 हजार से ज्यादा की आबादी को साफ पीने का पानी उपलब्ध हुआ। अदाणी फाउंडेशन ने स्वच्छता के संकल्प को पूरा करने के लिए नलकूपों के पास से गंदगी के निपटारे के लिए नालियों का निर्माण भी किया है। साथ ही फाउंडेशन ने एक हजार से ज्यादा नलकूपों के पास सोख्ता गड्ढे बनवाए हैं जिससे जलस्तर भी संतुलित रहेगा।

अदाणी फाउंडेशन का लक्ष्य क्षमता निर्माण, समुदायों के सशक्तीकरण, समेकित सामाजिक-आर्थिक विकास, पर्यावरण संरक्षण, हरित और ऊर्जा कुशल प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने के साथ पिछड़े क्षेत्रों के विकास और समाज में हाशिए पर रहने वाले वर्गों के उत्थान पर है।

### अंचल कार्यालय में शोक सभा का आयोजन

**महेशपुर (पाकुड़):** झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के आकस्मिक निधन पर प्रखंड सह अंचल कार्यालय में गुरुवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मौजूद प्रखंड कार्यालय एवं अंचल के अधिकारियों व कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। शोक सभा के बाद राजकीय शोक को लेकर सरकार द्वारा जारी पत्र के आधार पर दो दिवसीय शोक के तहत कार्यालय में छुट्टी दे दी गई। इस मौके पर बीडीओ उमेश मंडल,बीपीआरओ प्रसनजीत मंडल,सुधांशु मंडल,नीरज कुमार के अलावे प्रखंड व अंचल कार्यालय के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

### नौकुंडीय महायज्ञ कलश यात्रा के साथ प्रारंभ

पाकुड़ : रेलवे कॉलोनी दुर्गा मंदिर पाकुड़ के परिसर में त्रिदिवसीय नौकुंडीय महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव कलश यात्रा से प्रारंभ हुई। 103 कन्याओं ने कलश में जल भरकर कलश यात्रा रेलवे कॉलोनी दुर्गा मंदिर से प्रारंभ होकर बागतीपाड़ा ,सिंधीपाड़ा, विवेकानंद चौक ,कलिकापुर दुर्गा मंदिर होते हुए पुन: यज्ञ स्थल रेलवे कॉलोनी पहुंची। कलश के आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। महायज्ञ आयोजन के अध्यक्ष अनुग्रहित प्रसाद साह एवं आयोजन के सचिव सह नगर परिषद अध्यक्ष सम्पा साहा एवं पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष बाबूधन मुर्मू ने समल्लित रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर एवं माता गायत्री, गुरुदेव एवं गुरु माता का पूजन कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया।

### भाजपा की पंचायत प्रभारियों के साथ बैठक

महेशपुर (पाकुड़): प्रखंड मुख्यालय स्थित राम साहा के आवास पर गुरुवार को महेशपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष साधन कुमार ठाकुर की अध्यक्षता में भाजपा मंडल के 11 पंचायत के पंचायत प्रभारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से बूथ कमेटी बनाने को लेकर विशेष रूप से चर्चा कर रणनीति तैयार की गई। झारखंड सरकार के कार्यशैली के विरोध में आगामी 11 अप्रैल को रांची में आयोजित होने वाले सचिवालय घेराव कार्यक्रम को लेकर चर्चा कर रूपरेखा तैयार की गई।

## न्यूज फटाफट

### विश्व कप में विलियम्सन का खेलना मुश्किल



**वेलिंगटन :** न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियम्सन घुटने में लगी गंभीर चोट के कारण भारतीय सरज़मीन पर अक्टूबर-नवंबर में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप 2023 से बाहर हो सकते हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि विलियम्सन के दाहिने घुटने को स्थिरता प्रदान करने वाला एक लिगामेंट टूट गया है। वह अगले तीन हफ्तों में सर्जरी करवा सकते हैं। गौरतलब है कि गुजरात टाइटन्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेले गये इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के पहले मुकाबले में विलियम्सन चोटग्रस्त हो गये थे। वह इस चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर होकर स्वदेश लौट गये। एनजेडसी ने कहा कि विलियम्सन को पूर्णत: फिट होने में लगने वाले समय को देखते हुए यह अनुमान लगाया जा रहा है कि वह विश्व कप में न्यूजीलैंड की कप्तानी नहीं कर सकेंगे। विलियम्सन ने कहा, पिछले कुछ दिनों में मुझे काफी समर्थन मिला है और इसके लिये मैं गुजरात टाइटन्स और न्यूजीलैंड क्रिकेट दोनों को धन्यवाद देना चाहता हूं। उन्होंने कहा,''स्वाभाविक रूप से इस तरह की चोट लगना निराशाजनक है लेकिन मेरा ध्यान अब सर्जरी कराने और रिहैब शुरू करने पर ही है। इसमें कुछ समय लगने वाला है लेकिन मैं जल्द से जल्द मैदान पर वापसी करने के लिये हर संभव प्रयास करूंगा। गौरतलब है कि विलियम्सन पिछले एकदिवसीय विश्व कप में 82.57 की औसत से 578 रन बनाकर न्यूजीलैंड के लिये कप्तान के अलावा एक बहुमूल्य बल्लेबाज भी रहे थे। न्यूजीलैंड ने विलियम्सन की अगुवाई में एक रोमांचक फाइनल तक का सफर तय किया था जहां उसे मेजबान इंग्लैंड के हाथों सुपर ओवर में हार मिली थी।

आईपीएल

पंजाब किंग्स के हाथों पांच रन की हार के बावजूद युवा बल्लेबाज

# जुरेल के प्रदर्शन से खुश हैं कप्तान संजू सैमसन

एजेंसियां

**गुवाहाटी :** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के रोमांचक मुकाबले में पंजाब किंग्स के हाथों पांच रन की हार के बावजूद युवा बल्लेबाज ध्रुव जुरेल के प्रदर्शन पर संतुष्टि जाहिर की है। पंजाब ने बुधवार को पहले बल्लेबाजी करते हुए रॉयल्स के सामने 198 रन का लक्ष्य रखा था। रॉयल्स ने 16 ओवर में 129 रन पर छह विकेट गंवा दिये थे, लेकिन जुरेल (15 गेंद, 32 रन) ने शिमरन हेटमायर (18 गेंद, 36 रन) के साथ सातवें विकेट के लिये 26 गेंद पर 61 रन की साझेदारी करके मैच को रोमांचक बना दिया। सैमसन ने मैच के बाद कहा, (जुरेल का टीम में होना) हमारा सौभाग्य है। वह पिछले दो सीजन से हमारे साथ हैं और उनके ऊपर काफी काम किया गया है। हम सब उनके प्रदर्शन से काफी खुश हैं। उन्होंने कहा, आईपीएल में आने से पहले आपको एक हफ्ते के अभ्यास शिविर में हिस्सा लेना होता है लेकिन इन खिलाड़ियों ने हमारी अकादमी में पांच हफ्ते का समय दिया और हजारों गेंदों का सामना किया है। हम ऐसे बल्लेबाजों को अपनी टीम में पाकर बेहद खुश हैं। रॉयल्स को आखिरी ओवर में 16 रन की दरकार थी लेकिन सैम करन ने हेटमायर को रनआउट करते हुए पंजाब की जीत सुनिश्चित की। सैमसन ने स्वीकार किया कि पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पावरप्ले का भरपूर लाभ उठाया था, हालांकि उनके गेंदबाजों ने मध्य ओवरों में बेहतर गेंदबाजी की। सैमसन ने पिच के बारे में कहा, मेरे हिसाब से यह पिच बल्लेबाजी के लिये बहुत अच्छी थी, खासकर पावरप्ले में। गेंद ज्यादा स्विंग नहीं हो रही थी। उनके बल्लेबाजों ने आक्रामकता के



साथ शुरुआत की थी और उनकी पारी उसी हिसाब से आगे बढ़ी। उन्होंने कहा,हमारे गेंदबाजों ने रफ्तार में मिश्रण करने की कोशिश की। इस मैदान पर बड़े स्कोर बनते हैं लेकिन हमने पावरप्ले के बाद उनको वापस लाने का अच्छा प्रयास किया। राजस्थान को एक झटका तब लगा जब सलामी बल्लेबाज जॉस बटलर की जगह रविचंद्रन अश्विन पारी की शुरुआत करने उतरे। सैमसन ने बताया कि बटलर को पंजाब की पारी की आखिरी गेंद पर कैच पकड़ते हुए उंगली में चोट लग गयी थी। कप्तान सैमसन ने बताया, जॉस फिट नहीं थे। कैच लेने के बाद उनकी उंगली में टांके लगे थे। (देवदत्त) पड्डिकल पारी की शुरुआत करने नहीं उतरे क्योंकि हम मध्य ओवरों में उनके दो स्पिनरों पर प्रहार करने के लिये मध्यक्रम में एक वामहस्त बल्लेबाज चाहते थे।

## खेल जगत अपडेट्स »

### कलिकेश सिंह देव बने एनआरएआई के नये अध्यक्ष



**नयी दिल्ली :** भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के शासी निकाय ने अध्यक्ष रनिंदर सिंह के 'लंबी छुट्टी' पर जाने के बाद गुरुवार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव को संघ की कमान सौंप दी। गौरतलब है कि खेल मंत्रालय ने एक निर्देश जारी किया था कि राष्ट्रीय खेल संघों के प्रमुख राष्ट्रीय खेल संहिता के अनुसार 12 साल से अधिक समय तक पद पर नहीं रह सकते हैं, जिसके बाद सितंबर 2021 में पुन: एनआरएआई अध्यक्ष चुने गये रनिंदर छुट्टी पर चले गये थे। रनिंदर ने सबसे पहली बार 29 दिसंबर 2010 को एनआरएआई की कमान संभाली थी और वह अपना कार्यकाल पिछले साल ही पूरा कर चुके हैं। सिंह देव को एनआरएआई संविधान के नियम 19 के तहत अध्यक्ष चुना गया है, जबकि रनिंदर के चुनाव और कार्यकाल का मामला दिल्ली उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। सिंह देव ने अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी लेने के बाद कहा, ''मैं शासी निकाय द्वारा मुझे दी गई जिम्मेदारी और अध्यक्ष द्वारा मुझ पर दिखाए गए विश्वास को विनम्रतापूर्वक स्वीकार करता हूं। हमारी तात्कालिक प्राथमिकता एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप जैसे महत्वपूर्ण आगामी आयोजनों के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। एनआरएआई की टीम और मैं भारत सरकार, खेल मंत्रालय, भारतीय खेल प्राधिकरण और अन्य सभी प्रमुख हितधारकों के साथ मिलकर काम करने की कोशिश करेंगे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारा खेल आगे चलकर देश के लिए और अधिक सम्मान लाए। उल्लेखनीय है कि खेल मंत्रालय ने एनआरएआई से अध्यक्ष पद के लिये निर्धारित समय सीमा के भीतर चुनाव कराने को कहा था, और ऐसा न करने पर खेल संहिता के अनुसार उचित कार्रवाई की चेतावनी दी थी। एनआरएआई ने 30 मार्च को एक पत्र में अपने शासी निकाय के सदस्यों को मंत्रालय के पत्र से उत्पन्न मुद्दों पर चर्चा करने के लिये गुरुवार को एक आपातकालीन बैठक के बारे में सूचित किया था। एनआरएआई की विज्ञप्ति के अनुसार, लगभग 40 मिनट तक चली शासी निकाय की वर्चुअल बैठक में 35 में से 29 सदस्यों ने भाग लिया।

## राहुल के रणबांकुरों के सामने मार्करम की चुनौती



एजेंसियां

**लखनऊ :** केएल राहुल की लखनऊ सुपरजायंट्स अपने घरेलू मैदान एकाना स्टेडियम पर लौटते हुए शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 में एडेन मार्करम की सनराइजर्स हैदराबाद का सामना करेगी। अपने पिछले मैच में राहुल की टीम ने चेन्नई सुपर किंग्स का चेपौक किला लगभग फतह कर लिया था, हालांकि वह 217 रन के लक्ष्य से 12 रन दूर रह गयी। काइल मेयर्स (22 गेंद, 53 रन) और निकोलस पूरन (18 गेंद, 32 रन) ने चेन्नई के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी का बेहतरीन प्रदर्शन किया था और लखनऊ को इस कैरिबियाई जोड़ी से एक बार फिर ऐसी ही उम्मीद होगी। सलामी बल्लेबाज डी कॉक का भारत आना लखनऊ के लिये अच्छा संदेश है, हालांकि मेयर्स की खतरनाक फॉर्म के कारण शायद उन्हें कुछ समय टीम से बाहर ही रहना पड़े। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हुए मैच में एकाना की पिच पर पर्याप्त उछाल देखने को मिला था और टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले मार्क वुड एक बार फिर इसका लाभ उठाना चाहेंगे। मध्य ओवरों में युवा लेग-स्पिनर रवि बिश्नोई रनों के प्रवाह को थामने की कोशिश करेंगे।

## बेंगलुरू एफसी ने सुपर कप के लिये टीम की घोषणा की




एजेंसियां

**बेंगलुरू :** बेंगलुरू फुटबाल क्लब ने हीरो सुपर कप 2023 के लिये 30 सदस्यीय टीम की घोषणा बुधवार को की। इस स्क्वाड में तीन खिलाड़ियों ने बेंगलुरू एफसी 'बी' टीम से जगह बनायी है, जबकि साइमन ग्रेसन ने अपनी सूचि में पांच विदेशी खिलाड़ियों को शामिल किया है। ग्रेसन ने कहा, यह हमारे लिये क्लब की ट्रॉफी कैबिनेट में और एक और ट्रॉफी जोड़ने का अवसर है। हम यहां से एएफसी कप के लिये क्वालीफाई भी कर सकते हैं, इसलिए हम इसके लिये तत्पर हैं। यह टूर्नामेंट आसान नहीं होने वाला है और हमारे खिलाड़ी इस चुनौती के लिए तैयार हैं। टीम के नवागंतुकों में 76वीं संतोष ट्रॉफी जीतने वाली कर्नाटक राज्य टीम के खिलाड़ी, डिफेंडर रॉबिन यादव और मिडफील्डर लालरेमतलुआंगा फनाई शामिल हैं, जबकि युवा प्रतिभा श्रेयस केतकर ने भी टीम में जगह बनाई है। इंडियन सुपर लीग खेलने वाली बेंगलुरु स्क्वाड के डिफेंडर ऐलन कॉस्टा एकमात्र विदेशी खिलाड़ी हैं जो सुपर कप स्काड में नहीं है। ब्लूज़ के साथ कॉस्टा का कार्यकाल पिछले हफ्ते समाप्त हो गया था। ग्रेसन ने कहा, हम अपनी सबसे मजबूत टीम के साथ गये हैं और मैं यह देखकर भी खुश हूं कि कुछ युवाओं ने बी टीम से जगह बनायी है। इन खिलाड़ियों ने टीम बी मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया है और प्रशिक्षण में हमारे साथ कड़ी मेहनत की है। उन्हें टीम में शामिल करने का यह एक अच्छा मौका है। वे इस टूर्नामेंट के दौरान काफी कुछ सीखकर खुद को बेहतर बना सकते हैं। बेंगलुरु एफसी अपने अभियान की शुरुआत श्रीनिदी डेक्कन एफसी के खिलाफ शनिवार को करेगा। यह मुकाबला ईएमएस कॉर्पोरेशन स्टेडियम में शनिवार को शाम पांच बजे खेला जायेगा।

बेंगलुरु एफसी स्क्वाड : गोलकीपर : गुरप्रीत सिंह संधू, अमृत गोप, लारा शर्मा, शैरन पडाटिल डिफेंडर : संदेश झिंगन, पराग श्रीवास, एलेक्जेंडर जोवानोविक, नोरेम रोशन सिंह, प्रबीर दास, नामग्याल भूटिया, वुंगगायम मुइरांग, रॉबिन यादव, बिस्वा दार्जी मिडफील्डर : ब्रूनो सिल्वा, जयेश राणे, सुरेश सिंह वांगजाम, जावी हर्नांडेज, रोहित कुमार, पाब्लो पेरेज, आशीष झा, फनाई लालरेमट्लुआंगा, थोई सिंह, दमितफांग लिगदोह, श्रेयस केतकर स्ट्राइकर : सुनील छेत्री, शिवशक्ति नारायणन, रॉय कृष्णा, हरमनप्रीत सिंह, लियोन ऑगस्टाइन, उदंता सिंह।

## मुशर्रफ के ऑलराउंड खेल से शयाम लाल कॉलेज जीता




▶▶ टी20 टूर्नामेंट के लीग मैच में 25 रनों से पराजित किया

▶▶ मुशर्रफ ने तीन विकेट लेते हुए श्यम लाल कॉलेज की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया

एजेंसियां

**नयी दिल्ली :** मैन ऑफ द मैच मुशर्रफ (33 रन और तीन विकेट) के ऑलराउंड खेल से श्याम लाल कॉलेज ने कॉलेज ऑफ वोकेशनल स्टडीज (सीवीएस) को चौथे श्री गुरु नानक देव इंटर कॉलेज टी20 टूर्नामेंट के लीग मैच में 25 रनों से पराजित किया। श्याम लाल कॉलेज की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए अब्दुर और अनन्य (दो-दो विकेट) की दर्शनीय गेंदबाजी के आगे 17.2 ओवर में 115 रन पर ऑल आउट हो गयी। लक्ष्य का पीछा करते हुए सीवीएस की टीम 17.3 ओवर में 90 रन पर सिमट गयी। यश ने सीवीएस के लिये सर्वाधिक 20 रन बनाये लेकिन उन्हें किसी का साथ नहीं मिला। बल्ले से 33 रन का योगदान देने वाले मुशर्रफ ने तीन विकेट लेते हुए श्याम लाल कॉलेज की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसके लिये उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की फिल्म पुष्पा द रूल का फर्स्ट लुक रिलीज



एजेंसियां

**मुंबई :** दक्षिण भारतीय अभिनेता अल्लू अर्जुन और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना आने वाली फिल्म पुष्पा द रूल का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। पुष्पा द रूल के मेकर्स ने फिल्म का फर्स्ट लुक आउट करते हुए एक वीडियो शेयर किया है,जिसके साथ लिखा है कहां है पुष्पा आपका इंतजार जल्द ही खत्म होने वाला है। आपको अपने सभी सवालों का जवाब 7 अप्रैल 4:05 पर मिल जाएगा, क्योंकि तब आपको यह पता चलेगा कि आपका पुष्पा तिरुपति जेल से फरार होकर आखिर कहां गायब है। मेकर्स ने इस बार पुष्पा की धमक जमाने में कोई कमी नहीं छोड़ी है। वीडियो में खून खराबा प्रोटेस्ट सभी कुछ नजर आ रहा है। जिसके साथ केवल एक ही सवाल पूछा जा रहा है कि आखिर कहां है पुष्पा। पुष्पा के ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट पर यह वीडियो एक कैप्शन के साथ शेयर किया गया है जिसके साथ लिखा है द हंट फॉर पुष्पा।

## शाहरूख और सलमान की जोड़ी 'टाइगर वर्सेज पठान' में आयेगी नजर



एजेंसियां

**मुंबई :** बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान और दबंग स्टार सलमान खान की सुपरहिट जोड़ी आने वाली फिल्म टाइगर वर्सेज पठान में नजर आयेगी। बॉलीवुड फिल्मकार आदित्य चोपड़ा 'टाइगर वर्सेज पठान' बनाने जा रहे हैं। 'टाइगर वर्सेज पठान'में शाहरुख खान और सलमान खान पठान और टाइगर के जासूस के रूप में अपनी भूमिकाओं में फिर से दिखेंगे। फिल्म में कथित तौर पर दो एजेंटों के बीच आमना-सामना होगा।

## 'आदिपुरुष' का नया पोस्टर,बजरंग बली का लुक रिवील

एजेंसियां

**मुंबई :** हनुमान जयंती के अवसर पर फिल्म 'आदिपुरुष' से बजरंग बली का लुक रिवील कर दिया गया है। निर्देशक ओम राउत की आने वाली फिल्म 'आदिपुरुष' से बजरंबली पवन पुत्र हनुमान का पहला लुक रिवील कर दिया गया है। इस फिल्म में देवदत्त गजानन भगवान हनुमान का रोल निभा रहे हैं। फिल्म 'आदिपुरुष' में भगवान श्रीराम का किरदार निभा रहे प्रभास ने फिल्म से बजरंग बली यानी देवदत्त गजानन नागे का लुक रिवील किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर देवदत्त गजानन नागे का लुक रिवील किया है। जिसके साथ ही कैप्शन दिया है, ह्यराम के भक्त और रामकथा के प्राण जय पवनपुत्र हनुमान! उल्लेखनीय है कि प्रभास, सैफ अली खान और कृति सेनन स्टारर 'आदिपुरुष' ओम राउत द्वारा निर्देशित, टी-सीरीज, भूषण कुमार और कृष्ण कुमार, ओम राउत, प्रसाद सुतार, और रेट्रोफाइल्स के राजेश नायर द्वारा निर्मित है।

## सामंथा रुथ प्रभु की फिल्म 'शाकुंतलम' का दूसरा ट्रेलर रिलीज



एजेंसियां

**मुंबई :** दक्षिण भारतीय अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु की आने वाली फिल्म 'शाकुंतलम' का दूसरा ट्रेलर रिलीज हो गया है। सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'शाकुंतलम' को लेकर चर्चा में है। यह फिल्म कालिदास के लोकप्रिय नाटक 'अभिज्ञान शाकुंतलम' पर आधारित है। मेकर्स ने 'शाकुंतलम' का दूसरा ट्रेलर भी रिलीज कर दिया है। ट्रेलर की शुरुआत सामंथा और देव मोहन की प्यार भरी कहानी से होती है, जो धीरे-धीरे हिंसक रूप ले लेती है। शाकुंतला का अपने प्यार के लिए तड़पना और उसे पाने की इच्छा में कुछ भी कर गुजरना फैंस की आंखों में आंसू ले आया है। ट्रेलर को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर साझा करते हुए सामंथा ने लिखा, 'प्रेम की इस यात्रा को शुरू करने के लिए तैयार हो जाइए। शाकुंतलम दुनिया भर में 14 अप्रैल को 3डी और 2डी में रिलीज होगी।' गौरतलब है कि 'शाकुंतलम' का निर्देशन गुनाशेखर ने किया है। सामंथा रुथ प्रभु के अलावा, इस फिल्म में देव मोहन, जिशु सेनगुप्ता, मोहन बाबू, मधु, गौतमी, अदिति बालन और अनन्या नागल्ला जैसे कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 14 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

## प्रदेश >> अपडेट

### उत्तरकाशी में भूकंप के झटके

**देहरादून :** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में गुरुवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप से किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। उत्तरकाशी के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल ने बताया कि सुबह 05.40 बजे जिला मुख्यालय के आसपास के क्षेत्रों में भूकम्प के झटके महसूस किए गए।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### मटका कुल्फी के सेवन से 55 बीमार

**खरगोन :** मध्यप्रदेश के खरगोन जिले में स्थित एक मंदिर के वार्षिक मेले के दौरान मटका कुल्फी के सेवन से आधा दर्जन गांव के 25 बच्चों समेत 55 लोग फूड प्वाइजनिंग से प्रभावित हो गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दौलत सिंह चौहान ने बताया कि फूड प्वाइजनिंग के चलते पेट दर्द, उल्टी और दस्त की शिकायत को लेकर कल रात 25 बच्चों समेत 55 लोग जिला अस्पताल में भर्ती किए गए। उन्होंने बताया कि सभी की हालत स्थिर है और आज चिकित्सकों के परीक्षण के बाद ही उन्हें डिस्चार्ज करने का निर्णय लिया जाएगा। जिला अस्पताल के रेजिडेंट मेडिकल ऑफिसर डॉ दिलीप सेप्टा ने बताया कि मरीज रात्रि 3:00 बजे तक आते रहे। दो बच्चों की स्थिति ज्यादा नाजुक थी, लेकिन उपचार के बाद वह भी फिलहाल स्थिर है। आज सुबह भी 13 लोग जिला अस्पताल में भर्ती हुए। ग्रामीण दिनेश कुशवाह ने बताया कि मंदिर क्षेत्र में उन्होंने अपनी तीन वर्षीय पोती के साथ मटका कुल्फी का सेवन किया था और इसके बाद तकलीफ आरंभ हो गई। उन्होंने बताया कि करीब 60 लोगों ने मटका कुल्फी का सेवन किया था।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### जालंधर लोकसभा उपचुनाव 10 मई को

**चंडीगढ़ :** पंजाब में जालंधर लोकसभा सीट के उपचुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) ने गुरुवार को सुशील कुमार रिंकू को अपना प्रत्याशी घोषित किया। जालंधर पश्चिम से विधायक रह चुके रिंकू कल ही कांग्रेस से निकाले जाने के चंद घंटे बाद मुख्यमंत्री भगवंत मान और दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय संयोजक की उपस्थिति में आप में शामिल हो गये थे। जालंधर लोकसभा उपचुनाव 10 मई को होगा। यह सीट कांग्रेस सांसद संतोख सिंह चौधरी का जनवरी में निधन होने जाने से रिक्त हुई है। निर्वाचन आयोग के घोषित चुनावी कार्यक्रम के अनुसार नामांकन 13 अप्रैल से शुरू होंगे।

### वाहन चेकिंग के दौरान कांग्रेस विधायक की कार जब्त

**शिवपुरी :** मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले के करेरा के पुलिस सहायता केन्द्र के पास वाहन चेकिंग के दौरान कांग्रेस विधायक प्रागीलाल जाटव की कार को पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार करेरा अनुविभागीय मुख्यालय में पुलिस सहायता केन्द्र के समीप कल वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी बीच कांग्रेस विधायक प्रागीलाल जाटव की कार की जांच की गयी।

### सीमांत गांवों में 'क्लीन द हिमालय अभियान'

**पिथौरागढ़/ नैनीताल :** हिमालय को कूड़ा मुक्त रखने के लिए पिथौरागढ़ जिला पंचायत की ओर से की गई पहल के तहत सात अप्रैल से चीन सीमा से सटे 25 गांवों में कूड़ा प्रबंधन एवं निस्तारण 'क्लीन द हिमालय अभियान' चलाया जायेगा। इस अभियान के तहत प्रथम चरण में छह ग्राम पंचायतों में एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित कर 1238 परिवारों को कूड़ा प्रबंधन एवं निस्तारण के बारे में बताया जाएगा।

---

**आंदोलन** भारत के किसानों के आंदोलन से उत्साहित है पश्चिमी देशों के किसान

# पोलैंड के किसानों ने कहा जेलेंस्की का दौरा भंडूल कर देंगे

- कई पश्चिमी देशों में अब किसान संगठनों का जोर
- यूक्रेन के राष्ट्रपति का पोलैंड दौरा होने वाला है
- अनाज की कीमतों पर सरकार से सीधी लड़ाई



**राष्ट्रीय खबर**

**वारसा:** पोलैंड के किसान अपने अनाज की सही कीमत नहीं मिलने से बहुत नाराज है। इसलिए उन्होंने सरकार को चेतावनी दी है कि वे यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के पोलैंड दौरे में बाधा खड़ी कर देंगे। भारत में काफी लंबे समय तक चले किसान आंदोलन के बाद पोलैंड के अलावा कई अन्य पश्चिमी देशों में किसान आंदोलन जोर पकड़ रहा है। वहां के किसान भी अपनी ट्रैक्टरों से तूफान खड़ा करना सीख गये हैं। किसानों की इस धमकी को गंभीरता से लिया गया है। ऐसा इसलिए है क्योंकि रूस से युद्ध प्रारंभ होने के बाद पोलैंड ही यूक्रेन का पहला मददगार बना था। नाटो के नियमों से बाहर जाकर उसने यूक्रेन को कई अतिरिक्त हथियार भी उपलब्ध कराये हैं। वलोडिमिर जेलेंस्की इस यात्रा पर कठिन समय में खड़े रहने के लिए आभार व्यक्त करने के लिए जाएंगे।

इधर पोलैंड के किसान सांफ साफ कर रहे हैं कि अगर उनकी बात नहीं सुनी गयी तो यह दौरा वे लोग मिलकर भंडूल यानी तहस नहस कर देंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, बड़ी मात्रा में यूक्रेनी अनाज पोलैंड में प्रवेश करने के कारण देश के किसानों द्वारा उत्पादित अनाज की कीमत गिर गई है। इससे उन्हें नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। किसान इस मुद्दे को लेकर जेलेंस्की से नाराज हैं। जैसे ही उन्हें पता चला कि जेलेंस्की पोलैंड आ रहा है, उन्होंने उसकी यात्रा को रोकने के लिए पूरी कोशिश करने की धमकी दी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पोलिश किसानों को इस तरह की धमकियों से रूसियों को यह संदेश जाएगा कि यूक्रेन को लेकर पश्चिम की एकता में दरार आ गई है। जामोक किसान संघ के प्रमुख मार्सिन सोबजुक ने पोलिश मीडिया इंटरिया से कहा, युद्ध लड़ने वालों को इसके बारे में सोचने की जरूरत है। उनके संघ जेलेंस्की की यात्रा का बहिष्कार करने के लिए तैयार हैं। युद्ध की शुरूआत से पहले यूक्रेन में उत्पादित अनाज की एक निश्चित मात्रा यूरोपीय संघ (ईयू) देशों में प्रवेश कर सकती है। हालाँकि, युद्ध के बाद, संघ द्वारा कुछ सीमाएँ और कर हटा लिए गए थे। उसके बाद टनों अनाज बिना किसी प्रतिबंध के यूरोपीय देशों में चला जाता है। हालाँकि, यूरोपीय संघ ने यह सुनिश्चित करने के लिए ऐसी पहल की कि यूक्रेन की फसलों को अफ्रीका सहित दुनिया के अन्य देशों में निर्यात किया जा सके। हालांकि, वर्तमान में यूक्रेन का अनाज यूरोपीय संघ के देशों में बना हुआ है। जिसका असर देश के क्षेत्रीय बाजारों पर पड़ा है।

## जिला परिषद सदस्य उपचुनाव सात मई को



**एजेंसियां**

**अजमेर :** राजस्थान राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत राज संस्थानों के लिये उपचुनाव घोषणा के बाद अजमेर जिला परिषद की मसूदा विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 12 से सदस्य हेतु तथा ग्राम पंचायत गेगल एवं मोयणा हेतु सरपंच के लिये चुनाव होगा। निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के मुताबिक चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही सम्बन्धित क्षेत्रों में आदर्श आचार चुनाव सहिंता प्रभावी हो गई है। चुनाव के लिये 17 अप्रैल को अधिसूचना जारी होगी तथा चुनावी प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद सात मई 2023 को सुबह 9 से सायं 5बजे तक मतदान कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि इसके ही ग्राम पंचायत मेहरूकलां व शिवपुरा के घाटा के लिये उपसरपंच हेतु चुनाव होगा एवं छह स्थानों पर पंचों का भी चुनाव कराया जायेगा।

## 'डर दिखाओ,वोट पाओ' की राजनीति कर रहे कमलनाथ : शिवराज



- ये डर दिखाओ, वोट पाओ की स्तरहीन राजनीति है

**एजेंसियां**

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पर हमला बोलते हुए कहा कि वे 'डर दिखाओ, वोट पाओ' की तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे हैं और इससे कुटिलता जाहिर हो रही है। चौहान ने संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि कमलनाथ की बात से कुटिलता जाहिर हो रही है। एक तरफ कमलनाथ हनुमानभक्त होने का प्रचार करवाते हैं। दूसरी ओर रोजा इफ्तार में जाके दंगे फसाद की बात करते हैं। वे क्या वहां सबके वोट पाने गए थे। ये डर दिखाओ, वोट पाओ की स्तरहीन राजनीति है। इसके साथ ही उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि प्रदेश में कहां दंगे हो रहे हैं। ये उनकी कुटिलता और बदनीयत है। वे तुष्टिकरण कर वोट पाने की कोशिश कर रहे हैं। हम इसकी निंदा करते हैं। कमलनाथ ने पिछले दिनों छिंदवाड़ा के प्रवास के दौरान रोजा इफ्तार के एक कार्यक्रम में कहा था कि अब उन्हें प्रदेश संभालना है क्योंकि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में दंगे-फसाद करवा रही है। इससे जुड़ा एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उनके इस बयान पर भाजपा के नेताओं की कड़ी प्रतिक्रिया सामने आ रही है।

## अजमेर में भाजपा का 43वां स्थापना दिवस मनाया




- छह लाख परिवारों तक संपर्क कर पत्रक बांटे जाएंगे
- भाजपाईयों ने संगठन का झंडा फहराया और वंदन किया

**एजेंसियां**

**अजमेर :** राजस्थान के अजमेर में आज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आज अपना 43वां स्थापना दिवस कमल संकल्प दिवस के रूप में मनाया। अजमेर-जयपुर हाइवे स्थित भूणाबाय पार्टी कार्यालय पर प्रमुख भाजपाईयों ने संगठन का झंडा फहराया और वंदन किया तथा संगठन के कमल के प्रति संकल्प लेते हुए संगठन को और मजबूत दिशा देने के संकल्प को दोहराया। शहर भाजपा के अध्यक्ष रमेश सोनी ने बताया कि कमल संकल्प उत्सव के दौरान सभी बूथ अध्यक्षों एवं पन्ना प्रमुखों को दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया तथा 14 अप्रैल तक चलने वाले इस उत्सव के दौरान डॉ. अंबेडकर जयंती के दिन संगठन सामाजिक न्याय सप्ताह भी मनाएगी तथा केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का जन जन तक प्रचार करेगी। भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश भडाना ने बताया कि मोर्चे की ओर से आज गांव गांव चलो, घर घर चलो अभियान चलाया जाकर प्रदेश के छह हजार गांव में पहुंचकर छह लाख परिवारों तक संपर्क कर पत्रक बांटे जाएंगे। अजमेर में पार्टी के स्थापना दिवस ध्वज वंदन समारोह में विधायक वासुदेव देवनानी, अनिता भदेल, महापौर बृजलता हाडा, उपमहापौर नीरज जैन सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिन्होंने संगठन के लिए जमकर गगनभेदी नारे लगाए।

## देश में कोरोना के 2,496 सक्रिय मामले बढ़े



**एजेंसियां**

**नयी दिल्ली :** देश में कोरोना के सक्रिय मामलों में बढ़ोतरी जारी है और पिछले 24 घंटों में 2,496 सक्रिय मामले बढ़े हैं तथा छह मरीजों की मौत हो गयी। इस बीच देश में कोरोना टीकाकरण भी जारी है और इसी क्रम में पिछले 24 घंटों में 1,993 लोगों को टीका लगाया गया है और अब तक देश में 220,66,18,366 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी आंकड़ों के सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 25,587 हो गयी है। देश में कुल संक्रमितों की संख्या 4,47,39,054 हो गयी है। वहीं मृतकों की संख्या बढ़कर 5,30,929 हो गयी है। इसी अवधि में कोरोना संक्रमण से स्वस्थ होने वालों का आंकड़ा 2,826 बढ़कर 4,41,82,538 पर पहुंच गया है। देश में पिछले 24 घंटों के दौरान केरल में सक्रिय मामलों की संख्या में सर्वाधिक 1,404 की वृद्धि हुई है। इसके अलावा, हिमाचल प्रदेश में 212, तमिलनाडु में 130, हरियाणा में 111, दिल्ली में 85, महाराष्ट्र में 82, उत्तर प्रदेश में 78, कर्नाटक में 66, छत्तीसगढ़ में 48, राजस्थान में 44, पंजाब में 41, केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में 35, पुड्डुचेरी में 33, गोवा में 23, मध्य प्रदेश में 18, लद्दाख में 16, पश्चिम बंगाल में 15, झारखंड में 10,आन्ध्र प्रदेश और उत्तराखंड में पांच-पांच, बिहार में चार,तेलंगाना में तीन,मणिपुर में दो,चंडीगढ़ और सिक्किम में क्रमशः एक-एक मामले बढ़े हैं।

---

**विरासत** क्लाइव आवास के बिल्कुल करीब ही मिट्टी में दब गया था

# ब्रिटिश राज के शक्तिशाली तोप को खोदकर निकाला



**राष्ट्रीय खबर**

**कोलकाता:** ब्रिटिश राज में क्लाइव को खास तौर पर बंगाल एक अत्याचारी अंग्रेज शासक के तौर पर जानता है। अब उसके ही पुराने घर के पास 1770 में बनी ब्रिटिश तोप! जमीन खोदकर निकाला गया है। इस ब्रिटिश तोप को 1763 में डिजाइन किया गया था। 6 टन वजन की तोप 1,500 गज की दूरी पर 18 किलोग्राम के गोले दागने में सक्षम थी। यानी उस दौर के लिहाज से यह अत्यंत शक्तिशाली तोप थी। यह तोप जमीन पर करीब ढाई सौ साल से यह जमीन पर आधा करवट लेटा पड़ा था। 15 दिन की मशक्कत के बाद ईस्ट इंडिया कंपनी के इस तोप की खुदाई की गई। दमदम नगर पालिका, बैरकपुर पुलिस आयुक्तालय और सीईएससी ने मिलकर इस पर काम किया। बुधवार को दमदम सेंट्रल जेल के पास जेस्सोर रोड जंक्शन पर तोप को जमीन से उठा लिया गया। राज्य मंत्री और कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम और पश्चिम बंगाल के महाप्रबंधक और आधिकारिक ट्रस्टी बिप्लब रॉय वहां मौजूद थे। बिप्लब ने बताया कि 10 फुट 8 इंच लंबी तोप जमीन से करीब 1 फुट ऊपर था। बाकी जमीन के अंदर धंस गया था। इसे तोपखाना विशेषज्ञ अमिताभ कानून और स्थानीय निवासियों के एक समूह की मदद से बरामद किया गया था। उन्होंने कहा, अंग्रेजों द्वारा बनाई गई तोप का डिजाइन 1763 में तैयार किया गया था। यह माना जा सकता है कि तोप का निर्माण 1770 में हुआ था। 6 टन (6,000 किलोग्राम) वजनी, तोप 1,200 से 1,500 गज की दूरी पर 18 किलोग्राम के गोले दागने में सक्षम थी। दमदम का ऐतिहासिक क्लाइव हाउस कार्यक्रम स्थल से करीब एक किलोमीटर दूर है। विशेषज्ञ अनुमान लगाते हैं कि युद्ध में तोप का इस्तेमाल किया गया था। बाद में इसे संभवतः जेस्सोर रोड से दमदम सेंट्रल जेल के प्रवेश द्वार पर रखा गया था। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बहुत से लोग इसका इस्तेमाल कचरा फेंकने के लिए करते थे क्योंकि तोप का थूथन जमीन से बाहर निकला हुआ था। जमीन के नीचे, तोप विभिन्न केबलों से घिरी हुई थी। इसलिए खुदाई सावधानी से की जानी थी। फिरहाद ने बुधवार को कहा, चूंकि यह संपत्ति अदालत की है, इसलिए अदालत के अनुरोध के अनुसार इसे अलीपुर या अन्य जगहों पर संरक्षित करने की व्यवस्था की जाएगी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार 1970 के दशक में टालीगंज-दमदम मेट्रो रेल के लिए खुदाई कार्य के दौरान जमीन के नीचे कुछ प्राचीन तोपें भी मिली थीं। हालांकि, यह पहली बार है कि इस तरह से किसी प्राचीन तोप की खुदाई की गई है। बिप्लब ने कहा, यह हमारी कोलकाता परंपरा है। हमारे राज्य के मुकुट में एक पंख। यह पहली बार है जब हमने इस तरह की विरासत खोदी है।

---

## न्यूज फटाफट

### फिनलैंड का नाटो में शामिल होना रूस की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा

**मॉस्को :** रूस ने कहा है कि वह उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में फिनलैंड के शामिल होने को अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक अतिरिक्त खतरा मानता है। स्थानीय मीडिया ने राष्ट्रपति कार्यालय 'क्रेमलिन' के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव के हवाले से बुधवार को यह जानकारी दी। पेस्कोव ने कहा कि फिनलैंड की सदस्यता यूरोपीय महाद्वीप में स्थिरता और सुरक्षा को मजबूत करने में योगदान नहीं देती है। उन्होंने कहा, ''यह हमें संपूर्ण सुरक्षा प्रणाली को पुनर्संतुलित करने के लिए आवश्यक उपाय करने के लिए बाध्य करता है।'' उन्होंने कहा कि जवाबी उपायों पर चर्चा करना जल्दबाजी होगी और रूस अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सब कुछ करेगा। गौरतलब है कि फिनलैंड मंगलवार को औपचारिक रूप से नाटो का 31वां सदस्य बन गया। इस अवसर पर आयोजित एक समारोह में फिनलैंड के राष्ट्रपति साउली निनिस्तो ने कहा कि देश के इतिहास में 'सैन्य गुटनिरपेक्षता का युग' समाप्त हो गया है।

### रूस अमेरिका के संबंध गहरे संकट में : पुतिन

**मास्को :** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को कहा कि रूस और अमेरिका के संबंध गहरे संकट का सामना कर रहे हैं। पुतिन ने रूस- अमेरिका के संबंधों पर यह टिप्पणी एक समारोह के दौरान की। इस समारोह में राष्ट्रपति को विदेशी देशों के 17 नव-नियुक्त राजदूतों से परिचय पत्र प्राप्त हुये। राष्ट्रपति ने कहा,''रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच संबंध गहरे संकट से गुजर रहे हैं।'' पुतिन ने कहा कि वैश्विक सुरक्षा दृढ़ता से दोनों देशों के बीच संबंधों पर निर्भर करती है, और यह कि संयुक्त राज्य अमेरिका अंततः यूक्रेनी संकट और रूस के साथ द्विपक्षीय संबंधों के बिगड़ने दोनों के लिए जिम्मेदार है। पुतिन ने कहा कि रूस संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ संबंध बनाने के पक्ष में है,अगर ये समानता, संप्रभुता के सम्मान और एक-दूसरे के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने के सिद्धांतों पर आधारित हों। रूसी राष्ट्रपति ने यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ रूस के तनावपूर्ण संबंधों पर भी टिप्पणी की।

### अल-अक्सा मस्जिद में तनाव के बाद इस्राइल की ओर दागे गोले

**गाजा :** फलस्तीनी आतंकवादियों ने बुधवार रात पूर्वी यरुशलम में अल-अक्सा मस्जिद में तनाव के बाद गाजा पट्टी से दक्षिणी इस्राइल की ओर दो गोले दागे। इजरायली सेना के एक प्रवक्ता ने एक प्रेस बयान में कहा कि दो गोले गाजा पट्टी से गाजा सीमा की ओर दागे गए। प्रवक्ता के अनुसार एक गोला सीमा पार करने में विफल रहा और गाजा में ही गिर गया जबकि दूसरा इजरायली क्षेत्र के अंदर सीमा बाड़ क्षेत्र में गिरा। इस घटना में किसी के घायल होने या क्षति की सूचना नहीं है और ना ही अब तक किसी ने भी इसकी जिम्मेदारी लेने का दावा किया है। इजराइली सेना के रेडियो ने बताया कि गोलीबारी के कारण गाजा पट्टी की सीमा से लगे इजरायली शहरों में सायरन चालू कर दिया गया। रेडियो के अनुसार दक्षिणी इजराइल में दो मिसाइलें तब दागी गईं, जब इजराइल रक्षा बल के प्रमुख हर्जी हलेवी सैनिकों के साथ यहूदी फसह की छुट्टी मनाने के लिए क्षेत्र में थे। हमास के इस्लामी प्रतिरोध आंदोलन के अधिकारियों और चश्मदीदों ने कहा कि गाजा पट्टी की सीमा पर एक विस्फोट सुना गया। इजराइली सेना के प्रवक्ता के अनुसार फिलिस्तीनी आतंकवादियों ने नौ गोले दागे, जिनमें से चार को इजराइली सेना के आयरन डोम ने रोक दिया। बुधवार तड़के अल-अक्सा मस्जिद परिसर में तनाव के बाद दो गोलों की नवीनतम गोलीबारी हुई, जब इजरायली पुलिस ने पूर्वी यरुशलम में मस्जिद पर छापा मारा और अंदर दर्जनों फिलिस्तीनी उपासकों से भिड़ गए।

### कश्मीर घाटी में हुई बारिश

**श्रीनगर :** कश्मीर घाटी में रात भर बारिश हुई,जबकि गुरुवार को अधिकांश स्थानों पर न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे रहा। मौसम विभाग ने आज आंशिक रूप से बादल छाए रहने और कुछ स्थानों पर दोपहर और शाम को गरज के साथ हल्की बारिश होने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग के अनुसार सात से 10 अप्रैल तक मौसम मुख्यतः शुष्क रहेगा। मौसम विभाग ने बताया कि श्रीनगर में पिछले 24 घंटों के दौरान 08:30 बजे तक 3.4 मिमी बारिश हुई, काजीगुंड में 9.9 मिमी, पहलगाम में 4.4 मिमी, कुपवाड़ा में 9.1 मिमी, कोकेरनाग में 9.8 मिमी, गुलमर्ग में 10.8 मिमी बारिश हुई।

### फसल की रखवाली कर रहे किसान की हत्या

**भिंड :** मध्यप्रदेश के भिंड जिले के रावतपुरा थाना क्षेत्र में खेत पर सो रहे एक किसान की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी गयी। आज सुबह पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस सूत्रों ने आज बताया कि जिले के लहार अनुभाग के रावतपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम टोला में रहने वाला 45 वर्षीय बलराम दोहरे अपने खेतों पर कल रात के समय रखवारी के लिए सोया था। तभी कुछ लोग किसान के पास जा पहुंचे। मृतक बलराम पैरों से अपंग था। आरोपियों ने मृतक की बैसाखी छीन ली और उन्होंने लाठी-डंडों से मारपीट की। बलराम के सिर में चोट आने से उसकी मौत हो गयी। बलराम के परिजनों ने पुलिस के समक्ष हत्या का आरोप चार लोगों पर लगाया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी।

## आज का इतिहास

- 1509 : फ्रांस ने वेनिस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- 1827 : ब्रिटिश रसायनशास्त्री जॉन वॉकर ने माचिस की बिक्री शुरु की।
- 1919 : बाबेरियन सोवियत गणराज्य की स्थापना।
- 1921 : क्रांतिकारी नेता सनयात सेन चीनी गणतंत्र के प्रथम राष्ट्रपति बने।
- 1939 : इटली ने दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान अल्बानिया पर कब्जा किया।
- 1940 : बुकर टी वाशिंगटन अमेरिकी डाकटिकट पर छपने वाले पहले अश्वेत अमेरिकी बने।
- 1946 : सीरिया को में फ्रांस से आजादी मिली।
- 1948 : संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य मामलों की एजेंसी विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना हुई इसीलिए आज के दिन को 'विश्व स्वास्थ्य दिवस'के रूप में मनाया जाता है।
- 1969 : अमेरिकी सेना की एक परियोजना के रूप में इंटरनेट का जन्म।
- 1978 : अमेरिका के राष्ट्रपति जिमी कार्टर ने विवादास्पद न्यूट्रॉन बम के विकास और उत्पादन का काम पर रोक लगा दी।
- 1988 : अमेरिका ने नेवादा परीक्षण केंद्र में परमाणु परीक्षण किया।
- 1994 : रवांडा के राष्ट्रपति जुवेनल हेव्यारिमाना एवं बुरुंडी के राष्ट्रपति सिप्रियन न्तायमिटा का किगाली हवाई अड्डे पर राकेट हमले में निधन।
- 1998 : विश्व स्वास्थ्य दिवस को ''महिला चिकित्सा दिवस'' के रूप में मनाने का विश्व स्वास्थ्य संगठन की घोषणा।
- 2000 : भारत में दिल्ली पुलिस ने सन करोड़ों रुपए के क्रिकेट मैच फिक्सिंग और सट्टेबाजी के रैकेट का पर्दाफाश किया।
- 2000 : ब्राजील से विश्व के सबसे छोटे अख़बार 'योर आनर' का प्रकाशन प्रारम्भ।
- 2003 : अमेरिकी सेना ने इराक की राजधानी बगदाद को अपने नियंत्रण में लिया।
- 2008 : असम में प्रतिअबंधित उग्रवादी संगठन 'उल्फा' ने अपना 30वाँ स्थापना दिवस मनाया। दो दिवसीय भारत-अफ्रीका पहली शिखर बैठक नई दिल्ली में प्रारम्भ।

## 10 अप्रैल को सुनवाई

रांचीः मनी लॉउंड्रिंग केस के आरोपी दाहू यादव की जमानत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में 10 अप्रैल को सुनवाई होगी। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की अदालत में दाहु यादव की याचिका सूचीबद्ध है। दरअसल, साहेबगंज के मुफसिल थाना में वर्ष 2022 में कांड संख्या 28 दर्ज की गई है। प्राथमिकी में दाहु यादव पर आर्म्स एक्ट और हत्या के प्रयास का आरोप लगा है।

**पड़ताल** › झारखंड के नगर निकायों में नक्शे की स्वीकृति में पैसों के खेल मामले में कोर्ट के स्वतः

# नक्शा स्वीकृति की प्रक्रिया कैसे सरल हो बताएं, नक्शा स्वीकृति पर रोक जारी

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** झारखंड के नगर निकायों में नक्शे की स्वीकृति में पैसों के खेल मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान मामले की झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई गुरुवार को हुई। कोर्ट ने रांची नगर निगम से नक्शा स्वीकृति पर रोक जारी रखी है। सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन ने नक्शा स्वीकृति पर रोक हटाने को लेकर हस्तक्षेप याचिका (आईए) दाखिल की। जिस पर कोर्ट ने महाधिवक्ता से मौखिक पूछा है कि नक्शा स्वीकृति के दौरान फाइल के विभिन्न चरणों से गुजरने की प्रक्रिया पर संबंधित विभागों से विचार विमर्श करें और बताएं कि कैसे इसे सरल बनाया जाए ताकि लोगों को लोगो को नक्शा पास करने में कठिनाई नहीं हो।

कोर्ट ने महाधिवक्ता को इस संबंध में अगली सुनवाई में बताने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 20 अप्रैल को होगी। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। बता दें कि पिछली सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता ने कोर्ट से नक्शा स्वीकृति पर लगी रोक हटाने का आग्रह किया, जिस पर कोर्ट ने महाधिवक्ता को इससे संबंधित पिटिशन दाखिल करने को कहा था। बता दें कि इससे संबंधित खबर रांची के स्थानीय समाचार पत्र में छपी थी, जिस पर कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था। कोर्ट ने इस मामले को एलपीए 132 / 2012 के साथ टैग करने का निर्देश दिया था।

उल्लेखनीय है कि 20-30 रुपए प्रति वर्ग फीट चढ़ावा, तब पास होता है नक्शा शीर्षक से यह खबर छपी हुई है। इसमें कहा गया है की राज्य के नगर निकायों में नक्शा स्वीकृति के लिए अधिकतम शुल्क 8 रुपया प्रति वर्ग फीट है लेकिन निकायों में तय शुल्क के अलावा 30 रुपए प्रति वर्ग फीट तक चढ़ावा देकर नक्शा की स्वीकृति प्राप्त किया जाता है। नगर निकायों में नक्शा स्वीकृति के हर चरण पर चढ़ावे की रकम फिक्स कर दी गई है।

# रिटायर्ड रेंजर के घर डकैती, परिवार को बंधक बनाकर 40 लाख ले गए

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** राजधानी रांची के टाटीसिलवे थाना क्षेत्र स्थित आदर्श नगर में एक पूर्व रेंजर के घर में हथियारबंद अपराधियों ने बड़े डकैती कांड को अंजाम दिया है। सात की संख्या में आए हथियारबंद अपराधियों ने पूर्व रेंजर के परिवार को बंधक बनाकर 15 लाख रुपये नगद और करीब 35 लाख के जेवर लूट लिए।मिली जानकारी के अनुसार टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के आदर्श नगर में रहने वाले पूर्व रेंजर रूद्र नारायण प्रसाद के घर पर बुधवार की रात सात हथियार बंद अपराधियों ने अचानक धावा बोल दिया।

जिस समय अपराधी घर के अंदर आए उस समय घर का मुख्य दरवाजा खुला हुआ था, घर मे घुसते ही अपराधियों ने सभी सदस्यों को हथियार के बल पर बंधक बना लिया। बंधक बनाने के बाद सातों नकाबपोश अपराधियों ने लूटपाट शुरू कर दी। इस दौरान अपराधियों ने घर का कोना-कोना छान मारा। इस दौरान उन्हें जो भी महंगे सामान और जेवर मिले उसे भी अपने साथ बैग में रखते चले गए। लूटपाट के दौरान अपराधी बंधक बनाए हुए घर के सदस्यों को धमका भी रहे थे कि अगर वे जरा सा भी शोर मचाएंगे तो उन्हें गोली मार दी जाएगी, परिवार वालों के अनुसार सभी अपराधियों के हाथ में हथियार था।

पीड़ित रुद्र नारायण प्रसाद ने पुलिस को बताया है कि अपराधियों ने उनके घर से 15 लाख रुपए नगद और करीब 35 लाख रुपए के जेवर के साथ सब कुछ महंगे सामान भी लूट कर ले गए। मामले को लेकर गृह मलिक ने टाटीसिलवे थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई है।डकैती की सूचना पाकर टाटीसिलवे थाने की पुलिस मौके पर पहुंच मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है। पुलिस यह आशंका है कि इस कांड में लोकल अपराधियों का हाथ है। मौके पर का एफएसएल और डॉग स्कॉड की टीम को भी बुला कर जांच करवाई गई है, कुछ अहम सुराग पुलिस को हाथ लगे हैं, जिनके आधार पर अपराधियों की तलाश की जा रही है।

# 6640.113 हेक्टेयर भूमि का हो चुका है हस्तांतरण



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** झारखंड में वर्ष 2003 से लेकर अबतक 247 परियोजनाओं के लिए 6640.11 हेक्टेयर भूमि का हस्तांतरण हो चुका है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में लगभग 14 परियोजनाएं शुरू की गयीं और लगभग 813.283 हेक्टेयर भूमि का हस्तांतरण किया गया है। यह भूमि फॉरेस्ट कंजर्वेशन एक्ट के तहत हस्तांतरित की गयी है। इस जमीन का उपयोग क्षतिपूरक वनीकरण के लिए किया गया। यह आंकड़ा सरकार द्वारा पेश किये गये झारखंड इकोनॉमिक सर्वे 2022-23 के जरिये सामने आया है।सर्वे के अनुसार भूमि का उपयोग विभिन्न उद्देश्यों जैसे सड़क/पुल (52.48 प्रतिशत), खनन (30.67 प्रतिशत) और ट्रांसमिशन लाइन (7 प्रतिशत) के लिए हस्तांतरित किया गया है। चालू वित्तीय वर्ष के दौरान क्षतिपूरक वनीकरण के लिए करीब दो हजार हेक्टेयर भूमि भी प्राप्त हो चुकी है। जबकि, चालू वित्तीय वर्ष में डायवर्ट की गयी अधिकतम भूमि लगभग 596 हेक्टेयर खनन कार्य के लिए की गयी। सर्वे के अनुसार झारखंड में सबसे अधिक परियोजनाओं के लिए जमीन का हस्तांतरण हो चुका है। वर्ष 2010 में कुल 51 परियोजनाएं चालू हुईं।

## शिक्षा मंत्री के निधन पर समाहरणालय परिसर में



रांची :स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता एवं उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री जगरनाथ महतो के आकस्मिक निधन पर समाहरणालय परिसर में शोक सभा का आजोजन किया गया। डीसी राहुल सिन्हा सहित जिला के सभी पदाधिकारियों और कर्मियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा और उन्हें भावभीनी श्रंद्धाजलि दी। पदाधिकारियों और कर्मियों ने इस दुख की घड़ी में परिजनों को शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।बता दें कि जगरनाथ महतो का चेन्नई में इलाज के दौरान आज गुरुवार सुबह निधन हो गया। बीते 14 मार्च को मंत्री जगरनाथ महतो की तबीयत बिगड़ गयी थी। जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए रांची के पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बाद में उन्हें चेन्नई रेफर कर दिया गया था। शिक्षा मंत्री को एयरलिफ्ट कर चेन्नई ले जाया गया था।

## राजीव कुमार और कारोबारी अमित अग्रवाल की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः**मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी वकील राजीव कुमार और कारोबारी अमित अग्रवाल की ओर से दाखिल डिस्चार्ज अर्जी पर गुरुवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने अपना आदेश सुनाया है। इन दोनों आरोपियों की डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिया है। 27 अप्रैल को दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने मामले में आदेश सुरक्षित रख लिया था। दोनों ने आरोप गठन से पूर्व मामले में खुद को निर्दोष बताते हुए अदालत से आरोप मुक्त करने की अर्जी दाखिल की थी। बता दें कि ईडी ने 13 अक्टूबर 2022 को राजीव कुमार और अमित अग्रवाल के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। मामले में अब उनके खिलाफ आरोप गठन होना है।बता दें कि कोलकाता पुलिस के एआरएस विभाग ने हैरिसन स्ट्रीट में अवस्थित व्यावसायिक परिसर से बीते 31 जुलाई की रात को 50 लाख नकद के साथ अधिवक्ता राजीव कुमार को गिरफ्तार किया था। बाद में उनके खिलाफ ईडी ने मनी लाउंड्रिंग का मामला दर्ज किया था। जिसमें अमित अग्रवाल को भी आरोपी बनाया गया। अमित अग्रवाल और राजीव कुमार फिलहाल जमानत पर जेल से बाहर है।

हाई कोर्ट में हाजिर हुईं गृह सचिव वंदना डाडेल

# कोर्ट को बताया, जल्द तैयार हो जाएगा मॉर्डन जेल मेनुअल

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** झारखंड में मॉडर्न जेल मैनुअल बनाने के लिए हाईकोर्ट द्वारा लिए गए स्वतः संज्ञान पर सुनवाई हुई। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की अदालत में गुरुवार को सुनवाई हुई। इस दौरान राज्य की गृह सचिव वंदना डाडेल कोर्ट के समक्ष उपस्थित हुईं। इस दौरान अदालत ने उनसे पूछा कि अब तक जेल मैनुअल क्यों नहीं बना है ? जिस पर सचिव ने अदालत को आश्वस्त किया कि 2 माह में झारखंड का नया जेल मैनुअल बनकर तैयार हो जाएगा। वहीं महाधिवक्ता ने अदालत को बताया कि नया जेल मैनुअल प्रोसेस में है, और शीघ्र ही इसे बना लिया जाएगा। जिसके बाद अदालत ने सचिव के जवाब को रिकॉर्ड पर लेते हुए शीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही पूरी जानकारी से कोर्ट को अवगत कराने को कहा है। अदालत ने पिछली सुनवाई में राज्य सरकार से यह जानना चाहा था कि कब तक जेल मैनुअल बनकर तैयार हो जाएगा।

## पूजा सिंघल को सुप्रीम कोर्ट से मिली अंतरिम राहत बरकरार

रांची :मनी लॉन्ड्रिंग की आरोपी निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद शीर्ष अदालत ने उन्हें मिली अंतरिम राहत को एक सप्ताह के लिए विस्तार दिया है। पूर्व में सुप्रीम कोर्ट ने पूजा सिंघल को अंतरिम जमानत दी है। अब अदालत पूजा सिंघल की जमानत अर्जी पर 13 अप्रैल को सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस ए अमानुल्ला की बेंच में पूजा की बेल पिटीशन पर सुनवाई हुई।अंतरिम राहत मिलने से पूजा सिंघल को बड़ी राहत मिली है। बता दें कि इससे पहले फरवरी माह में भी सुप्रीम कोर्ट ने पूजा सिंघल को बेटी की बीमारी के आधार पर अंतरिम जमानत दी थी।

# रांची डीसी ने दलपति से पंचायत सचिव के पद पर नियुक्ति का दिया आदेश




राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने दलपति से पंचायत सचिव के पद पर नियुक्त करने का आदेश जारी कर दिया। चयन समिति की 11 जनवरी, 2023 को हुई बैठक में लिए गए निर्णय के अलोक में दलपतियों का उम्र क्षांति के साथ प्राप्त अनुमोदन के बाद 27 दलपतियों को पंचायत सचिव के पद पर अस्थायी रूप से नियुक्ति का आदेश दिया गया है। उपनिदेशक पंचायती राज विभाग के 2 फरवरी, 2023 के आदेश के आलोक में दलपतियों का उम्र क्षांति के साथ प्राप्त अनुमोदन के बाद दलपतियों को पंचायत सचिव के पद पर वेतनमान 5200-20200 एवं ग्रेड पे 2000 में सरकार द्वारा समय-समय पर प्रदत्त मंहगाई भत्ता एवं अन्य भत्ता पर अस्थायी रूप से नियुक्ति की जायेगी।झारखंड पंचायत सचिव (नियुक्ति सेवाशर्त एवं कर्तव्य) नियमावली (संशोधित) झ्र 2014 के आलोक में पंचायत सचिव पद पर नियुक्त व्यक्तियों को पदस्थापना के पूर्व छह माह का प्रशिक्षण अनिवार्य है।

इसमें तीन माह का सैद्धांतिक प्रशिक्षण एवं मूल्यांकन संबंधी कार्य प्रशिक्षण केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान हल, रांची में किया जाएगा। तीन माह के व्यवहारिक प्रशिक्षण के लिए पंचायत सचिव को नियुक्ति पदाधिकारी द्वारा प्रखंड / ग्राम पंचायत में प्रतिनियुक्त किया जायेगा। प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को निर्धारित पोशाक एवं आवश्यक समान के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। प्रशिक्षाणार्थी को प्रवेशिका या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होने, बोर्ड द्वारा प्रदत्त मूल प्रमाण पत्र साथ लाना आवश्यक होगा पुनः प्रशिक्षण उपरांत प्रशिक्षणार्थी को जिला पंचायत कार्यालय में योगदान देना होगा। योगदान के समय उन्हें असैनिक शल्य चिकित्सक-सह- मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र एवं आवासीय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।नवनियुक्त पंचायत सचिवों को 10 अप्रैल, 2023 तक प्राचार्य, केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, हेहल, रांची के समक्ष अनिवार्य रूप से अपना योगदान देना होगा ।

**लापरवाही** › लालपुर कोकर रोड में वेंडर मार्केट बनने के बावजूद शिफ्ट नहीं हो रहे हैं दुकानदार

# निगम पर अनियमितता बरतने का लगा रहे आरोप

राष्ट्रीय खबर




रांचीः राजधानी रांची में अतिक्रमण हटाने को लेकर जिला प्रशासन और नगर निगम की टीम लगातार प्रयासरत दिख रही है। इसी के मद्देनजर राजधानी रांची के लालपुर-कोकर मार्ग पर सड़क किनारे लग रहे दुकानों को सुसज्जित करने के लिए वेंडर मार्केट का निर्माण किया गया है। इसमें पहले लिस्ट में 74 दुकानदारों को दुकान मुहैया कराई गई है, लेकिन दुकान अलॉट होने के 6 दिन बाद भी अब तक किसी भी दुकानदार ने वेंडर मार्केट में अपनी दुकान शिफ्ट नहीं की है। दुकानदारों का कहना है कि दुकान अलॉट करने में निगम के द्वारा अनियमितता बरती गई है, क्योंकि वेंडर मार्केट में कई ऐसे दुकानदारों को दुकान मिली है, जो कोकर और लालपुर क्षेत्र के नहीं हैं, दूसरे मोहल्ले के हैं और उन्हें दुकान मुहैया कराया गया है। कई दुकानदारों ने कहा कि निगम की टीम के द्वारा दबाव बनाया जा रहा है। वैसे दुकानदारों पर भी निगम की टीम दबाव बना रही है, जिन्हें दुकान वेंडर मार्केट में मुहैया नहीं हुआ है।

इसको लेकर गुरुवार को भी नगर निगम की इंफोर्समेंट की टीम कोकर बाजार पहुंची थी और सड़क किनारे दुकान लगाए दुकानदारों को वेंडर मार्केट के अंदर शिफ्ट करने का प्रयास किया था। लेकिन स्थानीय दुकानदारों ने विरोध किया और वेंडर मार्केट में शिफ्ट होने से साफ मना कर दिया। जिसके बाद नगर निगम की तरफ से 2 दिनों का अल्टीमेटम दिया गया है। यदि 2 दिनों के अंदर दुकानदार अपनी दुकान वेंडर मार्केट में शिफ्ट नहीं करते हैं और अतिक्रमण नहीं हटाते हैं तो 2 दिनों के अंदर उन पर कार्रवाई की जाएगी।

डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय ने कहा कि जिन लोगों को दुकान फिलहाल मिल गई है, उन्हें तुरंत शिफ्ट करने का निर्देश दिया गया है। यदि कोई भी दुकानदार शिफ्ट करने में आनाकानी करते हैं तो उन पर कार्रवाई की जाएगी।


